खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 07 नवम्बर 2023 । वर्ष –67 । अंक –358 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ लगेगी आग तो जलेंगे... ■ जाति जनगणना भाजपा... 04
■ आतंकी निज्जर की हत्या के पीछे था भारत ■ कब और किन शर्तों पर गाजा पट्टी में हो ... 09
■ धान की पैदावार ने बढ़ाई चिंता, धीमी हुई... ■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी... 11
■ मेरे लिये अपने हीरो सचिन... ■ सेमीफाइनल में जगह के... 10




ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
ऑस्ट्रेलिया विरूद्ध अफगानिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

**सार संक्षेप**

## हीरालाल सामरिया बने मुख्य सूचना आयुक्त



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हीरालाल सामरिया को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को हीरालाल सामरिया को सीआईसी के प्रमुख के रूप में शपथ दिलाई। हीरालाल समारिया देश के पहले दलित मुख्य सूचना आयुक्त हैं। राजस्थान के भरतपुर जिले के रहने वाले समारिया 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मुख्य सूचना आयुक्त का पद तीन अक्टूबर को ही खाली हो गया था क्योंकि उस दिन वाई के सिन्हा का कार्यकाल खत्म हो गया था। सामरिया की नियुक्ति के बाद भी सूचना आयुक्त के आठ पद खाली हैं। सीआईसी में इस समय दो सूचना आयुक्त हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीआईसी और राज्य सूचना आयोगों में रिक्त पदों को भरने के लिए कदम उठाने का केंद्र एवं राज्य सरकारों को निर्देश दिया था। कोर्ट ने 30 अक्टूबर को कहा था कि अगर ऐसा नहीं होने पर सूचना का अधिकार कानून निष्प्रभावी हो जाएगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने डीओपीटी को राज्य सूचना आयोगों में मंजूर पदों, रिक्तियों और वहां लंबित मामलों की कुल संख्या सहित कई पहलुओं पर सभी राज्यों से जानकारी इकट्ठा करने को कहा था।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** नरेन्द्र तोमर के बेटे के वायरल वीडियो से बवाल मचा हुआ है।

**चुहिया- हां प्रिये-** चुनाव है, तरह-तरह की हिकमतें और हथकंडे देखने मिलेंगे।

### विधेयकों को लटकाये रखने पर सुप्रीम कोर्ट से राज्यपालों को कड़ी फटकार..

# कहा- राज्यपालों को पता होना चाहिए उन्हें जनता ने नहीं चुना

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आखिर राज्यपाल सरकार से तालमेल क्यों नहीं बिठा पाते। हर बार मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचता है। जबकि राज्यपाल को मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने से पहले ही सुलझा लेना चाहिए था।

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की ओर से देरी के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के खिलाफ सख्त तेवर दिखाए। इसके साथ ही राज्यपालों की विधेयकों और अन्य जरूरी फैसलों को लटकाये रखने की कार्यशैली पर भी कड़ी टिप्पणी की है। वहीं सुको ने कहा कि- दोनों पक्षों को आत्मावलोकन की अवश्यकता है।



**दोनों पक्षों को अपने अन्दर झांकने की जरूरत**


**कोर्ट में जाने पर ही क्यों होती है कार्रवाई- सुप्रीम कोर्ट**–चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राज्यपालों को थोड़ा आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है। राज्यपालों को इस तथ्य से अनजान नहीं रहना चाहिए कि वह निर्वाचित अधिकारी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा राज्य सरकारों के अदालतों में जाने के बाद ही राज्यपाल विधेयकों पर कार्रवाई क्यों करते हैं? इसे खत्म करना होगा कि राज्यपाल तभी काम करते हैं जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचता है। राज्यपालों को मामला कोर्ट में आने से पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने केन्द्र सरकार से राज्यपाल द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

## पूछा– समय पर फैसले क्यों नहीं हो रहे

### जवाब दाखिल करें सॉलिसिटर जनरल

सुप्रीम कोर्ट-वहीं, पंजाब के राज्यपाल की ओर से पेश हुएसॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्य के राज्यपाल ने उनके पास भेजे गए विधेयकों पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से दायर याचिका एक अनावश्यक मुकदमा है। सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल को पंजाब विधानसभा की ओर से पारित विधेयकों पर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की ओर से उठाए गए कदमों पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

# मप्र में सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही : प्रियंका



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों अपना दमखम लगाने में जुटी हैं। सोमवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर पहुंचीं प्रियंका गांधी ने राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। उन्होंने राज्य में क्राइम का ग्राफ बढ़ने का आरोप लगाया। वहीं उन्होंने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर पार्टी की तरफ से दी जाने वाली गांरटियों को विस्तार से दोहराया।

प्रियंका ने कहा सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा, 100 यूनिट बिजली माफ होंगे और 150 युनिट तक आधा बिजली बिल लिया जायेगा। वहीं 25 लाख रु. तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख तक का दुर्घटना बीमा देंगे। सरकारी नौकरी के खाली पद भरे जायेंगे। कांग्रेस की गारंटी के मुताबिक गैस सिलेंडर 500 रुपये में मिलेंगे। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### आपराधिक कानूनों में बदलाव का मामला

# तीन विधेयकों का मसौदा हुआ मंजूर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय दंड संहिता , दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन विधेयकों को गृह मंत्रालय की संसदीय कमेटी में स्वीकार कर लिए हैं। इसके साथ ही विपक्षी सदस्यों ने अपने असहमति वाले पत्र भी जमा कर दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि नियमों के अनुसार, अगले दो दिनों में कुछ और विपक्षी सदस्यों द्वारा असहमति पत्र सौंपे जाने की उम्मीद है।

**नहीं लग सकी थी मसौदे पर मुहर**–गृह मामलों की स्थायी संसदीय समिति की 27 अक्तूबर की बैठक में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीनों विधेयकों के मसौदे पर मुहर नहीं लग सकी थी। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम समेत विपक्षी सदस्यों ने कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल से ड्राफ्ट पर फैसला लेने के लिए दिए गए समय को तीन महीने बढ़ाने का आग्रह किया था। सदस्यों ने कहा था कि चुनावी लाभ के लिए इन विधेयकों को उछालना सही नहीं है। कमेटी ने उनकी मांग मान ली थी। हालांकि, अब ये विधेयक आज यानी छह नवंबर की बैठक में स्वीकार कर लिए।

### विपक्षी सदस्यों ने भी जमा कराए असहमति पत्र

**अगस्त में संसद में हुआ था पेश**–ये विधेयक 11 अगस्त को संसद में पेश किए गए थे। अगस्त में ही इससे जुड़ा ड्राफ्ट गृह मामलों की स्थायी समिति को भेजा गया था। कमेटी को ड्राफ्ट स्वीकार करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है।

**अमित शाह ने तीन कानूनों में बदलाव के विधेयक पेश किए**–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में 163 साल पुराने तीन मूलभूत कानूनों में बदलाव के बिल लोकसभा में पेश किए थे। सबसे बड़ा बदलाव राजद्रोह कानून को लेकर है, जिसे नए स्वरूप में लाया जाएगा। ये विधेयक इंडियन पीनल कोड , क्रिमिनल प्रोसिजर कोड और एविडेंस एक्ट हैं।

# 22 अवैध एप और वेबसाइट पर लगा प्रतिबंध

### सट्टेबाजी पर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की नकेल



**नई दिल्ली।** अवैध सट्टेबाजी मामले में केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने देश में अवैध सट्टेबाजी पर नकेल कसते हुए 22 अवैध एप और वेबसाइट पर प्रतिबंध का फरमान जारी किया है। अश्विनी वैष्णव के मंत्रालय से जारी प्रतिबंध आदेश के मुताबिक अवैध सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल एप्लिकेशन (एप) और वेबसाइट को ब्लॉक किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक महादेव बुक और रेड्डीअन्नाप्रिस्टोप्रो सहित 22 अवैध सट्टेबाजी एप और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई अवैध सट्टेबाजी ऐप सिंडिकेट के खिलाफ ईडी द्वारा की गई जांच और उसके बाद छत्तीसगढ़ में महादेव बुक पर छापे के बाद हुई है।

केंद्र सरकार के बयान के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार के पास आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत वेबसाइट/ऐप को बंद करने की सिफारिश करने की पूरी शक्ति थी। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया। अवैध सट्टेबाजी एप पर प्रतिबंध के लिए भूपेश बघेल की सरकार ने केंद्र सरकार से कोई अनुरोध नहीं किया। राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार का दावा है कि पिछले 1.5 वर्षों से महादेव एप मामले की जांच कराई जा रही है। दरअसल, ईडी से पहला और एकमात्र अनुरोध प्राप्त हुआ जिसका संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ सरकार को इसी तरह का अनुरोध करने से किसी ने नहीं रोका।

# तोमर के बेटे का वीडियो वायरल, तोमर बोले झूठा है

### कांग्रेस ने की जांच की मांग

ग्वालियर,(एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के दिमनी से भाजपा के उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का कथित वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में करोड़ों रूपए के लेनदेन की बात है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को कूटरचित बताते हुए पप्पू सिंह तोमर ने हजीरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज्य की राजनीति में रविवार की रात को हलचल मचाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस कथित वीडियो में दो लोग करोड़ों के लेनदेन की बात कर रहे हैं। ये दोनों व्यक्ति कौन हैं, इस बात की आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि करने को तैयार नहीं है, मगर इसे मंत्री के बेटे से जोड़कर प्रचारित किया जा रहा है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्वालियर निवासी पप्पू सिंह तोमर ने हजीरा थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि वीडियो वायरल करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

इस आवेदन में कहा गया है कि तथाकथित रूप से मेरे द्वारा करोड़ों के लेनदेन की बात कर दुष्प्रचारित किया जा रहा है। इस कूट रचित वीडियो में एडिटिंग कर मेरे विरुद्ध साजिश रची जा रही है तथा नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है। वीडियो क्लिप से मेरी सार्वजनिक छवि और ख्याति को हानि पहुंचाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर वायरल किया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि मेरे द्वारा ऐसी कोई भी धनराशि न मेरे किसी बैंक खाते में जमा हुई है और न ही मेरे परिवार के किसी बैंक खाते या मुझसे जुड़े किसी भी व्यक्ति के बैंक खाते में प्राप्त हुई है। यह पूरी तरह से झूठ और मनगढ़ंत है।

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के वायरल हुए वीडियो को लेकर कांग्रेस हमलावर है और पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इस पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से ज्यूडिशियल इंक्वायरी कराने और देवेंद्र को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

### एफआईआर दर्ज, वीडियो में करोड़ों रूपए के लेनदेन की हो रही बात

केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे के सामने आए कथित वीडियो को लेकर श्रीनेत ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि वायरल हो रहे वीडियो में देवेंद्र लखनऊ के एक बिचौलिए के जरिए माइनिंग कारोबारियों से करोडों रूपए लेने के लिए मल्टीपल बैंक अकाउंट के बंदोबस्त की बात करते हुए सुने जा सकते हैं। एक बिचौलिया उनसे अलग-अलग बैंक खातों के डिटेल भी मांगते हुए दिखाई दे रहा है। याद रहे कि नरेंद्र सिंह तोमर 2014 से 2019 के बीच केंद्रीय इस्पात और खनन मंत्री रह चुके हैं। वे मुरैना की दिमनी सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं।

# दिल्ली–एनसीआर में फिर हिली धरती

### 5.6 रही भूकंप की तीव्रता रही, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भी असर, नेपाल में था भूकंप का केंद्र

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और नेपाल में सोमवार को फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा नेपाल में सोमवार को एक बार फिर से बहुत तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। तीन दिन के बाद ही दूसरे भूकंप ने लोगों को डरा कर रख दिया है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में भी महसूस किए गए।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की है। भूकंप का केन्द्र के नेपाल में होने की पुष्टि की गई है।

# जम्मू–कश्मीर के राजौरी में सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा, एक टेम्पो ट्रैवलर वाहन कोटेरंका से राजौरी की ओर जा रहा था और पाल्मा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में कई लोगों को चोटें आईं, जिनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि अन्य को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

**शिक्षा**

### तंजानिया में आईआईटी मद्रास के सहयोग किया स्थापित

# देश के बाहर शुरू हुआ आईआईटी का पहला कैंपस

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** देश के बाहर आईआईटी का पहला कैंपस तंजानिया (जंजीबार) में सोमवार 6 नवंबर को प्रारंभ हो गया। तंजानिया में यह कैंपस आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित किया गया है। भारत सरकार के मुताबिक देश के बाहर यह पहला आईआईटी संस्थान तंजानिया और अन्य अफ्रीकी देशों के छात्रों को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान करेगा। साथ ही दोनों देशों और महाद्वीपों के बीच शैक्षिक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा।



आईआईटी मद्रास के जंजीबार परिसर का उद्घाटन जंजीबार के राष्ट्रपति और रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली मविनी ने किया। इसमें तंजानिया के अधिकारी, भारत के गणमान्य लोग, संस्थान के फैकल्टी और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह संस्थान डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीएस और एमटेक प्रोग्राम से शुरुआत करेगा। अगले वर्ष शिक्षा के अन्य प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। आईआईटीएम जंजीबार परिसर के पहले बैच में जंजीबार, मुख्य भूमि तंजानिया, नेपाल और भारत के विद्यार्थियों को प्रवेश मिला है। इनमें 40 प्रतिशत छात्राएं हैं।

**सभी जरूरी सुविधाएं होंगी उपलब्ध**

भारत सरकार चाहती है कि भारत की सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली दुनिया के अन्य देशों में पहुंचे। इस दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। आईआईटी मद्रास जंजीबार किसी आईआईटी का विदेश में पहला कैम्पस है। जंजीबार कैम्पस ब्वेलियो जिले में जंजीबार टाउन से लगभग 15 किमी दक्षिण में है। यहां छात्रों के लिए जरूरत की सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं है। संस्थान के स्थायी परिसर का निर्माण ज़ांज़ीबार सरकार और भारत सरकार मिल कर करेंगी।

कैम्पस के छात्रों के रहने के लिए आवास और सभी जरूरी सुविधाएं होंगी। संस्थान के कार्यालयों, कक्षाओं और सभागारों की उचित व्यवस्था कर ली गई है। कैम्पस के अंदर भोजनालय और एक औषधालय भी है। यहां खेल की सुविधाएं देने की योजना बनाई जा रही है।

आईआईटी मद्रास चेन्नई परिसर में उपस्थित आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने कहा कि जंजीबार कैंपस में शिक्षा प्रोग्राम में भारत सहित सभी देशों के विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। वे डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सभी पहलुओं की गंभीर शिक्षा प्राप्त करेंगे। इस दौरान उन्हें विदेश में पढ़ने, सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम जैसे कई दिलचस्प अवसर मिलेंगे।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## दिवाली के पहले बदलेगा मौसम

**भोपाल।** एमपी मौसम विभाग के अनुसार 15 नंवबर के बाद ही प्रदेश में सर्दी अपना असर दिखाना शुरू करेगी। इधर, 7 नवंबर को एक नया पश्चिम विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिससे अगले तीन-चार दिन तक रात के तापमान में गिरावट नहीं होगी, लेकिन इसके जाते ही पारा तेजी से गिरेगा और ठंड के तेवर तीखे होना शुरू हो जाएंगे। एमपी मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल दिवाली तक दिन-रात के तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। 7 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, इससे तापमान बढ़ेगी लेकिन इसके जाते ही ठंड जोर पकड़ेगी और अधिकतम तापमान में गिरावट आना शुरू हो जाएगी। अगले 24 घंटों में मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा। 15 नवंबर के बाद ठंड का असर तेज होने का अनुमान है।

## देश के एक और दुश्मन की मौत

# जम्मू में आर्मी कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड की मिली सिर कटी लाश




## लश्कर ए तैयबा का कमांडर था मृतक

**मुजफ्फराबाद।** हाल के समय में भारत के कई दुश्मनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब खबर आयी है कि साल 2018 में जम्मू में आर्मी कैंप पर हमले का मास्टरमाइंड पीओके में उसके घर में मृत पाया गया है। मृतक की पहचान ख्वाजा शाहिद के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ख्वाजा शाहिद की सिर कटी लाश मिली है। कुछ दिन पहले ख्वाजा शाहिद को अगवा किया गया था।

मृत पाया गया आतंकी लश्कर ए तैयबा का कमांडर था और साल 2018 में जम्मू के सुंजवान स्थित सेना के कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। इस हमले में आतंकियों ने एके-47 राइफल्स, ग्रेनेड के साथ आर्मी कैंप पर हमला किया था, जिसमें सेना के छह जवान शहीद हो गए थे। ख्वाजा शाहिद उर्फ मियां मुजाहिद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नीलम घाटी का निवासी था। ख्वाजा शाहिद को हाल ही में अज्ञात बंदूकधारियों ने अगवा किया था, जिसके बाद से ख्वाजा शाहिद का कुछ पता नहीं चल रहा था। पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ख्वाजा शाहिद का पता लगाने की कोशिशों में जुटीं थी कि अब उसकी लाश मिली है।

**चुन-चुनकर मारे जा रहे देश के दुश्मन**-बता दें कि देश के दुश्मनों को विदेशों में चुन-चुनकर मारा जा रहा है। हाल के समय में कई आतंकियों को अज्ञात लोगों ने विदेशी जमीन पर निशाना बनाया है। इनमें भारत में मोस्ट वांटेड शाहिद लतीफ, कैसर फारूख, जैश ए मोहम्मद आतंकी जहूर इब्राहिम उर्फ जाहिद अखुंद समेत कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर और पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह संधू की हत्याएं हुई हैं। सभी मामलों में हमलावरों का पता नहीं चल सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते 20 महीनों में भारत विरोधी 18 आतंकी अलग-अलग वजहों से मारे गए हैं। बीते महीने ही जैश ए मोहम्मद के करीबी सहयोगी दाउद मलिक की उत्तरी वजीरिस्तान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आतंकियों की इस तरह मौतों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी भी सकते में है और ऐसी खबरें हैं कि आईएसआई ने अपने गुर्गों को लेकर सतर्क हो गई है और कई की लोकेशन बदली गई है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा- संधा )**
**मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, सिहोरा**
फोन नंबर 07624-230449 ई मेल - eeshrmppkvvcl@gmail.com
विद्युत प्रकाशित
फोन करें 1912

क्रमांक : का.अ./सं.सं./सि/क्रय/1349 सिहोरा, दिनांक 06/11/2023

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि, सिहोरा के अंतर्गत 132 के.व्ही. मुरवारी से निकलने वाली 33 केव्ही खिरहनी लाइन के मेंटिनेंस कार्य करने हेतु निम्नानुसार विद्युत प्रदाय समय सुबह 09.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक अवरूद्ध रहेगा। आवश्यकतानुसार विद्युत प्रदाय की समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है:-

| क्र. | 33 के.व्ही. फीडर | दिनांक | प्रस्तावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम एवं फोन नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खिरहनी | 07/11/2023 मंगलवार | खिरहनी, सेलवारा, मढ़ाबंजर, बुधारी, व कुंडम विकासखंड के बघराजी एवं उससे निर्गत सभी 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | श्री जसवंत सिंह (सहा.अभि.) 9425802793 |

''बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें''

**कार्यपालन अभियंता (संचा-संधा)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. सिहोरा**



अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(माननीय सर्वोच्च न्याालय के डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (सार्वजनिक) में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 फैसले के अनुसार इंटरेस्ट और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

उम्मीदवार का नाम और पता: कपिल दुबे, गाडरवारा
राजनीतिक दल का नाम : स्वतंत्र
(निर्दलीय उम्मीदवारों को यहां स्वतंत्र लिखना चाहिये)
चुनाव का नाम : विधानसभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : गाडरवारा

मैं कपिल दुबे (उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सार्वजनिक जानकारी के लिये मेरे आपराधिक इतिहास के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं :

(ए) लंबित अपराधिक मामले

| सं. क्र. | न्यायालय का नाम | केस संख्या और दिनांक | केस की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| - | - | - | - | - |

(बी) दंडनीय अपराधों के सजा के मामलों के बारे में विवरण

| सं. क्र. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तारीख (तारीखें) | कार्यालय एवं दण्ड का विवरण | अधिरोपित अधिकतम सजा |
|---|---|---|---|
| 1 | अपर सा. न्यायालय गाडरवारा आ.दि. 20/12/1994 में दि. 8/7/2000 | जुर्माना राशि 1000/- | आजीवन कारावास |



फार्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: सुनीता पटेल पता 10- चारगाँव कला, पो. सूखाखैरी तहसील गाडरवारा, जिला-नरसिहपुर (म.प्र.)
राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 121 गाडरवारा

में सुनीता पटेल (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिध्दि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1 | श्रीमान् मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महोदय नरसिंहपुर जिला-नरसिहपुर | मा.क. 2031/2018 विचाराधीन | 188 भारतीय दंड संहिता लोकसेवक द्वारा विधिवत् रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता था हिज्बुत तहरीर

### एनआईए ने पूरी साजिश का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए की जांच से पता चला कि ।ह्वञ्ज के सदस्य मध्य प्रदेश में गुप्त रूप से अपने संगठन में लोगों को भर्ती कर रहे थे और अपने कैडर बना रहे थे। आरोप पत्र में यह भी कहा गया है कि आरोपी एचयूटी की कट्टरपंथी विचारधारा से प्रेरित थे, जिनका उद्देश्य हिंसक कृत्यों के माध्यम से भारत में शरीयत-आधारित इस्लामी राष्ट्र बनाना था। एनआईए ने जिन 17 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

### 17 आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

उनमें मोहम्मद आलम, मिस्बाह उल हसन, मेहराज अली, खालिद हुसैन, सैयद सामी रिजवी, यासिर खान, सलमान अंसारी, सईद दानिश अली, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद करीम, मोहम्मद अब्बास अली, मोहम्मद हामीद, मोहम्मद सलीम, अब्दुर रहमान, शेख जुनैद और मोहम्मद सलमान शामिल है। ये सभी एक संगठन के तौर पर पकड़े जाने से बचने के लिए अपनी हर गतिविधिक को गुप्त रखते थे। समान विचारधारा वाले लोगों को अपने समूह में जोड़ते थे और फिर गुपचुप तरीके से उन्हें ट्रेनिंग देने के लिए शिविर का आयोजन करते थे।

उनकी तैयारियों में उनके समूह के सदस्यों को हथियार-शूटिंग और कमांडो रणनीति का प्रशिक्षण शामिल था। उनकी योजनाएं और रणनीतियां पुलिस कर्मियों पर हमले और विभिन्न समुदायों के व्यक्तियों को निशाना बनाने तक फैली हुई थीं। इसका इरादा भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डालना था, जिसका स्पष्ट लक्ष्य लोगों में आतंक पैदा करना था। मामले में आगे की जांच जारी है।

## प्रधानमंत्री नेत्न्याहू के घर पर धरना

# मंत्री बर्खास्त, गाजा में तबाही मचा रहा इजराइल क्या खुद बंट रहा है?

**तेल अवीव।** हमास के हमलों का इजराइल बहुत ही आक्रामक तरीके से बदला ले रहा है। दिन रात गाजा पट्टी में इजराइल के मिसाइल तबाही मचा रहे हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इजराइल की आलोचना भी हो रही है, क्योंकि इजराइल के हमलों में हमास सदस्यों के अलावा आम नागरिकों की भी जान जा रही है। इस सबके बावजूद इजराइल अपने बंधकों को हमास से अबतक छुड़ा नहीं पाया है।

इसका गुस्सा इजराइल के अंदर भी दिखाई दे रहा है। इजराइल में रहने लोगों ने ही प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं, इजराइली पीएम ने अपने ही एक मंत्री को बर्खास्त कर दिया है। यानी इजराइल के अंदर ही हालात सही नजर नहीं आ रहे हैं। नेतन्याहू के इस मंत्री ने गाजा में परमाणु हमले की बात की थी। तेल अवीव में हजारों लोग नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

**तेल अवीव में क्रू नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन**-हमास के कब्जे से बंधकों को नहीं छुड़ा पाने को लेकर प्रदर्शनकारी नेतन्याहू की जमकर आलोचना कर रहे हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के इस्तीफे की भी मांग की। इजराइली झंडे लहराते हुए प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के लिए 'अब जेल जाओ के' नारे तक भी लगाए। बता दें कि गाजा पट्टी में 30वें दिन भी इजराइली सेना की कार्रवाई जारी है। इजराइली सेना गाजा में जमकर बम बरसा रही है।

गाजा में हमास के 2500 से ज्यादा ठिकाने ध्वस्त

इजराइली सेना हमास के ठिकानों को चुन-चुन कर तबाह कर रही है। इजराइली सेना ने अब तक हमास के 2500 से ज्यादा ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इजराइल के हवाई हमले में गाजा में करीब दो लाख घरों को नुकसान पहुंचा है। कई धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया है। स्कूल-कॉलेज पर भी हमला किया गया है। गाजा में 200 से ज्यादा शिक्षण संस्थान तबाह कर दिए गए हैं।

**गाजा में अब तक 9000 से ज्यादा लोगों की मौत**-इन सबके बावजूद इजराइली पीएम ने गाजा में युद्धविराम से इनकार कर दिया है। नेतन्याहू ने कहा है कि हमास पहले हमारे बंधकों को रिहा करे। जब तक रिहाई नहीं होंगे तब तक गाजा में हवाई हमले जारी रहेंगे। गाजा में इजराइली हमले में अब तक 9000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है जबकि हजारों की संख्या में लोग घायल हैं। इनमें करीब 4000 बच्चे शामिल हैं।


परिशिष्ट 43
(अध्याय 3 पैरा 3.8)
प्रारूप ग-1 से ग-3
प्रारूप ग-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की डब्ल्यूपी (सिविल) सं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 5 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार, (जनहित फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और एएनआर)
अभ्यर्थी का नाम एवं पता: राजेश पटेल पुत्र- श्री रामदास पटेल/ पता-33, पुरैना, तहसील-पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.) 483220
राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थियों को यहां ''निर्दलीय'' लिखना चाहिये)
निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 101 पनागर (सामान्य)

में राजेश पटेल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त उल्लिखित चुनाव का अभ्यर्थी अपने आपराधिक मामलों के बारे में निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक सूचना के लिए घोषणा करता हूँ :

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक अपराधों के लिए सजा के संबंध में मामलों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या तथा मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा संबंधित और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेश की तारीख | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड |
| 1 | लागू नहीं है | लागू नहीं है | लागू नहीं है | न्यायालय श्रीमान पी.सी. गुप्ता जेएमएफसी जबलपुर 08/05/2002 | 279, 337 भा. दं. वि. और दंड रूपये 700.00 |

राज्यों की परिषद के चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।



**अनुलग्नक 47** कोई भी मतदाता न छूटे
**प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA**
**प्रारूप C-1**
**( अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )**
**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

**अभ्यर्थी का नाम और पता** : नीरज सिंह ठाकुर (म.नं. 2337/144, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, शिव मंदिर के पास आस्था अपार्टमेंट, राईटटाउन, जबलपुर-482002)
**राजनीति दल का नाम** : भारतीय जनता पार्टी
**निर्वाचन का नाम** : विधान सभा
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 96-बरगी, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

मैं **नीरज सिंह ठाकुर**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

| (A) | लंबित आपराधिक प्रकरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.स | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ विशेष मजिस्ट्रेट (एम.पी.-एम.एल.ए.) जबलपुर म.प्र. | SCPPM 12/2018 अगली पेशी दि. 29/11/2023 | पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया है, आरोप तय होना है | 294, 353, 452, 506बी, 379 एवं 34 भा.दं.सं. परिवादी ज्योति सिंह (अभ्यर्थी की भाभी) बेवा.स्व नितिन सिंह द्वारा पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए घर में ही सास, जेठ आदि तक चोरी तथा उसे घर से निकालने हेतु जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़नायें देने बावत शिकायत थाना मदन महल में की जिस पर कार्यवाही न होने पर परिवाद न्यायालय में कार्यवाही बावत पेश किया गया जो पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया। |

| (B) | दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण | | |
|---|---|---|---|
| क्र.स | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय(यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
| | लागू नही | लागू नही | लागू नही |


## तालिबान ने पाकिस्तान को दी धमकी

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है। पाकिस्तान अपने देश से करीब 17 लाख शरणार्थियों को जबरन निकाल रहा है। इस मुद्दे पर तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान ने कहा कि पाकिस्तान इस भयानक ठंड में अफगान शरणार्थियों को देश से जबरन निकल रहा है, ताकि वह अपनी मांगों को मनाने के लिए दबाव डाल सके। आमिर खान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि अफगानिस्तान पाकिस्तान नेतृत्व के आगे कभी नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि सुपर पावर अमेरिका समेत तमाम दबाव का सामना करने के लिए तालिबानी नेतृत्व हमेशा से पूरी तरह तैयार रहा है। तालिबानी विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपने दो उद्देश्यों के लिए अफगानिस्तान के शरणार्थियों को निकल रहा है जबकि इसका अफगानिस्तान सरकार से कोई संबंध नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मप्र में सरकार महिलाओं....

स्कूली छात्रों का छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षा शुल्क नहीं लिए जाएंगे। प्रियंका गांधी के मुताबिक कांग्रेस गांव, किसान, बिजली, पानी, स्वास्थ्य- सब कुछ की गारंटी देगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म होता हैज्आपके प्रदेश (मध्य प्रदेश) में हर रोज़ 17 महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता हैज महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैंज्अब आपके सामने चुनाव है, आप चुनिए की क्या आपको फिर से इन्हें 5 साल देना है कि आप पर भ्रष्टाचार, अत्याचार, अपराध बढ़े? ज कल केंद्र के कृषि मंत्री के बेटे का एक वीडियो सामने आया जिसमें हजारों करोड़ की बातें हो रही हैंज्वहां अडानी जी सरकार की मदद से एक दिन में 1600 करोड़ रुपए कमा रहे हैं और देश का किसान एक दिन में 27 रुपए कमा रहा है।

खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➟ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 07 नवम्बर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 358 पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

### बढ़ते प्रदूषण के बीच दिल्ली सरकार ने किया फैसला

# दिल्ली में 13 से लागू होगा ऑड-ईवन

### शुरुआत में एक हफ्ते के लिए चलाई जाएगी ऑड- ईवन योजना

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच एक बार फिर दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन योजना लागू करने का फैसला किया है। ग्रैप के चौथे चरण लागू करने के साथ केजरीवाल सरकार ने ऐलान कर दिया है कि इस बार दिवाली के अगले ही दिन यानी 13 नवंबर से 20 नवंबर के बीच एक हफ्ते के लिए ऑड- ईवन स्कीम चलाई जाएगी। दिल्ली सरकार का कहना है कि इस एक हफ्ते में इस पर स्टडी की जाएगी कि क्या इस स्कीम से प्रदूषण में कोई कमी आई है या नही? अगर प्रदूषण के स्तर में किसी तरह की कमी नजर आती है तो फिर इसे आगे लागू करने पर भी विचार किया जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा इस ऑड ईवन के दौरान क्या तैयारियां की जाएंगी और इसे किस तरह से चलाया जाएगा इसको लेकर पहली बैठक 7 नवंबर को बुलाई गई है।

**चौथी बार लागू होगी योजना**-दरअसल, ये चौथी बार होगा जब दिल्ली की केजरीवाल सरकार ऑड- ईवन स्कीम को लागू करने जा रही है। इससे पहले साल 2016 में दो बार 1 जनवरी से 15 जनवरी 2016 तक इसे चलाया गया और फिर साल 2016 में ही 15 अप्रेल से 30 अप्रैल के बीच दिल्ली में ऑड-ईवन लगाया गया। वहीं तीसरी बार साल 2019 में 4 नवंबर से 15 नवंबर तक ऑड-ईवन फिर से लागू किया गया था।

**ऑड-ईवन योजना** -इस योजना के तहत जिस दिन ऑड नंबर की तारीख होगी उस दिन ऑड नंबर की रजिस्टर्ड गाड़ियां ही चलेगी, जबकि ईवन नंबर की तारीख वाले दिन ईवन रजिस्ट्रेशन नंबर की गाड़ियां ही सड़कों पर चलेगी। जैसे जिन गाडियों के रजिस्ट्रेशन नंबर का अंतिम नंबर 1,3,5,7 और 9 है। वे गाड़ियां 13, 15, 17 और 19 नवंबर को चल पाएंगी, जबकि जिन गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन संख्या का अंतिम नंबर 2, 4, 6, 8 और 10 है। वे 14, 16, 18 और 20 नवंबर को सड़कों पर चलेगी।

### सीएनजी गाड़ियों को मिलेगी छूट

इस दौरान सीएनजी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को पूरी तरह से छूट मिलेगी। इसके अलावा गलत दिन पर गलत नंबर की गाड़ी दिल्ली में चलाते हैं तो भारी जुर्माना भी भरना पड़ेगा। ऑड-ईवन स्कीम के दौरान सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़ाने के लिए बसों की संख्या भी बढ़ाने पर जोर देती है और मेट्रो के फेरे भी बढ़ाएं जाएंगे।

## समितियां गठित करने से प्रदूषण खत्म नहीं हो जाएगा : सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का मामला इतना गंभीर हो गया है कि अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में प्रदूषण के आकलन के लिए जिला स्तर पर एक स्थायी विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग वाली याचिका दाखिल हुई। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह से नीतिगत मामला है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि अगर देश भर के सभी जिलों में समितियां होंगी तो प्रदूषण खत्म हो जाएगा।

याचिका खारिज हुई-पीठ द्वारा मामले पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने पर याचिकाकर्ता के वकील ने जनहित याचिका वापस ले ली और मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया।

### अब पंजाब में आप नेता पर शिकंजा

## ईडी ने विधायक जसवंत सिंह को मीटिंग से उठाकर किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह गज्जनमाजरा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि जसवंत सिंह



अपने विधानसभा क्षेत्र अमरगढ़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे उसी वक्त ईडी की टीम वहां पहुंची और उनको अपने साथ लेकर चली गई।

जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम विधायक को एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय लेकर जा गई है। आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह पर इससे पहले साल 2022 में सीबीआई भी रेड डाल चुकी है। उन पर उनके परिवार के आधिपत्य वाली एक कंपनी के लिए लिए गए 40 करोड़ रुपए के फ्रॉड के मामले को लेकर जांच चल रही है। विधायक पर आरोप है कि उनके परिवार के आधिपत्य वाली कंपनी ने बैंक से करीब 40 करोड़ रुपए का लोन किसी कारण से लिया था, लेकिन बिजनेस में इस्तेमाल ना करके उसे पैसे का इस्तेमाल किसी और जगह किया गया। बाद में लोन की रिकवरी नहीं होने के बाद कंपनी को बैंक के द्वारा एनपीए घोषित कर दिया गया।

**सीबीआई ने जब्त की थी 17 लाख रुपए कैश**-सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई की रेड में करीब 17 लाख रुपए कैश के साथ-साथ कुछ विदेशी मुद्रा नोट और संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद किए गए थे। सीबीआई अभी इस मामले की जांच कर ही रही है कि अब इसमें ईडी की एंट्री हो गई है। ईडी की टीम अब मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करेगी।

### पीएफआई को अब सुप्रीम कोर्ट से झटका

## रोक को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** देश विरोधी गतिविधियों के लिए यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। शीर्ष न्यायालय ने पीएफआई की याचिका सुनने से मना कर दिया है। एफपीआई ने याचिका में बैन को चुनौती दी थी।

**सुप्रीम कोर्ट की सलाह**-सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनने से इनकार करते हुए कहा कि ये मामला पहले हाई कोर्ट में जाना चाहिए था।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता है। केंद्र के प्रतिबंध की पुष्टि करने वाले यूएपीए ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ पीएफआई ने याचिका खारिज की थी।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि पीएफआई के लिए न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ पहले उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना उचित होगा। पीएफआई की ओर से पेश वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने अदालत के विचार से सहमति व्यक्त की कि संगठन को पहले उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए था और फिर शीर्ष अदालत में आना चाहिए था। इसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी, लेकिन पीएफआई को उच्च न्यायालय जाने का अवसर दिया।

**पीएफआई ने याचिका में क्या अपील की?**-पीएफआई ने अपनी याचिका में यूएपीए ट्रिब्यूनल के 21 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी। इसके तहत केंद्र के 27 सितंबर 2022 के फैसले की पुष्टि की गई थी। केंद्र ने आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के साथ कथित संबंधों और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने की कोशिश के लिए पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाया था।



## मतदान से एक दिन पहले नक्सलियों ने किया छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी विस्फोट

**कांकेर।** कांकेर में मतदान से ठीक एक दिन पहले पखांजुर क्षेत्र के छोटेबेटिया थाना के तहत रेंगावाही धान खरीदी केंद्र के पास स्थिति पुलिया में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। आईईडी ब्लास्ट में जवानों की घायल होने की खबर है।

जवान सर्चिंग पर निकले थे तभी नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। चुनाव से पहले नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर में आज हुए आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ का एक जवान और मतदान दल के दो सदस्य घायल हो गए। बीएसएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी कांकेर जिले के थाना छोटेबेटिया के चार मतदान दलों को लेकर कैम्प मारबेड़ा से रेंगाघाटी रेंगागोंदी मतदान केन्द्र जा रही थी। घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति सामान्य है।

### दो मतदान कर्मी और बीएसएफ जवान घायल

इस विस्फोट के बाद ऐंटी नक्सली फोर्स ने नक्सली इलाकों में गश्त तेज कर दी हैं और मतदान केन्द्रों तथा चुनाव सामग्री वितरण केन्द्रों के आस-पास से लेकर मतगणना स्थलों और अन्य प्रमुख जगहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

## तीन बड़े मुस्लिम देश रद्द करवाने में मदद करेंगे कतर में फंसे 8 भारतीय नौसेना अफसरों की फांसी

**नई दिल्ली।** कतर में फांसी की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों की फांसी की सजा रद्द होने की उम्मीद अब बढ़ गई है। अब तक भारत निजी तौर पर कूटनीति और आर्थिक घेराबंदी करके कतर पर दबाव बना रहा था। मगर अब भारत के तीन भरोसेमंद मुस्लिम देश भी इस काम में भारत की मदद कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक ये तीन देश हैं सउदी अरब , यूएई और ओमान। उल्लेखनीय है कि इन अफसरों को मौत की सजा मिलने के बाद भारत सरकार ने हर संभव कानूनी मदद देने का भरोसा दिलाया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पीड़ित परिवारों से मिलकर राजनीतिक, कूटनीतिक और कानूनी स्तर पर सभी तरह के उपायों से इन अफसरों को फांसी से बचाने का भरोसा दिलाया था।



जबलपुर, मंगलवार 07 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में

पिछले साल राहुल गांधी ने लंदन में जब कहा कि भाजपा ने पूरे देश में नफ़रत का केरोसिन छिड़क दिया है, तो भाजपा के प्रवक्ता ने तत्काल 1984 के सिख विरोधी दंगों का हवाला देते हुए कांग्रेस को ही घासलेट डालने वाली पार्टी बताने की कोशिश की थी। लेकिन अब अपने ही एक नेता के नफ़रत भरे बयान की आंच में भाजपा खुद झुलसती नज़र आ रही है। दरअसल राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बाबा बालकनाथ के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में पार्टी के नेता संदीप दायमा- जो खुद पिछले चुनाव में इसी क्षेत्र से प्रत्याशी थे, ने कहा, कि 'कुछ लोग हमें धर्म और जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं, हमें बहुत समझदार होने की ज़रूरत है। जिस तरह से मस्जिद और गुरुद्वारे बनाए गए और छोड़ दिए गए, वे आगे चलकर नासूर बन जाएंगे। इसलिए हमारा धर्म है कि नासूर को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए। अलवर के सांसद बाबा बालकनाथ अब इस काम को पूरा करेंगे'।

इस बयान पर हंगामा तो होना ही था। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तो अपना रोष जताया ही, शिरोमणि अकाली दल ने भी भाजपा का विरोध किया। और तो और, भाजपा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने संदीप के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग कर दी। हालांकि दायमा ने इस बीच अपने बयान पर माफी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया और सफ़ाई दी कि वे अपने भाषण में दरअसल मस्जिद-मदरसे का ज़िक्र करना चाहते थे, लेकिन उनके मुंह से मदरसे की जगह गुरुद्वारे निकल गया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझसे यह ग़लती कैसे हो गई। मैं उन सिखों का अपमान करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, जो हमेशा हमारे सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए जाने जाते हैं।' दूसरी तरफ बाबा बालकनाथ ने पत्रकारों से कहा कि 'दायमा से पाप हो गया है, लेकिन उम्मीद है कि सिख समुदाय उसे माफ़ कर देगा'।

दायमा ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को भी माफ़ी मांगते हुए चिट्ठी लिखी लेकिन सिख समुदाय न तो दायमा के वीडियो से, न ही उनकी चिट्ठी से संतुष्ट है। अलवर ही नहीं, राजस्थान के दूसरे शहरों और पंजाब में भी वह अपना आक्रोश जताने सड़कों पर उतर आया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने दायमा के भाषण पर नाराजगी ज़ाहिर करते हुए कैथल जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। एक वीडियो में जिला प्रशासन (शायद कोटा) के अफसरों को सिख समुदाय के नेता चुनाव आयोग के नाम ज्ञापन देते और सवाल पूछते दिखाई दे रहे हैं कि कि 'देश में चुनाव आयोग नाम की कोई चीज़ है या नहीं? अगर है तो महसूस क्यों नहीं हो रहा? एक आदमी मंच से मस्जिदों-गुरुद्वारों को नासूर बता रहा है तो चुनाव आयोग क्या कर रहा है'? सिख नेता आगे कहते हैं कि 'नासूर तो दरअसल भाजपा और दायमा जैसे फ़िरकापरस्त लोग हैं'।

हालांकि चुनाव आयोग ने दायमा को नोटिस जारी कर दिया है और भाजपा ने भी उन्हें निष्कासित कर दिया है। लेकिन सवाल ये है कि दायमा ने अगर गुरुद्वारे की जगह मदरसे ही कहा होता तो क्या आयोग और भाजपा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करते? ध्यान रहे, नफ़रत की ये भाषा केवल सिखों, मुसलमानों या ईसाईयों के लिये नहीं बोली जा रही है, आम तौर पर भाजपा को समर्थन देने वाला जैन समाज भी इसकी चपेट में आ गया है। बाबा बालकनाथ एक हिन्दू पुजारी हैं और भाजपा के सांसद हैं, तो भाजपा के ही सांसद रहे महेश गिरी अब जूनागढ़ के पीठाधीश्वर और गुरु दत्तात्रेय ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। उन्होंने गिरनार तीर्थ में दिगंबर जैन संतों के आने पर उनके साथ हिंसा की बात कही, जिस पर जैन समाज ने अपना आक्रोश दिखाया तो महेश गिरी ने कहा कि उन्होंने नागा साधुओं के लिए वह बात कही थी, जैन संतों के लिए नहीं। दरअसल, गिरनार को भगवान नेमिनाथ की निर्वाण स्थली माना जाता है, लेकिन गिरी के मुताबिक वह भगवान दत्तात्रेय का स्थान है और जैनियों का वहां कोई अधिकार नहीं बनता।

कहना न होगा कि सिख समुदाय की तरह जैन समाज भी उद्वेलित है। सिख समुदाय ने अगर इस बात पर ऐतराज़ किया है कि दायमा के भाषण पर योगी आदित्यनाथ ताली बजा रहे थे तो गिरी के बारे में जैन समाज पूछ रहा है कि ऐसे आदमी को सांसद क्यों बनाया गया था। उसका कहना है कि 2013 में भी महेश गिरी की शह पर मुनि प्रबल सागर महाराज पर कातिलाना हमला किया गया था, जिसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन हुआ था। लेकिन गिरी पर कोई कार्रवाई करने के बजाय भाजपा ने उन्हें पूर्वी दिल्ली से लोकसभा का टिकट दे दिया। अब एक बार फिर जैन समाज पूरे देश में आंदोलन के रास्ते पर है। अभी उसने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे हैं और कहा है कि महेश गिरी पर कार्रवाई नहीं हुई तो दिगंबर जैन मुनि और आर्यिकाएं दिवाली नहीं मनाएंगे, बल्कि उस दिन वे अन्न-जल भी ग्रहण नहीं करेंगे। यह दिवाली जैन समाज के लिए काली दिवाली होगी।

दायमा का पार्टी से निष्कासन शायद एक तात्कालिक समाधान हो, लेकिन गिरनार मामले में सरकार क्या कोई कदम उठाएगी- खास तौर से तब जब उसके गृह मंत्री स्वयं जैन समाज से ताल्लुक रखते हैं और उसी गुजरात से आते हैं जहां यह बवाल खड़ा हुआ है और उसकी जड़ में भगवा बिरादरी का ही एक सदस्य है। इससे भी बड़ा सवाल ये है कि लगभग एक ही समय में घटे इन दो प्रसंगों से क्या भाजपा कोई सबक लेगी!

एक बार फिर राहत इन्दौरी का शेर याद आता है -

'लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में
यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है...'

# जाति गणना: संघ-भाजपा की दुरंगी नीति



राजेन्द्र शर्मा

**जाति गणना की मांग के इस बढ़ते दबाव का मुकाबला करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ''जाति के आधार पर बांटने की साजिश'' का झूठा हौवा खड़ा करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, खुले आम ''हिंदुओं के बंटने'' की शिकायत, चुनाव के लिए सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने की श्रेणी में आ सकती थी या कम से कम ऐसी आलोचनाएं तो आकर्षित कर ही सकती थी। इसलिए, प्रधानमंत्री ने बड़ी चतुराई से बांटने की शिकायत को तो ज्यों का त्यों रखा, बस ''हिंदुओं'' की जगह, ''गरीबों'' कर दिया! इस तिकड़म से जाति सर्वे को, जिसमें गरीबों-वंचितों का ही सबसे ज्यादा हित है, गरीबों को बांटने का षडयंत्र बना दिया गया!**

जाति गणना के मुद्दे पर, जो उत्तरी भारत में खासतौर पर तेजी से जोर पकड़ रहा है, भाजपा की दशा सांप-छंछूदर वाली हो गयी है। उससे न उगलते बन रहा है और न निगलते। छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में चुनाव के मौजूदा चक्र में, भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है, जो जाति गणना का मुद्दा जोर-शोर से उठा रही है। विडंबनापूर्ण है कि इसके लिए पेश किया जा रहे मुख्य तर्क को जिस एक आसान से नारे में सूत्रबद्ध किया जा रहा है, वह पचास-साठ के दशकों में कांग्रेस के मुखर विरोधी रहे, समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया ने दिया था—जिसकी जितनी गिनती भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी! इस सरल से सिद्धांत को झुठलाने की बदहवास कोशिश में संघ-भाजपा के शीर्ष नेता ऐसी परस्पर विरोधी बातें कह रहे हैं, जो उनके विश्वसनीयता को ही गिराने का काम कर रही हैं।

चुनाव के मौजूदा चक्र की तारीखों के एलान से भी पहले से, खासतौर पर छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में अपनी चुनावी सभाओं में, खुद प्रधानमंत्री मोदी को जाति-गणना की मांग के खिलाफ दो आम दलीलें देते हुए देखा गया है, जो आपस में जुड़ती भी हैं। पहली दलील तो यही है कि जाति की गणना, बांटने का काम करेगी। समझना मुश्किल नहीं है कि संघ परिवार के नेता जब ''बांटने-बंटने'' की चिंता जताते हैं, तो उनका आशय किस विभाजन से होता है! जाहिर है कि जाति गणना से उनकी शिकायत यही है कि इससे ''हिंदू'' बंट जाएंगे। लेकिन, जाति की सचाई के आधार पर हिंदू कहे जाने वाले तो, पहले ही बंटे हुए हैं।

दूसरों यानी गैर-हिंदू कहलाने वालों से नफरत के सहारे, हिंदू कहे जाने वालों के जाति के आधार पर बंटे होने की सचाई पर ऊपर-ऊपर से पर्दा डालकर, इस विभाजन को छुपाने की संघ-भाजपा तथा उनके सगोत्रों की कोशिशों के बावजूद, जातिगत दर्जे की सच्चाई भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्यत: जन-जीवन को इतना ज्यादा नियंत्रित करती है कि उसे नकारना किसी भी तरह संभव नहीं है। वास्तव में इस सच्चाई को नकारना, ऊंच-नीच पर आधारित, विशेषाधिकारों-निषेधों की इस व्यवस्था को और पुख्ता करने का ही काम करता है। जाहिर है कि जाति की सचाई का इस तरह नकारा जाना, इस विभाजन में विशेषाधिकार की स्थिति-प्राप्त ऊंची जातियों के ही हित में जाता है क्योंकि यह उनके विशेषाधिकारों को ही अदृश्य कर, अजर-अमर बनाने की व्यवस्था करता है। और संघ-भाजपा तथा उनके भाई-बंद, विचारधारात्मक रूप से इसी सवर्ण-विशेषाधिकारवादी या ब्राह्मणवादी व्यवस्था के पोषक हैं।

जाति गणना के जरिए, इस विभाजन के विभिन्न घटकों के अनुपात की सचाई के सामने आने में, प्रधानमंत्री मोदी समेत उनके संघ परिवार को हिंदुओं का ''विभाजन'' ही अगर दिखाई देता है तो इसीलिए कि यह गणना, जाति-विभाजन पर आधारित मौजूदा संतुलन को अस्थिर कर सकती है; उसमें बदलाव की प्रक्रियाओं को आगे बढ़ा सकती है। इसीलिए, एक राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा और उसके द्वारा नियंत्रित सरकार, हमेशा से हर दस साल पर होने वाली जनगणना में, जाति-जनगणना का पहलू शामिल किए जाने का विरोध करती आयी है। पिछली सदी के आखिरी दशक के आरंभ से उठी पिछड़ा वर्ग के आंदोलन की जबर्दस्त लहर में इस तबके के लिए एक हद तक शिक्षा व रोजगार में आरक्षण की व्यवस्था अपनाए जाने के बावजूद, इन आरक्षणों के आधार के रूप में जाति गणना का उसका विरोध बना ही रहा है। यहां तक कि पिछले दशक के पूर्वार्द्ध में, वर्तमान मोदी सरकार के आने से पहले राज्यों के आधार पर, सामाजिक-आर्थिक दर्जे की जो गणना की भी गयी थी, उसे भी तरह-तरह के बहानों से दफ्न ही कर दिया गया।

इसी पृष्ठभूमि में लंबे संघर्ष के बाद बिहार में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने 2022 के जून के आरंभ में जातिगत सर्वे कराने की अधिसूचना जारी की थी। खास बात यह थी कि बिहार की विशेष परिस्थितियों में और आम तौर पर पिछड़े वर्ग के बढ़ते दबाव में तथा गठबंधन सरकार की मजबूरियों के चलते, अनिच्छापूर्वक ही सही भाजपा भी जाति सर्वे को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हो गयी। इस तरह एक विसंगतिपूर्ण स्थिति पैदा हो गयी, जहां भाजपा बिहार के स्तर पर कम से कम औपचारिक रूप से जाति गणना का समर्थन कर रही थी, जबकि देश के स्तर पर भाजपा और उसकी केंद्र सरकार, जनगणना में जाति-गणना का पहलू शामिल किए जाने का कड़ा विरोध कर रही थीं। यहां तक कि अब से मुश्किल से दो महीने पहले तक, जब बिहार के जाति सर्वे के नतीजों की घोषणा को रुकवाने में हाई कोर्ट के विफल रहने के बाद, सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी, केंद्र सरकार द्वारा दायर किए गए मूल एफीडेविट में, राज्य के ऐसी कोई गणना करने के अधिकार को चुनौती ही दी गयी थी। लेकिन, हवा का रुख भांपकर केंद्र सरकार ने इस मामले में फौरन पल्टी मारी और एफीडेविट में संशोधन करा के, राज्य के ऐसा सर्वे कराने के अधिकार को मान्यता दे दी।

उसके बाद से बिहार में, आंशिक रूप से इस जाति सर्वे के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। उधर कर्नाटक तथा ओडिशा में भी कोई जाति सर्वे मौजूद होने की खबर है, जबकि आंध्र प्रदेश में भी किसी प्रकार का जाति सर्वे चल रहा बताया जाता है। और विधानसभाई चुनाव के वर्तमान चक्र में कांग्रेस के जाति सर्वे का मुद्दा प्रमुखता से उठाने के बाद, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की कांग्रेसी सरकारें, जाति सर्वे कराने के संकल्प की घोषणा कर चुकी हैं जबकि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश तथा तेलंगाना में भी जाति सर्वे कराने का एलान किया है।

जाति गणना की मांग के इस बढ़ते दबाव का मुकाबला करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ''जाति के आधार पर बांटने की साजिश'' का झूठा हौवा खड़ा करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, खुले आम ''हिंदुओं के बंटने'' की शिकायत, चुनाव के लिए सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने की श्रेणी में आ सकती थी या कम से कम ऐसी आलोचनाएं तो आकर्षित कर ही सकती थी। इसलिए, प्रधानमंत्री ने बड़ी चतुराई से बांटने की शिकायत को तो ज्यों का त्यों रखा, बस ''हिंदुओं'' की जगह, ''गरीबों'' कर दिया! इस तिकड़म से जाति सर्वे को, जिसमें गरीबों-वंचितों का ही सबसे ज्यादा हित है, गरीबों को बांटने का षडयंत्र बना दिया गया! और इसका उपदेश दिया जाने लगा कि हम तो एक ही जाति जानते हैं—गरीब। गरीब ही सबसे बड़ी जाति है। उसी को बांटने की कोशिश की जा रही है, आदि, आदि।

लेकिन, इससे कोई यह नहीं समझे कि संघ-भाजपा सिर्फ जाति के यथार्थ के ब्राह्मणवादी नकार पर ही अडिग हैं। सत्ता हासिल करने को सर्वोपरि मानने वाले संघ-भाजपा, इतने यथार्थवादी जरूर हैं कि वे जातिगत विभाजन के यथार्थ के दोहन की संभावनाओं को भी, हाथ से नहीं जाने दे सकते हैं। जाति के दो पक्ष हैं। एक आंतरिक यानी जाति विशेष के रूप में पहचान का। दूसरा, जाति व्यवस्था के अंतर्गत यानी इस व्यवस्था के दूसरे घटकों के बरक्स हैसियत या दर्जे का। इस जातिगत पहचान की राजनीति, सामाजिक यथास्थिति को जरा भी अस्थिर नहीं करती है और इसीलिए, इसको साधने में संघ-भाजपा ने खूब महारत हासिल कर ली है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि नरेंद्र मोदी एक ही सांस में 'एक ही जाति—गरीब, ही मानने' का भी दावा करते हैं और उसी सांस में इसका झूठा रोना भी रोते हैं कि 'मैं क्योंकि ओबीसी हूं, इसलिए विरोधी मुझे गालियां देते हैं!' अगर एक ओबीसी को प्रधानमंत्री होकर भी गालियां खानी पड़ती हैं, तब तो और भी जरूरी है कि जाति गणना कराकर, जातियों की वास्तविक स्थिति सामने लायी जाए, ताकि ठोस आधार पर उनके हालात में बदलाव के लिए कदम उठाए जा सकें! लेकिन, मोदी सरकार को जनगणना में जाति का पहलू शामिल करना मंजूर नहीं है। पिछली सदी के तीस के दशक की जनगणना में आखिरी बार, जाति गणना को शामिल किया गया था। यानी अनुसूचित जातियों व जनजातियों को छोड़ दें तो, जातिगत गिनती और अनुपात के हमारे आंकड़े, सौ साल से भी ज्यादा पुराने हैं। इसके बावजूद, 2021 की देरी से होने वाली जनगणना में, वर्तमान सरकार के इस पहलू को शामिल करने के अब तक कोई संकेत नहीं हैं। इन हालात में बढ़ती संख्या में राज्यों में जाति गणना की मांग उठ रही है। मौजूदा कानून के अनुसार, जनगणना चूंकि केंद्र के ही अधिकार क्षेत्र में आती है, राज्य सरकारें जाति सर्वे या ऐसे ही दूसरे नामों से ही, इस तरह की गणना करा सकती हैं। बिहार के उदाहरण से स्पष्ट है कि राज्यों के स्तर पर जाति-गणना न सिर्फ संभव है बल्कि कई कामों के लिए जरूरी भी हो सकती है। फिर भी, राज्य स्तर पर ऐसी गणना की अपनी गंभीर सीमाएं हैं। प्रामाणिक जाति गणना, जनगणना के हिस्से के तौर पर ही हो सकती है और उसी से विभिन्न सामाजिक संस्तरों की वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति की, अपेक्षाकृत पूरी तथा तुलनात्मक तस्वीर सामने आ सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जाति गणना की मांग का बढ़ता हुआ दबाव, खुद अपने राजनीतिक हितों के लिए ही, संघ-भाजपा को भी इसके लिए मजबूर करेगा कि वे अमित शाह की इस तरह की चतुर जुम्लेबाजी से आगे बढ़ें कि 'भाजपा ने तो जाति गणना का कभी विरोध नहीं किया' और अगली जनगणना में जाति-गणना को शामिल किए जाने का रास्ता साफ हो।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# पाकिस्तानी सेना की चाह- पूर्व पीएम नवाज शरीफ चुनाव लड़ें और जीतें

■ हरिहर स्वरूप

**शरीफ और उनसे पहले बेनजीर भुट्टो के विपरीत, इमरान खान संविधान के तहत नागरिक सर्वोच्चता को लेकर सेना के साथ टकराव करने वाले राजनेता नहीं थे। वह यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि उनका वर्चस्व पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के लिए सार्वजनिक अनुमोदन से अधिक था और वह स्थायी राज्य तंत्र से अधिक मजबूत थे। सेना ने कड़ी कार्रवाई के साथ जवाब दिया, जिसे अधिकांश राजनीतिक अभिजात वर्ग का समर्थन प्राप्त था।**

कई वर्षों के निर्वासन के बाद नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी का जश्न तभी राजनीतिक जीत में बदलेगा, जब देश का सैन्य प्रतिष्ठान, जिसने छह साल पहले उन्हें राजनीति से बाहर कर दिया था और अब उनके हालिया विद्रोह में मदद की, अपने व्यवहार में बुनियादी तौर पर बदलाव करेगा। अब तक, ऐसा लगता है कि प्रतिष्ठान शरीफ को इमरान खान के उदार लोकलुभावनवाद के एक जरूरी विकल्प के रूप में देखता है।

शरीफ की वापसी से चुनाव कराना आसान हो जायेगा जिसमें वह जीत सकते हैं। लेकिन इतिहास इस बारे में आशावाद का कारण नहीं देता है कि निर्वाचित होने पर वह अपना कार्यकाल पूरा करने में सक्षम होंगे और नीति निर्माण में उन्हें खुली छूट होगी। वह पहले भी तीन बार प्रधानमंत्री चुने जा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें अपना कार्यकाल पूरा किये बिना ही पद से हटा दिया गया। 1993 में राष्ट्रपति के एक आदेश द्वारा उन्हें पद से हटा दिया गया। 1999 में एक सैन्य तख्तापलट द्वारा उन्हें अपदस्थ कर दिया गया। फिर 2017 में, उन्हें न्यायिक आदेश द्वारा प्रधानमंत्री बनने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

उन्होंने पिछले तीन वर्षों में, विशेष रूप से सेना के प्रमुख भर्ती क्षेत्र पंजाब में, एक मजबूत समर्थन आधार बनाये रखा। लेकिन उनकी एक के बाद एक सेना प्रमुखों के साथ आमने-सामने की बातचीत नहीं हुई है, जिनमें से कई को शरीफ ने नियुक्त किया था। विवाद का सामान्य मुद्दा सुरक्षा और विदेश नीतियों और सैन्य नेताओं के नीतियों को निर्धारित करने के अधिकार पर मतभेद रहा है। अब सवाल यह है कि क्या शरीफ का चौथा कार्यकाल पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के साथ घातक विवाद के साथ समाप्त होगा।

जुलाई 2018 के चुनावों की पूर्व संध्या पर, जिसने इमरान खान को कार्यालय में लाया, निकट भविष्य में शरीफ की वापसी की भविष्यवाणी की गई थी... 'भले ही सेना वोट डाले जाने के बाद एक चयनित प्रधानमंत्री को कार्यालय में स्थापित करने में सफल हो जाती है, यह एक विश्वसनीय, प्रभावी, नागरिक मुखौटा बनाने के अपने मूल उद्देश्य में सफल नहीं होगा। शरीफ की कैद से उनके पतन की साजिश रचने वाले जनरलों और कर्नलों की सेवानिवृत्ति के बाद लंबे समय तक उनका (या उनकी बेटी का) राजनीतिक कॅरियर खत्म नहीं होगा।

वास्तव में यही है जो हुआ। जनरलों की पसंद, इमरान खान, सर्वशक्तिमान प्रतिष्ठान के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गये, जितना कि कोई भी अन्य राजनेता कभी नहीं रहा होगा। पद से हटाये जाने के बाद, पूर्व क्रिकेटर ने उग्र प्रदर्शन किया जिससे पाकिस्तान के बाहरी संबंधों के साथ-साथ घरेलू व्यवस्था को भी खतरा पैदा हो गया। उनकी गिरफ्तारी से क्रोधित होकर, खान के प्रशंसकों ने सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला कर दिया - ऐसा कुछ जो पाकिस्तानी राज्य के घोषित दुश्मनों ने भी नहीं किया था।

शरीफ और उनसे पहले बेनजीर भुट्टो के विपरीत, इमरान खान संविधान के तहत नागरिक सर्वोच्चता को लेकर सेना के साथ टकराव करने वाले राजनेता नहीं थे। वह यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि उनका वर्चस्व पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के लिए सार्वजनिक अनुमोदन से अधिक था और वह स्थायी राज्य तंत्र से अधिक मजबूत थे। सेना ने कड़ी कार्रवाई के साथ जवाब दिया, जिसे अधिकांश राजनीतिक अभिजात वर्ग का समर्थन प्राप्त था, लेकिन सैन्य शासन लागू करने की उसकी अनिच्छा को देखते हुए, उसे एक लोकप्रिय राजनीतिक विकल्प की भी आवश्यकता थी।

शरीफ की वापसी, और उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों और मामलों को तेजी से पलटना, चुनाव कराने की प्रतिष्ठान की इच्छा का परिणाम है जिसमें खान नहीं जीते। प्रतिष्ठान के दृष्टिकोण से, चुनाव जीतने और शासन दोनों में शरीफ के अनुभव को देखते हुए, आत्ममुग्ध क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की तुलना में शरीफ अधिक सुरक्षित हाथ होंगे। लेकिन शरीफ को एक और कार्यकाल देने की सत्ता प्रतिष्ठान की इच्छा कुछ कठिन जमीनी हकीकतों का प्रतिबिंब है।

जिस समय शरीफ को निर्वासन के लिए मजबूर किया गया था, पाकिस्तानी पंजाब शरीफ के सत्ता-विरोधी अनुयायियों के बीच विभाजित था, जो मानते थे कि लोकतंत्र को सुरक्षित करने के लिए सत्ता से लड़ना भ्रष्टाचार से लड़ने से ज्यादा महत्वपूर्ण था, और इमरान खान के सत्ता-समर्थक समर्थकों ने वही दोहराया जो प्रत्येक पाकिस्तानी तख्तापलट करने वाले का मंत्र था: पाकिस्तान के राजनेता आम तौर पर भ्रष्ट होते हैं, लोकतंत्र के कार्यशील होने से पहले भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाना चाहिए, और राजनेताओं को उनके स्थान पर रखने के लिए जनरलों और न्यायाधीशों की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं।

## पावन प्रसंग

# बड़ी सफलता नियमित प्रयास की परिणति

बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताएं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा, आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का प्रयास करना चाहिए ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थायी एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थायी सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थायी सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थायी एवं पानी के बुलबुले की तरह है और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# शिक्षकों की कमी शिक्षा में बेहतर बदलाव के लिए बाधक

शिक्षा के जरिए ही प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़िवादी सोच दूर होती है। व्यक्ति में वैज्ञानिक सोच और भौतिक-अभौतिक, विज्ञान आदि का सम्यक ज्ञान से जीवन खुशहाल होता है। शिक्षित व्यक्ति ही अच्छाई और बुराई में फर्क समझ सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि शिक्षा का सर्वप्रथम उद्देश्य है व्यक्ति का चरित्र निर्माण, सजग नागरिक बनाना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करना है। पूरे देश में शिक्षा में सुधार के लिए अलग-अलग राज्यों की सरकारें काम कर रही हैं। बुनियादी संरचना जैसे-भवन निर्माण, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने में सरकारी मशीनरी लगी रहती है। वहीं छात्रों के सर्वांगीण विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन धरातल पर कम दिख रहा है।

प्रयोगशाला व पुस्तकालय नहीं रहने की वजह से छात्रों को समुचित ज्ञान नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर शिक्षकों की कमी की वजह से विषयवार कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। इस संबंध में, पारू प्रखंड के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदकेवारी के प्रधानाध्यापक जयराम साह बताते हैं कि विद्यालय में क्लासरूम की कमी नहीं है। लेकिन फिर भी इंटरमीडिएट की पढ़ाई को सुचारू ढंग से चलाना मुश्किल है क्योंकि यहां उच्चतर माध्यमिक के एक भी विषय के शिक्षक नियुक्त नहीं हैं। ऐसे में बच्चों का अनुपस्थित होना लाजिम है। यहां कुल नामांकित 799 बच्चों का भविष्य 14 शिक्षकों के भरोसे है। वहीं जिले के साहेबगंज प्रखण्ड स्थित हुस्सेपुर दोबंधा में संचालित मध्य विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में केवल कक्षा 1 से 5 तक के ही शिक्षक हैं। दूसरी ओर विद्यालय को अपग्रेड करते हुए 11-12वीं के लिए कोड आबंटित किया जा चुका है। विद्यालय में 337 छात्र-छात्राओं का नामांकन है। वर्ग 9-10वीं में 120 छात्रों का नामांकन है। वहीं इंटरमीडिएट में 62 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं लेकिन शिक्षकों के अभाव के कारण पठन-पाठन बिल्कुल ठप हैं। इस स्कूल के एक शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्राइमरी शिक्षक के भरोसे उच्चतर माध्यमिक व माध्यमिक छात्रों का भविष्य है। वहीं प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह बताते हैं कि इस विद्यालय में किसी भी चीज़ की कमी नहीं है, अच्छे भवन हैं, छात्र-छात्राओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं हैं, केवल शिक्षकों की कमी है। जो सबसे बड़ी बाधा है।

स्कूल की समस्या पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सिंह का कहना है कि वर्तमान में बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा शिक्षा में सुधारात्मक कार्रवाई रंग ला रही है। जिस-जिस विद्यालय में भवन की कमी है, शिक्षकों की कमी है, बच्चों को बैठने के लिए डेस्क-बेंच की कमी है, उसमें विभाग विद्यालयों को राशि आबंटित कर रहा है।

शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मृत्युंजय कहते हैं कि सरकार की यह कवायद मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिले के स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक है, तो शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षा विभाग को तत्काल बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करनी होगी। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण भी समय-समय पर आवश्यक है।

**फूलदेव पटेल, मुजफ्फरपुर बिहार**

## पूर्व, केंट, पश्चिम और सिहोरा के उम्मीदवारों ने दिया चुनाव का खर्च का ब्यौरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखे परीक्षण हेतु निर्धारित की गई तिथियों के अनुसार प्रथम चरण के परीक्षण हेतु रविवार को जिले की शेष चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों जबलपुर पूर्व, जबलपुर केंट, जबलपुर पश्चिम एवं सिहोरा के 37 में से 30 उम्मीदवारों ने अपने चुनाव अभियान पर अब तक खर्च हुई राशि का ब्यौरा सहायक व्यय प्रेक्षकों को प्रस्तुत किया है। इन चारों विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण के निर्वाचन व्यय लेखे के परीक्षण हेतु रविवार 5 नवम्बर की तारीख तय की गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचल सोनकर ने 2 लाख 26 हजार 976 रूपये, तो लखन घनघोरिया ने 2 लाख 30 हजार 642 रूपये 80 पैसे।

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व से चुनाव लड़ रहे सभी छह उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार पर अभी तक के खर्च का ब्यौरा प्रथम चरण में परीक्षण हेतु प्रस्तुत कर दिया गया है। इनमें अंचल सोनकर ने 2 लाख 26 हजार 976 रूपये, लखन घनघोरिया ने 2 लाख 30 हजार 642 रूपये 80 पैसे, बालकिशन चौधरी ने 8 हजार 055 रूपये, अरविंद कुमार बिरहा ने 5 हजार रूपये, गजेन्द्र सोनकर ''गज्जू'' ने 51 हजार 277 रूपये तथा विष्णु मलिक ने 5 हजार रूपये के चुनाव खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया है।

अभिषेक चिंटू चौकसे द्वारा 85 हजार 599 रूपये तो अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा 3 लाख 82 हजार 351 रूपये विधानसभा क्षेत्र जबलपुर कंेट से चुनाव लड़ रहे पन्द्रह उम्मीदवारों में से 12 ने प्रथम चरण में निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण हेतु प्रस्तुत किया है। इनमें अभिषेक चिंटू चौकसे द्वारा 85 हजार 599 रूपये, अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा 3 लाख 82 हजार 351 रूपये, राजेश कुमार वर्मा द्वारा 68 हजार 364 रूपये, इंजीनियर राजेश कुमार सिंह द्वारा 24 हजार 500 रूपये, एडवोकेट अनिल रैदास द्वारा 5 हजार रूपये, देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा 10 हजार रूपये, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी (अधिवक्ता) द्वारा 19 हजार 500 रूपये, इंजीनियर राजीव कुमार गुप्ता द्वारा 10 हजार रूपये, अजय कुमार मिश्रा द्वारा 10 हजार रूपये, उमेश सिंह द्वारा 13 हजार 250 रूपये, नितेश कुमार पांडे द्वारा 10 हजार रूपये एवं राजकुमार द्वारा 5 हजार रूपये अब तक अपने चुनाव अभियान पर खर्च होना बताया गया है। केंट विधानसभा क्षेत्र के तीन उम्मीदवार प्रथम चरण में निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुये। इनमें अरूण गायकवाड, रामदयाल मानव उर्फ (गौंड कुम्हार मानव) एवं शशि स्टैला शामिल है। तरूण भनोत ने 1 लाख 78 हजार 201 रूपये, तो राकेश सिंह ने 7 लाख 3 हजार 836 रूपये अभी तक खर्च किया है।

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम से चुनाव लड़ रहे दस में से सात उम्मीदवारों ने निर्वाचन यय लेखा का परीक्षण संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक से कराया है। इनमें तरूण भनोत ने 1 लाख 78 हजार 201 रूपये, राकेश सिंह ने 7 लाख 3 हजार 836 रूपये, पीयुष वर्मा ने 10 हजार 940 रूपये, ब्रम्हानंद बैरागी ने 10 हजार 500 रूपये, रमेश धार्वे ने 10 हजार 500 रूपये, राम प्रसाद कुशवाहा ने 10 हजार 650 रूपये एवं विष्णु कुमार जारोलिया ने 10 हजार 450 रूपये की राशि अभी तक अपने चुनाव अभियान पर खर्च होने की जानकारी दी है। जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तीन उम्मीदवार एड. दिनेश कुमार कुशवाहा, गीता पाठक एवं सचिन गुप्ता निर्वाचन व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुये।

### 7 अनुपस्थित उम्मीदवारों को जारी होगा नोटिस

एकता ठाकुर ने 7 लाख 66 हजार 944 रूपये तो संतोष वरकड़े ने 6 लाख 200 रूपये इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सिहोरा से चुनाव लड़ रहे छह उम्मीदवारों में से पांच ने अभी तक के अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रस्तुत किया है। इनमें एकता ठाकुर ने 7 लाख 66 हजार 944 रूपये, इंजीनियर सुभाष सिंह मरकाम ने 5 लाख 7 हजार 770 रूपये, संतोष वरकड़े ने 6 लाख 200 रूपये, शिव प्रसाद धुर्वे ने 1 लाख 34 हजार 775 रूपये एवं श्री मोहन सौंधिया ने 5 हजार रूपये अभी तक खर्च हुई राशि का ब्यौरा दिया है। इस विधानसभा क्षेत्र के एक उम्मीदवार डॉ. संजीव वरकड़े प्रथम चरण में निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण कराने उपस्थित नहीं हुये। जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रथम चरण के निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण के लिये प्रस्तुत नहीं करने वाले सभी सात उम्मीदवारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी के साथ शेडो रजिस्टर से उम्मीदवार द्वारा उपने निर्वाचन व्यय लेखे में चुनाव अभियान पर अभी तक खर्च होना बताई गई राशि का मिलान नहीं होने पर जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के चार उम्मीदवारों अंचल सोनकर, लखन घनघोरिया, बालकिशन चौधरी एवं गजेन्द्र सोनकर ''गज्जू'', जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के दो उम्मीदवार अभिषेक चिंटू चौकसे एवं इंजीनियर राजेश कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के तरूण भनोत एवं राकेश सिंह तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र की उम्मीदवार एकता ठाकुर को भी नोटिस जारी किया जा रहा है।

## बिना बिल एवं ई-वे बिल के पकड़े गये दो ट्रक

### स्टेट जीएसटी के एन्टी इवेजन ब्यूरो ने लखनादौन में की कार्यवाही




### बरतन, हार्डवेयर, गोंद, ऑटो पार्ट्स और एसएस के तार बिना बिल्टी लाये जा रहे थे

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी के एन्टी इवेजन ब्यूरो की जांच टीम ने संयुक्त आयुक्त गणेश सिंह कंवर के निर्देशन पर लखनादौन के समीप दो गाड़ियों को शक के आधार पर पकड़ा। जानकारी के मुताबिक जांच टीम द्वारा प्रगति रोड लाईंस की आउट टू आउट की दो गाड़ियां जिसमें पहली गाड़ी का नम्बर आर जे 11 जीबी 0230 एवं आरजे जीबी 1156 लखनादौन के पास शक के आधार पर जांच के लिए पकड़ी। उनमें से एक गाड़ी आरजे 11जीबी 0230 की भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें जांच के दौरान गाड़ी में कुल माल 153 बण्डल पाया गया। जिसमें से 79 बंडल माल बिल एवं ईवेबिल सहित पाया गया। जबकि 74 बण्डल माल बिना बिल एवं ईवे बिल का पाया गया।

इस प्रकार गाड़ी में 48.36 प्रतिशत माल बिना बिल एवं ईवे बिल यानी कच्चे का पाया गया। जो माल बिना बिल एवं ईवेबिल का पाया गया है उसमें 68 बण्डल बर्तन के, हार्डवेयर के 6 पैकेट, एसएस क्वाईल्स, गोन्द का एक पैकेट व आटो पार्टस के तीन बण्डल पायेगा। बताया जाता है कि प्रगति रोड लाईंस की दूसरी गाड़ी आरजे जीबी 1156 का भौतिक सत्यापन होना शेष है।

## कोई भ्रम में न रहे जीतेगी तो भाजपा ही : रविकिशन



अशोक रोहाणी के पक्ष में फिल्म अभिनेता ने की सभा

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अशोक ईश्वर दास रोहाणी ने सोमवार को रामनगर, उदयनगर, हैदर कम्पाउण्ट, पंचमुखी हनुमान मंदिर, तिलहरी में सघन जनसंपर्क किया। मसीह चर्च तिलहरी, पेंटीनाका, सदर, आजाद नगर, खमरिया, गायत्री नगर, नीलम का बगीचा, अमन अपार्टमेंट, गोविंद भवन, बर्न कंपनी, आईवरी टावर, कृष्णा कचनार, टीचर्स कॉलोनी, चैतन्य सिटी, गोरा बाजार, छिबला, राममंदिर कजवारा, राजुल सिटी, राजुल आशियाना, ए.पी.आर. कटंगा, सहित कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह रोहाणी का नागरिकों द्वारा पुष्पहार, तिलक वंदन से स्वागत किया गया।

मशहूर फिल्म अभिनेता, गोरखपुर लोकसभा सांसद रविकिशन की आमसभा मान्या गार्डन, अधारताल, मुखर्जी चैक, नानक नगर, रांझी, बिलहरी में केंट विधानसभा प्रत्याशी अशोक रोहाणी के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए रविकिशन ने कहा कि ''कोई भ्रम में न रहे जीतेगी तो भाजपा ही। इस अवसर पर भाजपा के रिंकू विज, नंदकुमार यादव सर्वेश मिश्रा, गुड्डा केवट, ऋषि यादव, बाबा श्रीवास्तव, रिक्की यादव, विजय शंकर मौजूद थे।

## शासकीय ठेका सेवाकर्मियों को मानदेय नही वेतनमान के रूप मिलेगा न्याय : तरुण भनोत



कांग्रेस प्रत्याशी ने गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में किया जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनसंपर्क के बारहवें दिन कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत ने गिरिराज किशोर कपूर वार्ड के अंतर्गत गुप्तेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर भोले बाबा अपार्टमेंट, नेशनल कॉलोनी, अर्धनागेश्वर मंदिर से कैलाशपुरी होते हुए खेरमाई मेन रोड, कृपाल चौक, क्रिश्चियन मोहल्ला, ईसाई मोहल्ला में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र के प्रमुख जनहितैषी मुद्दों पर आमजनों से चर्चा की और जनसमर्थन के लिए अपील की। इस मौके पर भानोत कहा कि शासकीय ठेका सेवाकर्मियों को मानदेय नहीं वेतनमान के रूप में न्याय दिलाया जायेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता द्वारिका मिश्रा, दविंदर सिंह पाल (लाली), अशोक सूर्यवंशी, डॉ. रंजीत भदौरिया, बब्लू ज्ञानेंद्र, राजा सागवान, संतोष गुप्ता, प्रहलाद साहू, परमानंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य क्षेत्रिय जन उपस्थित रहे।

## एक इंस्पेक्टर से मुलाकात नाटक का मंचन - नाटक के रहस्य ने खूब छकाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना के 29 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह के पांचवें दिन अभिनव रंगमंडल उज्जैन द्वारा नाटक 'एक इंस्पेक्टर से मुलाकात' का मंचन किया गया। नाटक का रहस्य दर्शकों को मन ही मन गुत्थी सुलझाने में व्यस्त रखे था। नाटक दर्शकों ने बहुत पसंद किया। आज समारोह का अंतिम दिन था। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक अनिलरंजन भौमिक इलाहाबाद से और शरद शबल इंदौर से आए। नाटक के पश्चात होने वाली गोष्ठियां में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विवेचना द्वारा मंच पर उनका सम्मान किया गया। विवेचना की ओर से बांकेबिहारी ब्यौहार ने सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। यह नाटक जे बी प्रीस्टले द्वारा लिखा गया नाटक एन इंस्पेक्टर कॉल्स का रूपांतर है। मिस्टर खन्ना के घर में पार्टी चल रही है। इस नाटक के बहाने हर आदमी के अंदर की सचाई बाहर आती है। नाटक के अंत में विवेचना की ओर से हिमांशु राय, अनिल श्रीवास्तव, बांकेबिहारी ब्यौहार मनु तिवारी अजय धाबर्डे द्वारा कलाकारों का स्वागत किया गया और अभिनव रंगमंडल उज्जैन के निर्देशक शरद शर्मा को निशा दुबे द्वारा बनाया गया स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शरद शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हम लोगों को विवेचना द्वारा बार बार अवसर दिया जाता है इसके लिए हम आभारी हैं। जबलपुर का नाट्य समारोह पूरे देश के रंगकर्मियों को आकर्षित करता है।

## विनय सक्सेना को आशीर्वाद देने घरों से निकले क्षेत्रीय वासी



डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड में सघन जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने सोमवार को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने प्रत्याशी विनय सक्सेना के मिलनसार व्यवहार और क्षेत्रीय पार्षद सहित उनके द्वारा कराए गए कार्यों की दिल खोलकर सराहना की। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने प्रत्याशी विनय सक्सेना से कहा कि चिंता मत कीजिए इस बार अपने विधायक के लिए चुनाव हम लड़ रहे हैं। जनसंपर्क क्षेत्रीय पार्षद अदिति अतुल बाजपेई के नेतृत्व में उनके निवास स्थान से प्रारंभ हुआ। सक्सेना ने भंडारी बाबा मंदिर, समदड़िया कॉम्प्लेक्स चेरीताल, हरदौल मंदिर, मिश्र बंधु कार्यालय, मंजू तेली की गली, वृंदावन दुबे की गली आदि में संपर्क किया।

इसमें सुखदेव यादव, राजेंद्र यादव, सतीश उपाध्याय, जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजेश मिश्रा, राशिद सुहेल सिद्दीकी, बाबू विश्वमोहन, जुगल श्रीवास, शामिल रहे।

## पश्चिम में आबादी बस्तियों का होगा नियमितीकरण : राकेश सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर पश्चिम की समन्वित विकास योजना में बस्तियों के नियमितीकरण पर जोर दिया जायेगा। आबादी बस्तियों की भूमि, राजस्व भूमि से परिवर्तित की जाएगी तथा सभी आबादी बस्तियों का नियमितीकरण किया जायेगा, यह बात पश्चिम क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने दादा वीरेंद्र पूरी वार्ड में जनसंपर्क के दौरान कही।



वीरेंद्र पूरी वार्ड में जनसम्पर्क

भाजपा प्रत्याशी सिंह ने वीरेंद्र पूरी वार्ड के पुष्प नक्षत्र मन्दिर चिकनी कुंआ से जनसंपर्क प्रारम्भ किया यहाँ से सुनहरी कुँआ, मेन रोड गढ़ा, पंडा की मढ़िया, कोरी मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, शारदा मंदिर, पुरवा रोड, पानी की टंकी, सरस्वती ज्ञान मंदिर, रामलीला मैदान, ब्राह्मण मोहल्ला, भगवान गेविनाथ मन्दिर क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

इस अवसर पर शैलेंद्र विश्वकर्मा, राहुल साहू, दसई प्रजापति, रूपेश श्रीवास्तव, जितेंद रविकांत, अभिषेक सराफ, पप्पू खटीक, शामिल रहे।

### दीपावली पर कानून व्यवस्था बनाये रखने की कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को दी जिम्मेदारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आदेश जारी कर समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार) को अपने-अपने क्षेत्र में दीपावली के पर्व के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है। आदेश में उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाये रखने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर श्री सुमन ने निर्देशों में कहा है कि सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में समस्त फटाका भण्डारण एवं विक्रय स्थलों का निरीक्षण कर आपदा की स्थिति में स्थलों पर अग्निशमन यंत्र, पानी के टेंकर्स, बालटियों में रेत (बालू) आदि की मौके पर उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि फटाका विक्रय स्थलों में प्रत्येक दुकान टीन शेड युक्त हो तथा दुकान के मध्य एवं आमने-सामने पर्याप्त अंतर रहे। फटाका दुकान स्थल बिजली के तार के नीचे न लगाई जायें एवं अस्थाई बिजली कनेक्शन के तार खुले न हों। फटाका दुकान बस्ती बसाहट क्षेत्र, स्कूल आदि के पास न लगाई जायें। फटाका लाईसेंस में चिह्नित स्थलों पर ही फटाका दुकान लगाई जायें। ऐसे फटाका दुकान जिनकी अनुमति जारी नही हुई है, उनको तत्काल हटाकर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही तत्काल की जाये। सभी अपर जिला मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत पर्यवेक्षण करने के निर्देश भी जिला दंडाधिकारी ने दिये हैं।

## उत्कृष्ट राष्ट्र की नीव है, मतदान




**जबलपुर, देशबन्धु।** नववर्ष फाउंडेशन के तत्वाधान में वर्ल्ड ब्लाइंड ऑर्गनाइजेशन द्वारा संचालित नेत्रहीन कन्या छात्रावास में दीपावली मिलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि दीपावली पूर्व हम उन छात्राओं को कुछ तोहफे दे सके,विनीत कुमार जी के सहयोग से छात्रावास की सभी छात्राओं को सलवार सूट एव ठंड से बचने हेतु जैकेट का वितरण कर मुह मीठा करवाया गया। इसी कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त नेत्रहीन कन्याओं ने बताया कि सभी के पास वोटर आईडी कार्ड है एवं सभी छात्राएं अपने मत का प्रयोग करती हैं. संस्था के अध्यक्ष वर्षा राठौर ने कहा कि महिलाओं को अपने परिवार के सभी अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान इंजी. नवनीत राठौर, एडवोकेट अंशुमन शुक्ला, श्री संजय भाटिया, सुप्रिया भाटिया,शोभा नय्यर, सविता वंशिका राठौर आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने लागू की ऐतिहासिक योजनाएं : अभिलाष पांडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए विचार एवं चिंतन कर योजनाएं संचालित की है ताकि प्रदेश का प्रत्येक वर्ग साथ साथ आगे बढ़कर समृद्ध मध्यप्रदेश में अपना योगदान दे सके इसी के साथ युवाओं के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक योजनाएं लागू की है, यह बात उत्तर विधानसभा कि भाजपा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने अग्रसेन वाार्ड में जनसंपर्क के दौरान कही। इस मौके पर कमलेश अग्रवाल, शंकर श्रीवास्तव, अतुल जैन दानी, संतोष लालवानी, अजय तिवारी, दिलीप दुबे, जरताज अहमद, निजाम कुरेशी, गोविंद रैकवार, दयांकर, नीलू गोस्वामी, बंटी पाल मौजूद थे।



मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड में जनसंपर्क

## हर समाज के उत्थान के लिए मेरा जीवन समर्पित : घनघोरिया

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के तहत महर्षि अरविंद वार्ड में विधायक प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जन सम्पर्क आरम्भ किया। मरही माता मंदिर कत्यानी माता, बकरा मार्केट, चौधरी मोहल्ला, पानी की टंकी, कश्यप मोहल्ला, लकड़गंज चौक, छुई मोहल्ला, जाट मोहल्ला, खटीक मोहल्ला, वंशकार मोहल्ला में सघन जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि अनुसूचित जाति एवं विमिल घर्म के लोग रहते है। मेरी धारण है कि हर समाज के उत्थान के लिए मेरा जीवन समर्पित रहेगा। जनसंपर्क के दौरान अभिषेक चंदेल, दिलीप जाट, शैलेन्द्र कुंडे, मधु यादव, पांडू कश्यप, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, लता कश्यप, पवन वंशकार, पप्पू लोधी, बिज्जू पसेरिया, मनीष सोनावरे, शेख शहजाद, कल्लू राजू बैन, सागर जाट, लडडू यादव, विष्णु विनोदिया, विवेक प्रजापति, शामिल थे।



महर्षि अरविंद वार्ड में जनसम्पर्क

## निगमायुक्त के सार्थक प्रयासों से शहर की वायु गुणवत्ता में आया सुधार

### त्यौहारों पर हरित पटाखों का उपयोग तथा कचरा तथा अपशिष्टों न जलाने की अपील

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु नगर निगम जबलपुर द्वारा निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार व्यापक एवं सार्थक प्रयास किया गया, और निगम का यह प्रयास आगे भी जारी है, ताकि शहर के नागरिक स्वच्छ वायु में अपने जीवन का आनंद ले सकें। निगम प्रशासन के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही नगर निगम जबलपुर त्यौहारों के समय शहर को स्वच्छ वायु गुणवत्ता कायम रखने में सफल हुआ है, प्रदेश के दूसरे शहरों की अपेक्षा जबलपुर की स्वच्छ वायु गुणवत्ता नागरिकों के लिए उत्कृष्ट है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक 15 दिन की अधतन स्थिति में जबलपुर - 128, भोपाल - 157, ग्वालियर - 162, इंदौर - 169, स्वच्छ वायु गुणवत्ता मापदण्डों पर हैं। इस प्रकार जबलपुर शहर की वायु गुणवत्ता भोपाल, इन्दौर, और ग्वालियर से बेहतर है। निगमायुक्त श्री वानखड़े ने नागरिकों को त्योहारों पर हानिकारक पटाखो के स्थान पर हरित पटाखों का उपयोग एवं शहर में किसी भी प्रकार के कचरे तथा अपशिष्टों को ना जलाने के लिए अपील की है, जिससे कि शहर की वायु गुणवत्ता स्वच्छ रहे।

# वेस्ट मैटेरियल से बनाए डेकोरेटिव दीये






**जबलपुर, देशबन्धु।** छात्रों ने दिवाली डेकोरेशन के लिए ईको फ्रेंडली आइटम्स बनाए। इस दौरान जहां आर्ट एंड क्रॉफ्ट से जुड़े डेकोरेटिव आइटम् खास रहे, वहीं दीया स्टेंड, रंगोली बनाकर भी छात्रों ने हुनर दिखाया। इको फ्रेंडली दिवाली का यह रंग गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सोमवार को कार्यक्रम के दौरान दिखा। विशेषज्ञों ने वेस्ट मैटेरियल का उपयोग करते हुए डेकोरेटिव आइटम्स बनाए।

वेस्ट से बेस्ट आइटम्स–

कार्यक्रम में एक्सपर्ट डॉ. मनीषा सक्सेना ने वेस्ट प्रोडक्ट से डिजाइनर आइटम्स बनाना सिखाया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. ए.एल. महोबिया, संयोजक डॉ. आरके श्रीवास्तव, सह संयोजक डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. पुष्पराज सिंह चौधरी, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद थे।

# महानगरों की थीम पर प्रोस्थेटिक मेकअप सेमिनार का समापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** होटल समदड़िया मॉल में स्वप्रेरणा स्वरोजगारमुखी महिला प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा जबलपुर में महानगरों की तर्ज पर प्रोस्थेटिक मेकअप आर्ट का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें जबलपुर के आसपास के जिलों के 90 ब्यूटीशियन के ने सहभागिता की। जिसमें मेकअप आर्टिस्ट को प्रोस्थेटिक मेकअप, हेलोवीन मेकअप, कैरेक्टर मेकअप सिखाया गया। शो के आयोजक हेमंत पटेल, राजेश सोनी, अर्पिता पॉल के द्वारा बताया गया कि इस तरह का कॉन्सेप्ट पहली बार जबलपुर में स्वप्रेरणा के द्वारा लाया गया है। जबलपुर में होने वाली हेलोवीन पार्टी के लिए मेकअप आर्टिस्ट इस तरह का मेकअप करना नहीं जानते थे। लेकिन महानगरों की तर्ज पर जबलपुर में इंटरनेशनल प्रोस्थेटिक मेकअप आर्टिस्ट आमोद दोषी ने इस सेमिनार में 10 अलग-अलग लुक में मॉडल का मेकअप किया और एक शानदार हेलोवीन पार्टी का नजारा भी इस सेमिनार मैं विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस शो को विशेष सहयोग वर्षा खत्री, राहुल अहिरवार, शरद जैन, रिचा राठौर, आरती विश्वकर्मा, प्रिंस नितिन, ज्योति नामदेव, मोनिका चौरसिया, मनीष दुबे ,प्रीति पुरोहित, अभिषेक पंडित ममता साहू का का रहा।



# कत्थक में प्रयोग आवश्यक हो गए हैं

**जबलपुर, देशबन्धु।** संगीत संकल्प संस्था और भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में गुरु रामदयाल धनोपया सम्मान से सम्मानित डॉ. सृष्टि गुप्ता ने कत्थक ताल पक्ष पर विचार व्यक्त किए। व्याख्यान का विषय कत्थक के रायगढ़ घराने (महाराज चक्रधर) का ताल पक्ष था। इस दौरान उन्होंने शास्त्रीय नृत्य के ताल पक्ष में आधार पर कत्थक के प्रयोगों की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. संजय वर्मा, डॉ. उपासना उपाध्याय, भैरवी, मीनू, साक्षी, सचि, अल्पना वाजपेयी, शंकर बोस, शरद नामदेव मौजूद थे।




# शारीरिक बदलावों को पहचाने, अर्ली स्टेज में पाएं कैंसर पर जीत

## कैंसर अवेयरनेस डे-जागरुकता की कमी से महिलाओं में बढ़ता है, कैंसर

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोगों की बदलती दिनचर्या और खानपान के कारण शारीरिक समस्याएं भी बढ़ रहीं हैं। ऐसे में बीमारियों को बढ़ाने में जहां बिगड़ी लाइफस्टाइल जिम्मेदार है, तो वहीं जेनेटिक कारण भी प्रमुख है। इनमें कैंसर अब तेजी से लोगों में बढ़ रहा है। पहले जहां यह बीमारी एक उम्र के बाद आकर पता चलती थी। लेकिन अब बच्चों तक में कैंसर आइडेंटिफाई हो रहा है। बात करें महिलाओं की तो घर परिवार की जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं स्वयं की देखभाल में पीछे रहती हैं। इससे जागरुकता की कमी के कारण उनमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी बढ़ रही है। कैंसर के प्रति जागरुकता जगाने के लिए ही हर साल 7 नवम्बर को कैंसर जागरुकता दिवस मनाया जाता है।

**दिनचर्या में बदलाव है कारण**–महिलाओं में दिनचर्या में होने वाला बदलाव कैंसर का बड़ा कारण है। धूम्रपान करना, अल्कोहल का सेवन, अधिक तनाव, अधिक उम्र में बच्चे, अधिक उम्र में शादी, बच्चों को ब्रेस्ट फीड ना करवाना आदि इसके बड़े कारण बन रहे हैं। बेहतर खानपान और शारीरिक बदलावों की पहचान कर इससे बचाव संभव है।

### यह कैंसर महिलाओं में प्रमुख

- यूट्रस कैंसर
- ब्रेस्ट कैंसर
- ओवरी कैंसर

**शहर में बढ़ रहे मरीज**– महिलाओं में कैंसर की स्थिति साल दर साल बढ़ रही है। माहवारी में अनियमितता के कारण यूट्रस कैंसर हो रहा है, तो वहीं नशा करने के कारण महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले अधिक आ रहे हैं।

**-डॉ. श्यामजी रावत,**
ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल कॉलेज

# कादम्बरी का अ.भा. साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न

## देश-विदेश के 108 साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन में सकारात्मक चेतना श्रेष्ठ साहित्य से मिलती है। साहित्य समाज की सभ्यता से परिचित कराते हुए स्वयं से जोड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील कादम्बरी का अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समाज और राष्ट्र को चेतना देने वाले सृजन धर्मियों का सम्मान है। इस आशय के उद्गार कादम्बरी संस्था के अ.भा. साहित्यकार सम्मान समारोह में अतिथियों ने शहीद स्मारक सभागार में व्यक्त किए। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि एवं प्रज्ञापीठाधीश्वर, मां साध्वी विभानंद गिरि के सानिध्य में सहित्यकार सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.डी.एन. वाजपेयी भी उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. कैलाश गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय पाठक, डॉ. पी.पी. पिंजरकर थे। यह कार्यक्रम स्व. रामेन्द्र तिवारी एवं डॉ. गार्गीशरण मिश्र की स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें देश-विदेश के 108 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। समारोह के प्रारंभ में कादम्बरी के अध्यक्ष महाकवि आचार्य भगवत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सुमित्र एवं महामंत्री राजेश पाठक प्रवीण ने कादम्बरी संस्था के उद्देश्यों के साथ दिवंगत साहित्यकारों का स्मरण किया। उक्त सम्मान ब्रहमदत्त तिवारी, पांडुरंग पिंजरकर, सेठ गोविन्ददास, भवानी प्रसाद तिवारी, विश्वंभरदयाल अग्रवाल, हरिकृष्ण त्रिपाठी, नर्मदा प्रसाद खरे, रामानुजलाल श्रीवास्तव, गोविन्द तिवारी, केशव पाठक जैसे अनेक साहित्य मनीषियों की स्मृति में दिया गया।




# आज कार्तिक मास के द्वितीय मंगलवार को हनुमान जी के 11 सौ नामों का होगा हवन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्तिक माह के चार मंगलवार को 1100 नामों की हवन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज मास के द्वितीय मंगलवार 7 नवंबर को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट की सफलता के लिये परिक्रमा संचालक श्री हनुमान जी महाराज के 1100 नामों के हवन आज शाम 4 बजे से जमुना सभागृह गोल बाजार में किया जाएगा। बता दें कि 396 नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को 8.30 बजे पूज्य संत महात्मा महात्माओं एवं देश के शहीद परिवारों के नेतृत्व में निकाली जाएगी। उपस्थिति की अपील पप्पू चौबे, वीर बहादुर पटेल, राजेंद्र ठाकुर, कैलाश विश्वकर्मा, के एल दीक्षित, राजेश असाटी, अवधेश खरे, शिवम नामदेव शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट आदि ने की है।

# दैनिक राशिफल

**मंगलवार 07 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की दशमी। नक्षत्र-मघा।**

### मेष
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

### वृषभ
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

### मिथुन
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

### कर्क
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### सिंह
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

### कन्या
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

**क.**

### तुला
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

### वृश्चिक
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

### धनु
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

### मकर
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### कुंभ
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

### मीन
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

**मा.**



# स्मॉल वंडर्स स्कूल का 25 वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्मॉल वंडर्स किड्स जोन शाला में रविवार को 25 वां वार्षिकोत्सव समारोह की थीम फेयरी टेल्स की काल्पनिक कहानियों पर आधारित रही, जिसे अभिभावकों ने बहुत सराहा, उन्हे भी अपने बचपन के दिन याद आ गए, फेयरी टेल्स के पात्र बड़े मनोरंजक होते हैं जिन्हें बड़े हो या छोटे सब पसंद करते हैं, परियों की कहानियाँ जादुई , प्रेरणादायक, मंत्रमुग्ध करने वाली और सीख देने से भरी होती हैं, इसलिए बच्चो में नैतिक मूल्यों की सीख को बढ़ाने और समझने के लिए शाला परिसर में फेयरी टेल्स की थीम पर वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में स्नोवाइट, सिंड्रेला, रेड राइडिंग हुड, ब्यूटी एंड द बीस्ट, स्लीपिंग ब्यूटी, सिंदबाद द सेलर, जेस्मिन और अलादीन, जिनी आदि द्वारा शिक्षाप्रद और मनोरंजक अभिनय के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक डांस की प्रस्तुति दी। इस समारोह में स्कूल स्टाफ के साथ ही छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अच्छे काम करने वालों को किया गया सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** बहुजन सोशल फ्रंट और यूको बैंक एम्पलाइज कौंसिल के तत्वावधान में ऑल इंडिया एस.सी.-एस.टी. एवं ओ.बी.सी. बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के सदस्यों का स्वागत इंडियन कॉफी हाऊस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएफ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम.टी. बोरकर ने विश्व गुरू तथागत गौतम बुद्ध की छाया चित्र पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित बीएसएफ नरसिंहपुर के के.सी. चौधरी, बीएसएफ प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, संयुक्त महासचिव नीलेश धाकड़, कोषाध्यक्ष के.के. वासनिक ने विश्व रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। समाज में अच्छे काम करने पर उपासक दयानंद हराले, नंदकिशोर टेंम्भूर्णे सुधीर नंदेकर, राजेश भोवर रामकृष्ण कामले, चंद्रशेखर उरकुंडे को गुलदस्ता, शॉल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमा झोपड़, कुपा खरे, सुजाता इंगले मनीष कोल्हेकर, मनीष पउनवटकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन बागड़े ने की। मंच संचालन प्रमोद डोंगरेजी ने किया। बी.एम.सूर्यवंशी, निलिमा वायकर, अपूर्वा ढेकाटे, पी.सी. निमजे, आर्या कुमारी, दीपक ठाकुर, विष्णु ठाकुर, विष्णु रजक, प्रियंका यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।



# एपीएन हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल में दो दिवसीय प्रदर्शनी आरंभ




**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्तमान युग विज्ञान का युग है, आज हम सभी विज्ञान से पूरी तरीके से घिरे हुए हैं हमारे जीवन का ऐसा कोई भी भाग नहीं है, जो विज्ञान से अछूता रहा, विज्ञान के कारण ही आज हमारा देश चांद तक पहुंच चुका है और हम सूर्य पर पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। ए.पी.एन हायर सेकेण्डरी स्कूल में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, भी उपस्थित थे।

तत्पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडलको देखा और उससे संबंधित सवाल विद्यार्थियों से पूछे जिसका विद्यार्थियों ने जवाब दिया। छात्र-छात्राओं ने इस प्रदर्शनीके लिए चन्द्रयान - 2, पाचन तंत्र, एड्स से संबंधित मॉडल, न्यूक्लियर रियेक्टर, वेक्यूम क्लीनर, हाइड्रोलिक डेम आदि के विभिन्न मॉडल बनाये है जिसे बनवाने में विज्ञान शिक्षिका, राजलक्ष्मी राव, राधा खरे, रीतेश श्रीवास्तव का योगदान है सभी मॉडल प्राचार्य अजय वर्मा के नेतृत्व में तैयार किये गये हैं।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री हरदीप सिंह**- बोस कॉलोनी आदर्श नगर निवासी श्री भूपेंद्र सिंह के पुत्र श्री हरदीप सिंह (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा बाई पटेल**- मदर टेरेसा नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री सुरेश कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रमा बाई पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजगोपालन जगन्नाथन**- आंचल नगर कटंगा निवासी श्री राजगोपालन जगन्नाथन (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश कुमार बिरहा**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुकेश कुमार बिरहा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मूलचंद**- गौतम नगर महाराजपुर निवासी श्री मूलचंद (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार जवरानी**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कल्याण दास जवरानी के पुत्र श्री अनिल कुमार जवरानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मलिका पिल्ले**- मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री बाला पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती मलिका पिल्ले (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा खटीक**- बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री अरविंद खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती आशा खटीक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया

**श्री श्याम लाल केवट**- संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री श्याम लाल केवट (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जुग्गो बाई कोल**- माढ़ोताल कोल बस्ती निवासी श्री बहादुर कोल की धर्मपत्नी श्रीमती जुग्गो बाई कोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई वाल्मीक**- कला मंदिर के पास व्हीकल निवासी बाबू लाल वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई वाल्मीक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. डोनी सिंह ठाकुर**- समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री लालजी ठाकुर की पुत्री कु. डोनी सिंह ठाकुर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री झगड़ू पासी**- सदर केंट निवासी श्री झगड़ू पासी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## तीसरा पुल रोड पर हादसा- पेड़ से टकराई कार के परखच्चे उड़े, एक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत तीसरा पुल रोड पर सोमवार को एक तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के सामने वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार सवार आदर्श चौकसे के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई।



पुलिस के अनुसार दुर्गानगर रामपुर गोरखपुर निवासी शुभांशु राय, पुलकित सराठे व आदर्श चौकसे उम्र 20 वर्ष सोमवार शाम के वक्त कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 9527 से निकले। कार पुलकित सराठे चला रहा था, कार जब तीन नम्बर पुल की ओर बढ़ रही थी, इस दौरान पुलकित कार से अपना संतुलन खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़कर दूसरी ओर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के कारण कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कार में कंडेक्टर साइड बैठे आदर्श चौकसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। इसी तरह पुलकित के सिर में चोट आई। राह चलते लोगों ने देखा तो चीख पुकार मच गई, कई लोग रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय विक्टोरिया पहुंचाया। जहां पर आदर्श चौकसे को जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलकित का उपचार किया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## एलपीजी प्लांट और आयुध निर्माणी डिपो के आसपास आतिशबाजी पर प्रतिबंध

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दीपावली के त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने तथा लोक व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शहपुरा-भिटौनी स्थित एलपीजी फिलिंग स्टेशन एवं पेट्रोलियम बल्क डिपो तथा जिले में एलपीजी भण्डारण एवं संग्रहण के सभी केन्द्रों के दो किलोमीटर की परिधि के भीतर पटाखा छोड़ने एवं आतिशबाजी को 25 नवंबर तक रोक लगा दी है। आदेश के मुताबिक प्रतिबंधित क्षेत्र में



यदि कोई व्यक्ति पटाखा छोड़ता है या आतिशबाजी करता पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### आयुध निर्माणी डिपो के सौ मीटर के दायरे में भी नहीं छोड़े जा सकेंगे पटाखे

जिला दण्डाधिकारी श्री सुमन ने दीपावली के अवसर पर अप्रिय घटना को टालने तथा लोक-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये आयुध निर्माणी डिपो के आसपास के क्षेत्र में भी पटाखा छोड़ने तथा आतिशबाजी करने पर पाबंदी लगा दी है। यदि कोई व्यक्ति आयुध निर्माणी क्षेत्र के आसपास की 100 मीटर की परिधि में पटाखा छोड़ते अथवा आतिशबाजी करते हुए पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।



## बिना हैलमेट वाहन चलाने वाली जनता के साथ 16 पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में हैलमेट को लेकर विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक कार्यवाही की गई। इस दौरान 1225 वाहन चालकों को बिना हैलमेट वाहन चलाने पर 3 लाख 67 लाख् 500 रुपए समन शुल्क वसूला गया है। अभियान के तहत 16 पुलिस कर्मियों के खिलाफ हैलमेट न पहनने पर चालानी कार्यवाही की गई है।

इस संबंध में मध्यप्रदेश आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशानुसार ऐसे दो पहिया वाहन चालक बिना हैलमेट के वाहन दौड़ा रहे हैं। उन्हे रोककर कार्यवाही की जाए। जिसके चलते सोमवार विशेष हेलमेट अभियान चलाया गया। अभियान के तहत् दो पहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट वाहन चलाते पाये गए उन पर सोमवार शाम तक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर 1225 चालान किया जाकर कुल 3 लाख 67 हजार 500 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। उक्त अभियान में आम नागरिको के साथ-साथ ऐसे 16 पुलिस कर्मचारी जो हेलमेट धारण नहीं किये थे, उन पर भी चालानी कार्यवाही की गई। उपरोक्त अभियान अंतर्गत प्रत्येक सोमवार बिना हेलमेट धारण कर दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर भी विशेष रूप से चालानी कार्यवाही की जायेगी तथा अन्य दिनों में भी उक्त कार्यवाही जारी रहेगी।



## डिसिल्वा स्कूल के पास खून से लथपथ युवक का मिला शव

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थानांतर्गत डिसिल्वा स्कूल के पास एक रिक्शे वाले का संदिग्ध हालत में शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि आज सुबह-सुबह राहगीर ने फोन कर बताया कि डिसिल्वा स्कूल के पास एक रिक्शा वाला अचेत हालत में पड़ा है और उसके आसपास खून भी पड़ा है।

पुलिस भी बिना देर किए मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के खून के निशान नहीं हैं, और जो खून पड़ा है वह मुंह से आया है। बताया जा रहा है कि रिक्शाचालक जान सिंह मूलतः कुंडम का रहने वाला था और यहां किराए का रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था। वह अक्सर ही शहर में कहीं भी फुटपाथ पर सो जाया करता था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को खबर कर दी है।

## विवाद कर युवक ने किया धारदार हथियार से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में रात सुरेन्द्र केवट वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा ने बताया कि कि अण्डा-मुर्गी की दुकान चलाता है, उसकी दुकान के थोड़े आगे अरूण केवट भी मुर्गा की दुकान लगाता है शाम वह अपनी दुकान पर था उसी समय कुशनेर का विजय पटेल पटेल जो उसकी दुकान के पास आ रहा था तो अरूण केवट आकर विजय से विवाद करने लगा तो वह जाकर बीचबचाव करने लगा इसी बात पर अरूण केवट ने किसी नुकीली चीज से हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी तथा गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना में सोमवार को धीरेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह मूलतः ग्राम राणापुर थाना सरेनी जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश का निवासी है वर्तमान में कृष्णा कॉलोनी गोहलपुर में रहता है। 12 अक्टूबर की रात लगभग 8/45 बजे अपने घर में ताला लगाकर पत्नी को लेने रायबरेली उत्तर प्रदेश गया था। 16 अक्टूबर को उसके मकान मालकिन राखी ने उसकी पत्नी को फोन कर बताई कि आपके कमरे का ताला टूटा है तथा अंदर अलमारी का लॉकर भी टूटा है। 18 अक्टूबर को वह सुबह जबलपुर आकर अपने सामान को चेक किया तो सोने की चेन, लॉकेट, बेंदी, चांदी की करधन, तीन कड़े गायब थे। कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 637/ 23 धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये मतदान शांति पूर्वक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने के लिये सोमवार को कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना ओमती, बेलबाग, घमापुर, हनुमानताल, अधारताल, गोहलपुर, के संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया,फ्लैग मार्च में अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला अति.पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात प्रदीप कुमार शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती पंकज मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर राजेश सिंह राठौर एवं सी.आईएसएफ की 2 कम्पनियों के साथ थाना प्रभारी ओमती वीरेन्द्र सिंह पवार, थाना प्रभारी बेलबाग प्रवीण कुमार कुम्हरे, थाना प्रभारी घमापुर प्रमोद साहू, थाना प्रभारी गोहलपुर राजपाल सिंह बघेल, थाना प्रभारी हनुमानताल मानस द्विवेदी थाने के बल के साथ मौजूद रहे। फ्लैग मार्च कन्ट्रोल रूम से प्रारम्भ होकर घंटाघर-बड़ी



ओमती-भरतीपुर-छोटी ओमती चौक, के.बी.टेलर्स के आगे तिराहा से राईट मुडकर 100 मीटर आगे शंकर मंदिर के आगे से लैफ्ट मुडकर गुरंदी बाजार होते हुये गलगला चौक, मुमताज बिल्डिंग-फूटाताल चौक-राईट मुडकर लकड़गंज, बेलबाग थाने के सामने से होते हुये घमापुर चौक-बाई का बगीचा, शीतला माई-कांचघर चौक से घमापुर थाने के सामने से होते हुये गोपाल होटल-लैफ्ट मुड़कर चुंगी चौक तक-चुंगी चौक से कांचघर चौक, शीतला माई मंदिर से दाहिने मुड़कर प्रेम सागर चौकी होते हुये भानतलैया, सिंधी कैंप, मंडी मदार टेकरी, बहोरा बाग, रद्दी चौकी, दाहिने मुड़कर अधारताल तिराहा, - अधारताल तिराहा से वापस रद्दी चौकी-गोहलपुर थाने के सामने से बायें मुड़कर मोतीनाला होते हुये मिलौनीगंज चौक- बायें मुड़कर घोड़ानक्कास, अनवरगंज तिराहा-दुर्गा चौक, बड़ी खेरमाई मंदिर के सामने से भानतलैया तिराहा-घमापुर चौक-तहसील चौक में समाप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को संदेश देना है कि यदि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/213 दिनांक 06.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती पुष्पारानी राठौर 2. श्रीमती संध्या 3. श्रीमती आशा सिंह 4. श्रीमती अंजली राठौर चारों के पिता स्व. श्री रामनाथ राठौर ने मकान नं. 387 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 2010 व.फु. भूतल 838+300 व.फु. प्रथम तल 1138 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/207 दिनांक 06.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खानचंद बुधरानी पिता श्री असूदामल बुधरानी, श्री हरीश बुधरानी एवं विजय बुधरानी दोनों के पिता श्री खानचंद बुधरानी ने मकान नं. 805/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 546.25 व.फु. भूतल 533 व.फु. प्रथम तल 535 व.फु. द्वितीय तल 535 व.फु. शपथ पत्र/ विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है।जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/187 दिनांक 06.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. असीम कुमार बाजपेई पिता स्व. श्री जुगल किशोर बाजपेई ने मकान नं. 313.2 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-2058 व.फु. रिलीज डीड/बटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/212 दिनांक 06.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. अंकित फुसकेले पिता श्री दीपचंद जैन 2. डॉ. श्रीमती श्रद्धा खंडेलवाल पति डॉ. श्री अंकित फुसकेले ने मकान नं. 675/1589, वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल-1271 व.फु. भूतल 1005 व.फु. प्रथम तल 1083 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

## पमरे महाप्रबंधक ने जबलपुर स्टेशन का किया निरीक्षण, यात्री सुविधाओं को बताया संतोषजनक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की नवनियुक्त महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सोमवार को जबलपुर रेलवे स्टेशन का प्रथम निरीक्षण किया। जबलपुर स्टेशन की सुंदरता, साफ-सफाई और यात्री सुविधाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए विभिन्न विभागों में जाकर वहां किए जाने वाले कार्यों को देखा।



महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने अपने इस निरीक्षण के दौरान जबलपुर रेलवे स्टेशन के नक्शे को देखकर यहां पर उपलब्ध प्लेटफॉर्म में लिफ्ट एस्केलेटर तथा यात्रियों की सुविधा आदि पर अधिकारियों से चर्चा की। प्लेटफार्म क्रमांक एक पर नवनिर्मित एवं वातानुकूलित पेड रिटायरिंग रूम में भी जाकर व्यवस्थाओं को देखा तथा इसकी सराहना करते हुए इसे यात्रियों के लिए एक उपयोगी बताया। प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर ट्रेन चालकों की क्रू लॉबी में पहुंचकर महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन, सिमुलेशन मशीन को देखा तथा नोटिस बोर्ड पर ट्रेन चालकों के ट्रेन की स्पीड से संबंधित सर्कुलर देखे।

क्रू लाबी में श्रीमती बंदोपाध्याय ने ड्यूटी ज्वाइन करते समय चालकों द्वारा ली जाने वाली नो स्पेड (सिग्नल पास एट डेंजर) की शपथ के अमल करने को सराहा। महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म क्रमांक एक पर स्थित पार्सल ऑफिस में यात्रियों के पार्सल एवं लगेज बुकिंग के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को देखा तथा लगेज स्कैनर पर चर्चा की। इस निरीक्षण के दौरान डीआरएम विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार के साथ ही मंडल के शाखा अधिकारी सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा, विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, एस पी सिंह, रामबदन मिश्रा, डॉ. मधुर वर्मा, मनीष पटेल, संजय मनोरिया, अरुण त्रिपाठी, पी के श्रीवास्तव, अखिलेश नायक, गुन्नार सिंह, अजय कुमार सिंह तथा स्टेशन के पर्यवेक्षक, रेल पुलिस बल आदि भी मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम PINKEY MOKHALGAYA दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम PINKY RAJAK दर्ज है। अतः आज दिनांक से मुझे मेरे नाम PINKY RAJAK के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जावे।

गलत नाम
PINKEY MOKHALGAYA
सही नाम
PINKY RAJAK

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं JC 452725H SUB KULDEEP SINGH UNIT 24 GUARDS (17 GRENADIERS) निवासी VILLAGE- KAJLAN, POST- KAJLAN, TEH- BUHANA DISTT- JHUNJHUNU, STATE- (RAJASTHAN) PIN- 333034 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम SAKSHI एवं मेरी दूसरी पुत्री का नाम SONIA दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम SHAKSHI JANGIR एवं मेरी दूसरी पुत्री का सही नाम SONIYA JANGIR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरी पुत्रियों के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**In The Court of II Additional Principal Judge Family Court, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
**दिनेश कुमार सिंह**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**
**(RCS HM/0000110/2023)**
श्रीमती नीतू दुबे.....वादी
Vs
आशीष दुबे...प्रतिवादी
Process Id- 386/2023
पेशी दि.:-18/12/2023

प्रेषिती-
(1) आशीष दुबे पिता विनोद दुबे पता- पार्षद रेणु कोरी के मकान में, अघोरी बाबा मंदिर के पास, त्रिमूर्ति नगर थाना गोहलपुर तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.
हाल मुकाम मकान नं. 108/30 लेनिन पार्क, पी रोड जलकल विभाग जोनल पम्पिंग स्टेशन के सामने जवाहरगंज रोड थाना सीसामउ कानपुर उ.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती नीतू दुबे ने आपके विरुद्ध धारा 13 हिन्दु विवाह अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता)द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 17 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी -प्रकाशन नोटिस
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( डी.के. सिंह )
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
र.नं. 1521 कुटुंब न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

**In The Court of Principal Judge Family Court, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
**काशीनाथ सिंह**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**
**(RCS HM/0000907/2023)**
गोलू रजक.....वादी
Vs
श्रीमती अंजली रजक...प्रतिवादी
Process Id- 484/2023
पेशी दि.:-13/12/2023

प्रेषिती-
(1) श्रीमती अंजली रजक पति गोलू रजक, पिता श्री कुंवर लाल रजक पता- पार्वती नगर शासकीय स्कूल के पीछे चौधरी मोहल्ला पटेल नगर महाराजपुर जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी गोलू रजक ने आपके विरुद्ध धारा 13 (1) (1-क) हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता)द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 01 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी -प्रकाशन नोटिस
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( के. एन. सिंह )
प्रधान न्यायाधीश
कुटुंब न्यायालय,
र.नं. 1522 जबलपुर ( म.प्र. )

In The Court of XXVIII Additonal District Judge District Court, Jabalpur
Presiding Officer:
**सोम पाण्डेय**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**
**(MCA /0000150/2023)**
श्रीमती मालती चौबे..... वादी
Vs
प्रीतमलाल चौधरी.....प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-08/11/2023

प्रेषिती-
(1) प्रीतम लाल चौधरी पिता कांतिलाल चौधरी पता- मेडिकल के अंदर प्रोफेसर कॉलोनी वार्ड नंबर 73 जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती मालती चौबे ने आपके विरुद्ध एमसीए विविध अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम ए व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता)द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें।यह आज तारीख 03 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी -उपस्थिति हेतु प्रकाशन नोटिय के साथ विविध अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम ए व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( सोम पाण्डेय )
जिला न्यायाधीश ( 28वें )
र.नं. 1526 जबलपुर, ( म.प्र. )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग आधारताल जिला जबलपुर**
आम सूचना एवं इश्तहार
**राजस्व प्रकरण क्रमांक 333 / अ-6-अ/2023-2024**

प्रति,
1 श्रीमति नीलम मलिक पति श्री केवल मलिक एवं अन्य सभी निवासी रानीताल चौक जबलपुर/ मे. देवकरण एसोसिएट्स
2. श्रीमति आभा अग्रवाल पति श्री गिरिराज किशोर अग्रवाल, निवासी- 448 चौपडा खुर्द म.प्र. व अन्य
**विरुद्ध**
म.प्र.शासन

एतद् द्वारा समस्त आम जनता एवं निवासी मौजा रिमझा को सूचित किया जाता है कि आवेदकगणों के द्वारा मौजा रिमझा नं.ब. 397 प.ह.नं. 23 तहसील अधारताल व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 12/1, 14, 17, 18, 20, 21/1, 22, 43 व 13 सूचीबद्ध आवेदक कमांक 2 से 66 को विक्रय किया गया है जो कि त्रुटिवश 12/1 तथा उसके बंटाक 43 तथा उसके बंटाक मे दर्ज हो चुका है। प्रस्तावित खसरे 13, 14/1, 18, 17/2, 20/1, 22/1 तथा अन्य खसरों एवं बंटाक में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर आवेदकगणों की सूची प्रविष्टि सुधार कर राजस्व अभिलेख दुरूस्ती किये जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 09.11.2023 को नियत है। आप प्रत्यर्थी एवं आम जनता जो प्रश्नाधीन भूमि में अपना हित रखते हो वे नियत पेशी दिनांक 09.11.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर तत्संबंध में अपना पक्ष समर्थन करने हेतु दावे/आपत्तियां प्रस्तुत करें। नियत पेशी पर उपस्थित न होने एवं दावे आपत्तियां प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी एवं निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियां अमान्य की जावेगी। आज दिनांक 03.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 09/11/2023

र.नं. 1530
**अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं/0812/अ-6/2023-2024**
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्रीमती प्रेमलता विजयरत्नम पति स्व. श्री एन.पी. विजयरत्नम 2. श्री उदय विजयन 3. श्रीमती देविका जैन ने नजूल ब्लाक नं. 32 प्लाट नं. 7/5 निर्मित/रकवा 800 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 560 व.फु. ग्राम ... प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. वारसान हक/ दिनांक 19/08/23 मृत्यु दिनांक 19/08/23 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ..... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.32 प्लाट नं. 7/5 निर्मित/रकवा 800 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 560 व.फु. ग्राम ... प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. एन.पी. विजयरत्नम पिता दामोधरन मुरखोह कराई के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक ..../..../2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक .../.../2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 27/09/2023
पेशी दिनांक 10/11/2023

र.नं. 1527
**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं/0811/अ-6/2023-2024**
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. अशोक समीर पाल 2. अमित पॉल दोनों के पिता स्व. जी.एल. पॉल ने नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/29 निर्मित/रकवा 2400 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 2400 व.फु. अंश भाग ग्राम ... प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. वारसान हक/ दिनांक .......... मृत्यु दिनांक 15/04/23 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, .... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/29 निर्मित/रकवा 2400 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 2400 व.फु. अंश भाग ग्राम ... प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ... व.फु./हे. श्रीमती डाली मालिनी पति स्व. जीएल पॉल के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक ..../..../2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है।नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक .../.../2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 27/09/2023
पेशी दिनांक 10/10/2023

र.नं. 1528
**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रेहाना बानो (Rehana Bano) पति हारून रशीद (Haroon Rasheed), निवासी म.नं. 9/5, जी.के. हुसैन कम्पाउण्ड इण्डियन काफी हाउस, वार्ड नं. 3 सदर, बाजार जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे स्वयं का नाम रेहाना बानो (Rehana Bano) जो आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज है और मेरी जन्म तिथि 01/07/1966 जो कि आधार कार्ड में भी दर्ज है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रेहाना बी, अंग्रेजी में (Rihana Bi) त्रुटिवश दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरे पासपोर्ट में अग्रेजी में (Rihana Bi) के स्थान पर (Rehana Bano) दर्ज किया जावे।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है भविष्य में असत्य पाये जाने पर मेरी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।
मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है।
जबलपुर, दिनांक 20/10/2023

र.नं. 1524
**शपथकर्ती रेहाना बानो**

## कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली थाना में सोमवार को सुबह सुनील लोधी निवासी बेनीखेड़ा माढ़ोताल ने बताया कि वह अपने बड़े भाई सोनू लोधी और दोस्त रामराज अठया के साथ रिश्तेदारी में मझौली आये थे जहां रात रूके थे। सोमवार को सुबह तीनों कटंगी होते हुये वापस घर जा रहे थे एक मोटर सायकिल में वह तथा दूसरी मोटर सायकिल मे उसका बड़ा भाई सोनू लोधी और रामराज अठया थे। तीनों जैसे ही हितौना नदी के इसी तरफ मोड़ पर पहुंचे तभी उसी समय मारूती कार क्रमांक एमपी 20 जेड डी 3376 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके बड़े भाई सोनू लोधी की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे सोनू लोधी एवं रामराज अठया गिर गये जिन्हें हाथ पैर एवं शरीर में चोट आयी है कार चालक कटंगी तरफ भाग गया।

# कांक्रीट सड़क के क्रेक हिस्से को अब उखाड़कर बना रहे

## पहले दरारों को कई बार भरा, पर कोई सुधार नहीं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर कटनी हाईवे फोरलेन सड़क मार्ग पर ग्राम गांधीग्राम ,रामपुर, कुशनेर,मोहतरा के पास स्थित बघेला नाला पुल, घाट सिमरिया,सीमेंट कंक्रीट सड़क मार्ग पर सड़क बनने के कुछ महीने बाद क्रैक आ गए थे जिन क्रेको को भरने के लिए केमिकल वा डामर युक्त रेत से भरने का अनेकों बार प्रयास किया गया किंतु वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण यह सड़क मार्ग का हिस्सा कई स्थानों पर अधिक धँस गया था।साथ ही दरारें भी अपेक्षाकृत अधिक चौड़ी हो गई हैं।

**दरार के हिस्से को तोड़कर बनाया जा रहा**–वर्तमान समय में घाट सिमरिया,बघेला नाला पुल के पास, कुशनेर ,गांधीग्राम आदि स्थानों पर दरारयुक्त पूरे हिस्से को जेसीबी मशीन से तोड़कर बनाने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़क के दोनों और की सीमेंट कंक्रीट सड़क दरार युक्त हो चुकी है।वास्तव में इन सड़को का सम्पूर्ण हिस्सा जो लम्बी व गहरी दरारयुक्त हैं।जो किसी हादसे को जन्म दे सकता हैं। इसे सुधार व मरम्त की आवश्यकता है।



**फोरलेन सड़क में कई स्थानों पर क्रेक**–फोरलेन सड़क एन एच 30 निर्माण होने व आवागमन प्रारम्भ होने के कुछ ही दिवसों में सड़क मार्ग पर 15 से 20 फीट लम्बी दरारें स्पष्ट रूप से दिख रही है।इसमें जुझारी बायपास, रामपुर के आगे बरनू तिराहा से लेकर गाँधीग्राम बायपास फोरलेन सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर दरारें हैं कई जगह ये दरारें गहरी होने के कारण दुपहिया वाहनों के चाक इनसे निकलते ही लहरा जाते हैं। जुझारी बायपास, बरनू तिराहा, गाँधीग्राम बायपास फोरलेन सड़क पर कई जगह अधिक दरारें (क्रेक) होना मार्ग निर्माण में गुणवत्ता की कमी को बताता है। यह दरारें सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही पड़ गई हैं। अब उनमें बड़ी दरार युक्त हिस्सों को उखाड़कर पुनः बनाने का काम किया जा रहा है।

**सड़क की दरारों में लगा है केमिकल का लेप**–इन दरारों पर केमिकल का लेप भी लगाया गया था लेकिन ये लेप भी इन दरारों नहीं छुपा पा रहा है। यही कारण है कि जुझारी बायपास से लेकर रामपुर, गाँधीग्राम बाइपास की सड़क की दरारों को छुपाने के लिए केमिकल से भरवा दिया है। वे दरारें पुनः बड़ी हो गयी हैं। दरार वाली सड़क उखाड़ी जा रही-- वर्तमान समय में जहां जहां फोर लाइन सड़क में गहरी और लंबे दरारें आ गई है उन्हें कई महीने से भरने का काम चल रहा है एवं कई स्थानों पर उखाड़कर बनाने का काम जेसीबी मशीनों से किया जा रहा है ।

**यह सड़क सही करने का नियम**–जानकारों का कहना है कि सीसी सड़क निर्माण के दौरान मार्ग ब्लाक में बनाई जाती है। यदि किसी ब्लाक में दरार आई है तो इसका मतलब प्रयोग की गई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं है। वहीं दरार आने के बाद पूरे ब्लाक को उखाड़ने के बाद दोबारा बनाया जाना चाहिए। यदि दरारों को केमिकल से भरा गया है तो यह गलत है। पूरे ब्लाक को उखाड़कर दोबारा बनाना चाहिए।

# दमोह से जबलपुर जा रही यात्री बस तेंदूखेड़ा के पास पलटी

**दमोह/तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** नगर से 2 किलोमीटर दूर बम्होरी तिगड्डा के आगे दमोह की ओर से आ रही तिवारी कम्पनी की यात्री बस अचानक अनियंत्रित हो कर सडक से लगभग 15 फीट नीचे उतरकर पलट गई बस पलटने से चीख चिल्लाहट मच गई जिसमे लगभग 19 यात्री घायल हो गए। जिन्में 2 घायलों की गंभीर हालत होने के कारण दमोह जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह लगभग साढ़े 10:30 बजे तिवारी कम्पनी की यात्री बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0325 प्रतिदिन की तरह दमोह से जबलपुर जा रही थी जैसे ही बस नगर के वन विभाग के काष्टागार के पास बने पुलिया की मोड पर पहुची वही बस अनियंत्रित हो गई और आगे भारी भरकम लगे सीमेंट पिलर को तोड़ते हुए सड़क से लगभग 15 फीट नीचे उतर गई और आगे गीली जगह होने के कारण चको के धसने से बस पलट गई वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस काफी तेज रफ्तार में चल रही थी बस पलटने की तत्काल वहां उपस्थित लोगों द्वारा सूचना 108 डायल पर दी गई सभी घायलों को 108 वाहन के पायलट संदीप यादव, डाक्टर अभिमन्यु एवं जननी वाहन के पायलट दीपक यादव एवं शंकर यादव की मदद से नगर के स्वास्थ केन्द्र लाया गया। वहीं पुलिस भी तत्काल मौका स्थल पर पहुंच गई थी बस में नगर के कालेज एवं स्कूल में पढ़ने बाले अनेक छात्र-छात्राए उपथित थे गनीमत रहीं की किसी भी छात्र



एवं छात्राओं को गंभीर चोटे नहीं आई। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वही नन्हे लोधी एवं कमला बाई अहिरवार को गंभीर चोटे आने के कारण दमोह जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बस में छात्राएं भी काफी संख्या में सवार थी।

**घायल यात्री**– सपना पति गनेश सिंह 20 निवासी केवलारी, नन्हे पिता सुरज लोधी 50 निवासी जोरतला, कमला पति स्व. भूमन अहिरवार 60 निवासी पिडरई पाजी, पन्ना लाल पिता जिढुआ अहिरवार 55 निवासी पिडरई, सुमित पिता शंकर सिंह लोधी 20 निवासी माडनखेडा, माया पति शिब्बु अहिरवार 35 निवासी पांजी आशा कार्यकर्ता, सुहाना पिता शिब्बु अहिरवार 12 निवासी पाजी, संगीता पति खिलान सेन 35 निवासी बम्होरी, नूरसींग पिता अमर सींग लोधी 30 पडरिया, अनीता पति लक्ष्मी प्रसाद जाटव 52 निवासी तेंदूखेड़ा विद्यानगर, विक्रम पिता जोधन दांगी ठाकुर 25 खुरई निवासी घायल हुए हैं।

## सार-समाचार

### बिन मां की बेटी को कलयुगी पिता ने बनाया हवश का शिकार

#### महीनों से कर रहा था दुष्कर्म, गर्भवती हुई तो दर्ज कराई रिपोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में एक शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है, जिसमे एक पिता अपनी ही सगी बेटी के साथ बीते कुछ महीनों से लगातार दुष्कर्म करता आ रहा था और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मुंह बंद करने बोला था। जब बच्ची गर्भवती हो गई तो उसे तकलीफ होने की वजह से किसी तरह हिम्मत की और थाने जाकर पिता की हैवानियत बताई जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित बच्ची ने बताया कि उसकी माँ की मौत के बाद पिता ने कई बार अपनी हवश का शिकार बनाया।

खितौला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में 42 वर्षीय कलयुगी पिता ने अपनी 14 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म करके रिश्तों को शर्मसार किया है, आरोपी की पत्नी की मृत्यु पहले हो चुकी है जो अपनी बेटी के साथ रहता था और दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था जो अपनी बेटी के साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा और मुंह बंद रखने के लिए जान से मारने की धमकी देकर चुप रखता रहा। लेकिन नाबालिग के गर्भवती होने पर उसे तकलीफ हुई और पीड़ित बच्ची ने किसी तरह हिम्मत करके खितौला थाना जाकर पुलिस को हैवान पिता की करतूतें बताई, जिस पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### पत्नी पर प्राणघातक हमला, पति को आजीवन कारावास

**अनूपपुर, देशबन्धु।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनूपपुर, आर.पी.सेवेतिया की न्यायालय ने थाना जैतहरी के अपराध की धारा 307, 325 भादवि के आरोपी 50 वर्षीय राम सिंह गोंड, निवासी खोडरी, टिकराटोला को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं पॉच हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की।

लोक अभियोजक ने सोमवार को बताया कि प्रकरण 24 जून 2022 की रात ग्राम टिकरी टोली खोडरी निवासी श्याम बाई अपनी पुत्री सुनीता बाई एवं पुत्र भवर सिंह भोजन के पश्चात सुनीता बाई एवं भवर सिह सोने चले गये, तभी श्याम बाई का पति मदिरा का सेवन कर घर पर आया, तो पत्नी ने पति को मदिरा पीकर न आने की बात कहीं जिससे नराज पति राम सिंह गोंड ने जान से मारने की नियत से टंगिया उठाकर उस पर प्रहार किया, जिससे सिर जबड़े और कान के पास चोट आई तब पत्नी ने आवाज लगाई और बेहोश हो गई, आवाज सुनकर पुत्री सुनीता बाई एवं पुत्र भवर सिंह ने देखा कि मां श्याम बाई जमीन में चोट ग्रस्त पड़ी थी इसके बाद भवर सिंह ने चाचा को सूचना देते हुए मां को लेकर पुलिस चौकी वेंकटनगर पहुंचे, जहां पुत्री सुनीता बाई मां के साथ घटित घटना की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध कायमी के पश्चात मामले को विवेचना में लेकर सबूत जप्त करते हुए आहत एवं साक्षियों के कथन लेकर आरोपित को अभिरक्षा में लेकर अनुसंधान पूर्ण होने के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने आरोपित को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### शराब के आधा दर्जन अवैध अड्डों पर आबकारी का छापा

**कटनी, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में मदिरा के अवैध रूप से निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी अधिकारी आरके बघेल के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा विगत दिवस आबकारी वृत्त बड़वारा के ग्राम सुड्डी, बसाड़ी, निगहरा, परसवारा, पथरहटा, पिपरियाकला में छापामार कार्यवाही कर लगभग 1 लाख 23 हजार 600 रुपये का महुआ लाहन जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि प्राप्त सूचना पर विगत दिवस आबकारी टीम के द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा के 6 ग्रामों में कार्यवाही कर अलग-अलग स्थानों से लगभग 1200 किलोग्राम महुआ लाहन, 24 लीटर अवैध हांथ भट्टी मदिरा जब्त करते हुए 6 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जब्त महुआ लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 23 हजार 600 रुपये है। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार, आबकारी उपनिरीक्षक मोना दुबे, केशव प्रसाद उइके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, एसडी सिंह, कृष्ण कुमार पटेल, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, देवेन्द्र प्यासी, प्रियंका बोरकर की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# बाहयनाले पर कब्जे की कोशिश, खतरे में अस्तित्व

## कॉलोनी बनाने के नाम पर पुलिया निर्माण के लिए डाली मिट्टी और सीमेंट पाइप

**सिहोरा, देशबन्धु।** इन दोनों सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगातार नई-नई कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है इन कॉलोनीयों के निर्माण में ना तो शासकीय भूमि बच पा रही है और ना ही तालाब और नाले। कॉलोनी के निर्माण में ना तो नियम कायदे हैं और ना ही कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है बावजूद इसके नगरी प्रशासन एवं राजस्व विभाग चुपचाप खामोशी से इनकम कॉलोनी के निर्माण को हरी झंडी दे रहा है।

**कॉलोनी निर्माण से बाहयनाले का अस्तित्व खत्म होने की आशंका**–ऐसा ही एक मामला वार्ड नंबर 11 बाबाताल क्षेत्र अंतर्गत बाहयनाले से लगा हुआ है जहां एक नई कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है एवं इस कॉलोनी में लोगों के आने-जाने के लिए बाहयनाले पर पुल निर्माण कर कालोनाइजर को कालोनी निवासी लोगों के आवागमन के लिए इस नाले के अगल-बगल मिट्टी और मोरम डाल दी गई है साथ ही निर्माण के लिए सीमेंटेड पोल भी गिराए जा चुके हैं वही इस कॉलोनी से लगी हुई एक अन्य कॉलोनी भी है जिसने इस नाले पर निर्माण को लेकर करीब 1 वर्ष पूर्व नगर पालिका को सूचित कर कम पर रोक लगा दी थी नगर पालिका द्वारा जांच के आधार पर नवनिर्मित कालोनी के संचालक अकरम पिता रियाज अंसारी पर कार्यवाही करते हुए स्नद्धक्र तक



करने की प्रक्रिया कर दी थी लेकिन बाद में नगर पालिका प्रशासन ने काम रूकवाते हुए पारस रेजिडेंसी कॉलोनी के तरफ से एक दीवार नुमा बाउंड्री खड़ी कर दी थी साथ ही हिदायत दी गई थी कि कोई भी निर्माण कार्य नाले के ऊपर ना किया जाए लेकिन अचानक नगर पालिका प्रशासन एवं राजस्व विभाग ने इस नई कॉलोनी निर्माता के प्रति नरम रुख इफ्तार करते हुए पारस रेजिडेंसी की ओर से अपनी भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य को ही गलत ठहराते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी एवं तत्काल प्रभाव से इस निर्माण को हटाने की के आदेश भी जारी कर दिए गए।

**सरकारी जमीन पर भी नहीं कर सकते निर्माण**–सिहोरा नगर पालिका द्वारा बाय नॉलेज से लगी इस भूमि पर कराए गए निर्माण कार्य को सोमवार को नगर पालिका राजस्व अमले ने तोड़कर अलग कर दिया इस मामले में सीएमओ लक्ष्मण सिंह सरस ने बताया कि उक्त भूमि पर नगर पालिका द्वारा बाहय नाले के ऊपर पुल का निर्माण प्रस्तावित है जिसके चलते इस निर्माण कार्य को तोड़ा गया है वही एक बात सामने निकल कर आ रही है कि नगर पालिका द्वारा बाहय नाले पर पुलिया निर्माण का औचित्य क्या है आखिर बाहय नाले पर जहां नई कॉलोनी निर्मित की जा रही है उसे पर पुल का निर्माण कराकर किसे फायदा दिलाने की कोशिश की जा रही है।

**कॉलोनी संचालक के विरुद्ध हुई एफआईआर थी**–जब कॉलोनी निर्माता के ऊपर नगरपालिका एफआईआर दर्ज करा चुकी थी तो उसे फायदा दिलाने के लिए पुलिया निर्माण क्यूँ किया जा रही है आखिर इससे नगरपालिका को कौन सा फायदा मिलता दिखाई दे रहा है जबकि मुख्य नाले पर पुलिया निर्माण के बरसात में लोगों और कालोनियों में जल भराव का खतरा बढ़ जाएगा साथ ही बाहय नाले के आसपास की उक्त कृषि भूमि पर भी नुकसान हो सकता है लेकिन इन सब बातों को दरकिनार करते हुए नगरपालिका प्रशासन द्वारा कॉलोनी निर्माता अकरम पिता रियाज अंसारी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से किये जा रहे निर्माण पर कालोनी निवासीयों ने रोक की माँग की है।

**इनका कहना है**– बाहय नाले पर पुल निर्माण किये जाने का प्रस्ताव पी आई सी से पास हो चुका है इसी के चलते किये गए उक्त भूमि निर्माण को तोड़ा गया है।

**लक्ष्मण सिंह सारस,**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी

# बुलेट पर आए नकाबपोशों ने युवक पर दनादन दागी गोली

## नदी पार मुक्तिधाम के पास वारदात से हड़कम्प, आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर

**कटनी, देशबन्धु।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के अन्तर्गत नदीपार मुक्तिधाम के पास खड़े एक युवक को बुलेट पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। इस घटना में युवक को गंभीर चोटें आई हैं। गोली मारने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है और आरोपियों का भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बहरहाल आचार संहिता में हुए इस गोलीकाण्ड को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजीव गांधी वार्ड में




रहने वाला 28 वर्षीय विवेक कुशवाहा किसी काम से नदी पार मुक्तिधाम गया हुआ था। यहां पर वह किसी से बात कर रहा था, तभी दो युवक बुलेट पर सवार होकर आए। दोनों युवकों ने चेहरे पर गमछा डाला हुआ था ताकि कोई उनको पहचान न सके। बताया जाता है कि दोनों युवकों ने विवेक पर कट्टे से फायर कर दिया।

इस घटना से घबराए विवेक ने खुद को बचाने का प्रयास किया परंतु छर्रे उसके शरीर में कई जगह लग गए जिसके कारण वह लहुलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने पुलिस को आरोपियों की जानकारी दी है, जिसके आधार पर पड़ताल की जा रही है।

# तेज रफ्तार डंपर ने मवेशियों को रौंदा, 16 की हुई मौत



**डिंडोरी, देशबन्धु।** सोमवार की सुबह सिटी कोतवाली क्षेत्र के किकरझर गांव में रेत से भरे तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने सड़क पर चल रहे मवेशियों को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में लगभग 16 मवेशियों की मौत हो गई, वहीं सात घायल है। जैसे ही गौ पालकों को जानकारी मिली तो गुस्साए ग्रामीणों के सड़क प चक्काजाम कर दिया।

# छोटा हाथी गैस सिलेंडर वाहन में ब्लास्ट अफरा-तफरी







## ग्वारी-धनेटा गांव के बीच हादसा

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक की ग्राम पंचायत ग्वारी से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार पलक गैस एजेंसी का छोटा हाथी 13 से 14 गैस सिलेंडर लोड करके पाटन से शहपुरा की ओर गैस सिलेंडर वितरण करने जा रहा था। बताया जा रहा है कि ग्वारी और धनेटा के बीच में छोटा हाथी में अचानक से आग लग गई। वाहन में आग पकड़ते ही गैस सिलेंडर में पहला ब्लास्ट हुआ, उसके कुछ समय बाद दूसरा ब्लास्ट हुआ, जिससे पाटन-शहपुरा मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। किसान महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया वह शाम को अपने बड़ी बधिया खेत जिसमें धान लगी थी वहां था। तभी पाटन की ओर से पलक गैस एजेंसी का छोटा हाथी वाहन एमपी 20 एलए 9678 शाम 5.30 बजे के आसपास मेरे खेत के सामने पहुंचा, तभी वाहन में पहले एक सिलेंडर से ब्लास्ट हुआ फिर थोड़ी देर बाद दूसरे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ।

जिससे सड़क पर अफरा तफरी मच गई। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस एवं दमकल कर्मियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में छोटा हाथी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया है, वहीं वाहन का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया है।

**किसानों की सूझबूझ से बची सैकड़ों एकड़ धान की फसल** –ग्वारी गांव के किसानों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा आज टल गया। बताया जा रहा है जिस जगह पर ब्लास्ट हुआ था उसके आसपास के सभी किसानों के खेतों में ट्यूबवेल की व्यवस्था थी, यदि कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती तो खेत में लगे ट्यूबवेल को चालू कराकर आग पर काबू पाने में बहुत मदद मिल सकती थी। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

**इनका कहना है** –जब घटना के सम्बंध में पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य से बात की गई तो उनका कहना था कि घटना से सम्बंध में थोड़ी देर के बाद आपसे बात करता हूं अभी घटना के सम्बंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचने वाले है।

## एक तरफ बातचीत, दूसरी तरफ शह

अमेरिका एक तरफ इजरायल से अनुरोध कर रहा है कि मानवीय संकट से उबरने और बंधकों की रिहाई तक गाजा में युद्धविराम करे और दूसरी तरफ स्वेज नहर में गाइडेड मिसाइल से लैस परमाणु पनडुब्बी की तैनाती कर रहा है। अमेरिका का तर्क है कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने की दिशा में उसने यह कदम उठाया है लेकिन यह बात किसी से छिपी नहीं है कि अरब देशों द्वारा हमले की स्थिति में अमेरिका ने स्वेज नहर और फारस की खाड़ी में तैनात सैन्य बेड़े से इजरायल के लिए सुरक्षा कवच तैयार कर रखा है।

# आतंकी निज्जर की हत्या के पीछे था भारत

## कब दोगे इसक सबूत? भारतीय राजनयिक ने कनाडा प्रधानमंत्री को लपेटा

कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने ओटावा से भारत के खिलाफ लगाए गए आरोपों के समर्थन में सबूत जारी करने की मांग की है। द ग्लोब एंड मेल को दिए एक इंटरव्यू में वर्मा ने कहा कि अब तक कनाडा ने उस आरोप के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं, जिसमें कनाडाई प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि सिख आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। आतंकी निज्जर की इसी साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के एक गुरुद्वारे की पीछे कार पार्किंग जोन में हत्या कर दी गई थी।

वर्मा ने कहा, निज्जर की हत्या की जांच के मामले में हमें अब तक कोई विशिष्ट या प्रासंगिक जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने दो टूक लहजे में पूछा, सबूत कहाँ है? जांच का निष्कर्ष कहां है? मैं एक कदम आगे बढ़कर कहूंगा कि अब जांच पहले ही दागदार हो चुकी है क्योंकि सरकार में उच्च पद पर बैठे शख्स की तरफ से निर्देश आया है कि इसके पीछे भारत या भारतीय एजेंट हैं। उच्चायुक्त वर्मा ने यह भी कहा कि उन्हें कनाडा में धमकियां मिल रही हैं, जिसके कारण उन्हें आरसीएमपी सुरक्षा दी गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में कनाडा की संसद में कहा था कि खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार के एजेंट थे।



इस आरोप के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी आई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। उधर, ओटावा ने कहा है कि उसने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ विश्वसनीय आरोप साझा किए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन सहित कनाडा और उसके सहयोगियों ने भारत से इस मामले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है। इस बीच, द ग्लोब एंड मेल के लिए नैनोस रिसर्च द्वारा किए गए एक नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अधिकांश कनाडाई नागरिक चाहते हैं कि कनाडा उन सबूतों को सार्वजनिक करे जिसके कारण ट्रूडो ने भारत पर निज्जर की हत्या में संलिप्त होने का आरोप लगाया था। सर्वे में पाया गया कि 10 में से सात उत्तरदाता इस बात पर सहमत थे कि ओटावा को उसके पास जो भी सबूत हैं, उसका खुलासा करना चाहिए।

10 में से दो इस प्वाइंट से असहमत थे। यह हाइब्रिड ऑनलाइन और टेलीफोन सर्वेक्षण 1,000 से अधिक लोगों पर किया गया रैंडम सर्वे था जो 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। सर्वे 20 में से 19 बार प्लस या माइनस 3.1 प्रतिशत अंक तक सटीक माना गया है।

## आज का इतिहास

1832–प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता पंडित विश्वंभर नाथ का जन्म।
1862–मुग़ल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की रंगून में मौत।
1876–बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी।
1917–रूस में सफल बोल्शेविक क्रांति।
1951–जार्डन में संविधान पारित किया गया।
1954–दक्षिण भारतीय फ़िल्मों के सुपर स्टार भारतीय अभिनेता कमल हासन का जन्म।
1968–तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1996–अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया।
1998–अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की।
2000–भारत में हरित क्रांति के जनक सी. सुब्रह्मण्यम का निधन।
2002–अमेरिकी सीनेट के लिए हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिला।
2003–अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किया।

## सुडोकू 6369

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## तीन दिन में छह देश घूम आए एंटनी ब्लिंकन, मिडिल-ईस्ट में कोई क्यों नहीं मान रहा अमेरिका की बात?

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास जंग का आज 31वां दिन है। अमेरिकी अनुरोध के बावजूद इजरायल गाजा पट्टी पर हमले कम नहीं कर रहा है, जबकि मिडिल-ईस्ट के अरब देशों समेत दुनियाभर के कई देशों ने अमेरिका पर गाजा में हवाई और जमीनी हमले कम करने के लिए इजरायल पर दबान बनाने का दबाव बना रहे हैं। सभी को मिडिल ईस्ट में क्षेत्रीय तनाव और गहराने के आसार हैं क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री ने सीजफायर करने से इनकार कर दिया है। बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और अरब देशों के दबाव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को आगे किया है, ताकि वह अरब वर्ल्ड के मुस्लिम नेताओं समेत इजरायल और फिलिस्तीनी पक्ष से भी बातचीत करें और स्थिति को और गंभीर होने से रोकें। इस कड़ी में एंटनी ब्लिंकन पिछले तीन दिनों के अंदर तूफानी कार्यक्रमों के बीच तुर्की, इराक, इजरायल, वेस्ट बैंक, जॉर्डन और साइप्रस का दौरा कर चुके हैं और वहां के समकक्षों से बातचीत कर चुके हैं लेकिन कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा है।

**ब्लिंकन की चुनौती क्या**

ब्लिंकन के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती बीच-बीच का रास्ता तलाशने की है और यह सभी पक्षों के सहमत हुए बिना संभव नहीं है। शुक्रवार को जब ब्लिंकन ने इजरायली मंत्री से मुलाकात की और गाजा में मदद पहुंचाने और बंधकों की रिहाई होने तक युद्ध रोकने की गुजारिश की तो इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उसे सिरे से खारिज कर दिया और दो टूक कहा कि जब तक बंधकों की रिहाई नहीं होती, तब तक युद्धविराम का ख्याल बेमानी है। नेतन्याहू ने कहा, बंधकों की वापसी के बिना कोई युद्धविराम नहीं होगा। इसे शब्दकोष से पूरी तरह हटा देना चाहिए।

**अरब देशों के किन-किन नेताओं से मुलाकात**

अगले दिन जब ब्लिंकन जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचे, जहां जॉर्डन के विदेश मंत्री अलावा मिस्र, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिकों के साथ-साथ फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) के महासचिव भी बैठक में शामिल हुए। वहां अरब नेताओं ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया, लेकिन ब्लिंकन ने यह कहते हुए उसका विरोध किया कि गाजा पट्टी में युद्ध विराम से हमास को फिर से संगठित होने और इजरायल पर एक और हमला शुरू करने का समय मिल जाएगा।

**जॉर्डन के विदेश मंत्री की खरी-खरी**

इससे पहले जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी और मिस्र के विदेश मंत्री समेह हसन शौकरी ने अमेरिका के उस तर्क को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार है। सफ़ादी ने कहा, हम यह स्वीकार नहीं करते कि यह आत्मरक्षा है। इसे किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता और इससे ना तो इज़रायल को सुरक्षा मिलेगी और ना ही क्षेत्र में शांति नहीं आएगी। अयमान सफ़ादी का साफ तौर पर कहना था कि इसरायल युद्ध अपराध कर रहा है।

## वाशिंगटन में गोलीबारी में दो की मौत, 3 घायल

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राज्य वाशिंगटन में गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक बयान में टैकोमा पुलिस विभाग ने कहा कि अधिकारियों ने दिन के शुरुआती घंटों में शहर के अंदर कई गोलीबारी की रिपोर्ट दर्ज की। बयान में कहा गया है कि गोली लगने से 4 लोग घायल मिले, जिनमें से एक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बयान में कहा गया है कि तीन अन्य को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पतालों में ले जाया गया। सीएनएन ने पुलिस विभाग के हवाले से कहा, ऐसा माना जाता है कि संदिग्ध ने गोलीबारी से पहले पीड़ितों में से एक के साथ बातचीत की थी, लेकिन यह ज्ञात नहीं है कि वह पीड़ित को जानता था या नहीं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है। गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, इस साल अब तक अमेरिका में कम से कम 586 सामूहिक गोलीबारी हुई है।

## जंग के बीच प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दिया अल्टीमेटम

# कब और किन शर्तों पर गाजा पट्टी में हो सकता है सीजफायर

**नई दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दो टूक कहा है कि जब तक बंधकों की रिहाई और वापसी नहीं हो जाती, तब तक वह सीजफायर किसी भी हाल में नहीं हो सकता है। नेतन्याहू की यह टिप्पणी तब आई है, जब इजरायल के लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में दो शरणार्थी शिविरों पर हमला बोला है और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक का औचक दौरा किया है।

रॉयटर्स ने रेमन वायु सेना अड्डे पर अधिकारियों से बात करते हुए नेतन्याहू को कोट करते हुए लिखा है कि उन्होंने कहा, बंधकों की वापसी के बिना कोई युद्धविराम नहीं होगा। इसे शब्दकोष से पूरी तरह हटा देना चाहिए। यह बात हम अपने मित्रों से भी कहते हैं और शत्रुओं से भी। हम हमले तब तक जारी रखेंगे जब तक हम उन्हें हरा नहीं देते। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह बयान तब दिया है, जब एक दिन पहले ही अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने इजरायल सेअनुरोध किया था कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की मदद और राहत सामग्री पहुंचाने और प्रवेश की अनुमति देने के लिए इज़रायल हमलों को अस्थायी रूप से रोक दे। हालाँकि, इस मुद्दे पर अमेरिका को इज़रायल के विरोध का सामना करना पड़ा है। शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपने इजरायली समकक्ष से मुलाकात की थी, जिसमें ये अनुरोध किया था। इस बैठक के तुरंत बाद नेतन्याहू ने टेलीविजन पर अपनी टिप्पणी में जोर देकर कहा, मैंने स्पष्ट कर दिया है कि हम पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे। इजराइल किसी भी अस्थायी युद्धविराम से इनकार करता है, जिसमें हमारे बंधकों की रिहाई शामिल नहीं है। इसके साथ ही नेतन्याहू ने अपने शत्रुओं को अल्टीमेटम भी दिया है कि वो जल्द से जल्द बंधकों को रिहा कर दें। पिछले महीने 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों ने इजरायल पर अचानक हमला बोल दिया था, जिसमें 1400 लोगों की जान चली गई थी। हमास आतंकी 240 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ लेते चले गए थे।

इसके बाद इजरायल ने अपना आक्रामक अभियान शुरू किया था। इससे वर्षों में इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष में सबसे खूनी वृद्धि हुई। कथित तौर पर इजरायल के जवाबी हमलों और जमीनी हमले में गाजा पट्टी में लगभग 10,000 लोग मारे गए हैं।

## घर में आतंकी हमले, राजनीति में भी हुई कमजोर, कैसे पाकिस्तान सेना के आगे सबसे बड़ा संकट

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की सेना की भी हालत बदतर हो गई है। पाकिस्तान में आए दिन होने वाले आतंकी हमलों में आम लोगों के साथ सैनिकों की भी जान चली जाती है। इसके अलावा आतंकियों ने पाकिस्तानी सेना को टारगेट पर रखा है। पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर हमले बढ़े हैं। साल 2014 में टीटीपी के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन जर्ब-ए-अजब का बदला अब आतंकी भी लेने पर उतारू हैं।

वहीं इमरान खान के जुबानी हमलों की वजह से भी पाकिस्तानी सेना को नुकसान हुआ है। उसकी राजनीतिक पकड़ भी कमजोर हो गई है। आतंकियों को पालने वाली पाकिस्तानी सेना आज टीटीपी और अन्य आतंकी संगठनों का निशाना बन रही है। बीते सप्ताह सेना के काफिले पर हुए दो हमले में कम से कम 14 सैनिकों की मौत हो गई। ग्वादर और मियांवाली में ट्रेनिंग बेस कैंप पर आतंकियों ने हमला किया था। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की सेना की हालत और भी खराब होने



वाली है। आतंकियों ने यह तो केवल टेस्ट किया है। आगे चलकर वे बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि 2014 में भारी नुकसान के बाद पाकिस्तानी सेना ने आतंकी ठिकानों पर छापा मारा था।

इसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान भी शामिल था। हालांकि इस बार पाकिस्तान ने आतंकी संगठन के खिलाफ कोई बड़ा ऐक्शन नहीं लिया है।

### राजनीतिक समर्थकों ने भी सेना को बनाया निशाना

पाकिस्तान की सेना सिर्फ आतंकियों का ही निशाना नहीं बन रही है बल्कि आम लोगों ने भी कई बार ठिकानों पर हमला किया है। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भी लाहौर कॉर्प्स कमांडर के सेंटर पर भीड़ ने हमला कर दिया था और बड़ा नुकसान पहुंचाया था। पाकिस्तान के लिए तालिबान भी गले की फांस बना हुआ है। अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है और तालिबान से जुड़े संगठन पाकिस्तान के सीमाई इलाकों में मजबूत हो गए हैं। एक एक्सपर्ट ने कहा, टीटीपी अब काफी मजबूत हो गया है। इसे हथियार और पैसा कंधार से मिल रहा है। तालिबान हक्कानी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सेना तैयार करना चाहता है। पाकिस्तान में इन दिनों इसी वजह से आतंकी हमले हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि 2014 के ऑपरेशन के बाद टीटीपी कमजोर हो गया था लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान के लौटने से यह भी मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। भारतीय सेना के रिटायर्ड ले. जनरल अभय कृष्णा ने कहा कि अफगानिस्तान का तालिबान भी टीटीपी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से डरता है। उसे डर है कि कहीं यह आईएसआईएस से हाथ ना मिला ले। इसलिए तालिबान की सरकार टीटीपी पर कार्रवाई नहीं करती है और ऐसे में पाकिस्तान के सीमाई इलाकों में टीटीपी सैन्य ठिकानों को निशाना बना देता है।

## पत्रकारों के लिए खतरनाक बना फिलीपीन्स, लाइव शो को दौरान रेडियो जॉकी की हत्या

**मनीला।** फिलीपीन्स में रविवार को एक लाइव प्रोग्राम के दौरान रेडियो जॉकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने प्रांतीय समाचार प्रसारक जुआन जुमालोन के रेडियो स्टेशन में यह कहकर प्रवेश किया था कि वह एक श्रोता है। जुमालोन अपने घर से ही रेडियो स्टेशन चलाते थे। 57 साल के जुमालोन के सिर में गोली मारी गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें कि फिलीपीन्स में फर्डिनेंड मार्कोस के राष्ट्रपति बनने के बाद यह चौथे पत्रकार की हत्या है। पत्रकारों के संगठन ने इस हिंसा की निंदा की है।

फिलीपीन्स एक द्वीपों का देश है और इसे इस समय पत्रकारों के लिए सबसे खतरनाक देश बताया जाता है। आए दिन यहां पत्रकारों को मौत के घाट उतार दिया जाता है और आरोपी बचकर निकल जाते हैं। मार्कोस ने भी इस हत्या की निंदा की है और न्याय दिलाने की बात कही है। मार्कोस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पत्रकारों पर हो रहे इन हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे देश एक लोकतंत्र है।

## वर्ग पहेली 6369

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कलाकार, गुणवान निपुण (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल, वेग (उर्दू)
७. विफल (उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना, मांगना
११. गुत्थी, फंसाव, कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा, विपत्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. आज्ञापत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित, आज्ञा, आज्ञापत्र (उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम, उत्पादक जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना, अंतरित करना
१६. बचा-खुचा
१८. बाहरी, इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक, विभिन्न

## वर्ग पहेली-6368

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सा | २ मा | जि | ३ क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | र |
| ट्ट | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | ना | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | र्दि | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्ष | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ही | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ म | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


**मुद्दे** — *मिजोरम में सड़क-विकास की बदहाली में अटका वोट*

# मिजोरम में राष्ट्रीय दलों की मौजूदगी से मुश्किल में क्षेत्रीय पार्टियां

**आॅइजोल, (एजेंसियां)। अन्य राज्यों की तरह ही मिजोरम में भी चुनाव के मुख्य मुद्दे हैं, विकास और सड़कें। सड़कों की हालत बहुत दयनीय है। भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि मिजोरम में दर्ज की गई है। लोग मानते हैं कि विकास की बात तब की जा सकती है जब सड़कें अच्छी हों। इसके अलावा म्यांमार से।**

आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं। यह भी मानना पड़ेगा कि लोग सत्तारूढ़ सरकार के कामों से बहुत खुश भी नहीं हैं। लेकिन सड़क और विकास प्रमुख मुद्दा है।

चुनाव विश्लेषक बताते है कि विकास और सड़क मुख्य मुद्दे हैं। मिजोरम में सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। सरकार को ध्यान देना चाहिए था। वे कहते हैं सरकार भले कहे कि इस दौरान कोविड काल,



**■ म्यांमार से आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं**

म्यांमार शरणार्थियों का मामला रहा या मणिपुर के विस्थापितों को संभालने में वक्त गुजरा लेकिन लोग इस बात को सुनने को शायद ही तैयार हों। विकास की रफ्तार उतनी नहीं रही, जितनी की होनी चाहिए। किसान भी सरकार से बहुत खुश नहीं है। ऐसा लगता है कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से हटकर होगा। इस बार कुछ नया देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय पार्टियों के आने से इस बार क्षेत्रीय पार्टियां ज्यादा सजग हो गई हैं। पहली बार वोट करने वाली रिशा कहती हैं, मैं उस सरकार को चुनना चाहूंगी जो हमारी मूलभूत सुविधाएं पूरी कर सके। युवाओं को उनके कॅरिअर को बढ़ाने के अवसर देने वाली हो। उच्च शिक्षा के लिए हमको बाहर नहीं जाना पड़े। अच्छी सड़कें हों, परिवहन सुव्यवस्थित हो। यातायात अनुशासन के लिए मशहूर मिजोरम में सड़क हादसों की मौतों में भी देश में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई है। हाल ही में जारी 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई है। देश में कुल मिलाकर हर दिन 1,264 दुर्घटनाएं और 462 मौतें होती हैं या हर घंटे 53 दुर्घटनाएं और 19 मौतें होती हैं। मिजोरम में दुर्घटनाओं में 2021 में 56 लोगों की मौत हुई, जो 2022 में 113 हो गई, जिसमें 101.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 57 लोगों की मौत ओवरस्पीडिंग के कारण हुई, 13 की मौत नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई, 9 की मौत गाड़ी चलाने के कारण हुई और बाकी की मौत अन्य कारणों से हुई। चर्च, नागरिक समाज समूह और राजनीतिक दलों ने 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए आगामी चुनावों के लिए वोटों की गिनती की तारीख चुनाव आयोग से बदलने की मांग की है। पिछले महीने भी चर्च निकाय, राजनीतिक दलों और गैर सरकारी संगठनों ने संयुक्त रूप से चुनाव आयोग को मतगणना की तारीख को पुनर्निर्धारित करने के लिए लिखा था।

# खेल जगत

## विराट कोहली को सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज माना जाना चाहिए : रिकी पोंटिंग

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि वनडे में सर्वाधिक शतकों के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बराबरी करने के बाद विराट कोहली को बड़ी राहत मिली होगी। रविवार को ईडन गार्डन्स में विराट कोहली ने अपने 35वें जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। साथ ही इस मैच को भारत ने 243 रनों से जीता और अपना विजयी क्रम जारी रखा। विश्व कप के इस संस्करण में विराट कोहली के नाम अब 108.60 की विशाल औसत से कुल 543 रन हो गए हैं। पोंटिंग ने आईसीसी डिजिटल डेली एपिसोड में कहा, हो सकता है कि यह उनके लिए थोड़ा अजीब हो। मुझे लगता है कि वह सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।



# मेरे लिए अपने हीरो सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करना बड़े सम्मान की बात : विराट



**सचिन से प्रशंसा पाना मेरे लिए बेहद खास है**

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 6 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को अपना 35वां जन्मदिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में आईसीसी वन डे क्रिकेट कप के मैच में अपने शतक जड़ कर मनाया। मैदान पर हजारों क्रिकेट प्रशंसक विराट मास्क के साथ कोलकाता में ईडन गार्डन में मौजूद थे। सभी क्रिकेट प्रेमी उम्मीद कर रहे हैं कि विराट शतक जडने् के साथ सचिन तेंदुलकर के दुनिया में सबसे ज्यादा 49 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। विराट ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी कर कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान पर मौजूदा अपने प्रशंसकों को अपने जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट दी। मैच के शुरू होने से पहले ही मैदान के भीतर और बाहर एक ही गूंज सुनाई दे रही थी कोहली, कोहली। विराट ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया तो फिर कोहली, कोहली का शोर ईडन गार्डन में गूंज उठा। विराट की दुनिया जीतने की जिद उन्हें भारत ही ही नहीं दुनिया भर के बल्लेबाजों से अलग बनाती है। हेप्पी बर्डथे किंग, विराट। इसी तरह की पट्टियां हाथ में लिए क्रिकेट प्रेमी विराट को मैदान पर खेलते देखने के लिए बराबर मैदान पर मैच शुरू होने से घंटों पहले ही कोलकाता के ईडन गार्डन पर जुटने लगे थे। शतक जड़ विराट ने अपने हर प्रशंसक का दिल खुश कर दिया।

सचिन ने विराट को अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने कर टवीट कर बधाई दी। सचिन ने विराट से कहा कि मैं उम्मीद करता हूं तुम अगले कुछ ही दिनों मेरा यह (49 अंतरराष्ट्रीय वन डे शतक) का रिकॉर्ड तोड़ दोगो। विराट कोहली ने कहा, हमारे लिए दक्षिण अफ्रीका खिलाफ मैच हमारे लिए एक बड़ा मैच था। हम संभवत: सबसे मुश्किल खेल रहे थे और हमारे लिए यही बेहतर करने की प्रेरणा थी। लोगों ने मेरे लिए मेरा 35 वां जन्मदिन और खास बना दिया। मेरे लिए मेरे आदर्श सचिन तेंदुलकर का टवीट बेहद खास है। मेरे लिए अपने हीरो सचिन तेंदुलकर (49 वन डे अंतरराष्ट्रीय शतकों) के रिकॉर्ड की बराबरी करना बड़े सम्मान की बात है। सचिन बेहद निपुण बल्लेबाज हैं। मेरे लिए यह बेहद भावुक क्षण है। मुझे वे दिन याद हैं जब मैं सचिन पा जी को टेलीविजन पर बल्लेबाजी करते देखा करता था। सचिन से प्रशंसा पाना मेरे लिए बेहद खास है। ओपनर जब इस आतिशी अंदाज में आगाज करते हैं तो तब यह लगता पिच बहुत सपाट है। । जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो तब पुरानी गेंद से स्थितियां बदल गई। हमे अपने प्रबंधन से मेरे लिए संदेश यही था कि मुझे आखिर तक बल्लेबाजी करनी है और इस सोच से खुश था। हम यह जानते है कि जब हमने 315 के करीब का स्कोर बना लिया तो यह सामान्य से कुछ उपर था। मैं क्रिकेट खेलने का लुत्फ उठा रहा और इससे भी ज्यादा अब अहम यह है कि मैं फिर से टीम के लिए योगदान कर पा रहा हैं।

विराट की सबसे बड़ी खासियत यह मैच जितना बड़ा और चुनौतीपूर्ण होता है वह उतना ही बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विराट जब मैदान पर आए तो उनके आईपीएल फ्रेंजाइजी आरसीबी के साथी और दुनिया के पहले 360 डिग्री खिलाड़ी के रूप में ख्यात एबीडी विलियर्स ने ईडन पर उनका गले लगा कर स्वागत किया। हर दर्शक की जुबां पर एक ही नाम वी के यानी किंग कोहली। भारत के विजयरथ के सरपट दौड़ने का कारण है कि उसके गेंदबाजों ने बराबर प्रतिद्वंद्वी टीम को पूरा आउट किया है।

# सेमीफाइनल में जगह के लिए अफगान लड़ाकों का कल पहला इम्तिहान



**मुंबई,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को कड़ा इम्तिहान देना होगा।

आंकड़ों के अनुसार अगर अफगानिस्तान विश्व कप में अपने शेष दोनों मैच जीत लेता है तो वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा लेकिन इसके लिए उसे कल ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से पार पाना होगा। यह पहला मौका है जब अफगानिस्तान विश्व कप के इतने नजदीक पहुंचा है। अफगान लड़ाके जीत की हैट्रिक लगाने के बाद उत्साह से लबरेज हैं। दूसरी ओर पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया दो शुरुआती झटकों के बाद पूरी लय में है। उसे दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच मैच जीतकर फॉर्म हासिल कर लिया है और सेमीफाइनल की दहलीज में खड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफाइ करने की उम्मीदें मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल की संभावित उपलब्धता से बढ़ गई हैं। यह देखना होगा कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और कैमरून ग्रीन, मार्श और मैक्सवेल के लिए रास्ता बनाते हैं, या विशेषज्ञ बल्लेबाजों में से एक को किनारे पर रखा जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पास हर विभाग में स्तरीय खिलाड़ी हैं, इसलिए अगर अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम ज़म्पा ने पूरे टूर्नामेंट में विपक्षी बल्लेबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और वर्तमान में उनके नाम 17.15 की औसत से कुल 19 विकेट हैं। टूर्नामेंट में शुरुआती मैच के दौरान जम्पा विकेट नहीं ले पाये। लेकिन उसके बाद उन्होंने लेग-स्पिन गेंदबाजी में चार विकेट और दो बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है। दूसरी ओर अफगानिस्तान के पास भी गुणवत्ता वाले स्पिनरों की अपनी श्रृंखला है।

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने सबसे अधिक 282 रन बनाये है। वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज़ 33.42 की औसत से 234 रन बनाये है। गुरबाज का स्ट्राइक रेट 99.15 है। अगर अफगानिस्तान को ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना है तो पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत करनी होगी। गुरबाज तेजी से रन बनाते हैं और वह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बनाने और अपनी टीम को बढ़त दिलाने में सक्षम हैं।

# द.अफ्रीका अगली बार वर्ल्ड कप में भारत को हरा देगी : रॉब वाल्टर



**कोलकाता।** वर्ल्ड कप 2023 में भारत का दमदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को दक्षिण अफ्रीका के कोच रॉब वाल्टर ने मेजबान टीम से 243 रनों की करारी हार के बाद भारत की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें बेहद शानदार, बेहद संतुलित और बेहद कुशल टीम करार दिया। बर्थडे बॉय विराट कोहली के 49वें वनडे शतक और श्रेयस अय्यर के शानदार 77 रन के साथ, भारत ने पहले बल्लेबाजी करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सामने 326/5 का स्कोर बनाया। साथ ही अपनी शतकीय पारी के दौरान विराट कोहली ने वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। 327 रन का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने कोई मौका नहीं दिया। रवींद्र जडेजा ने मात्र 33 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हो गई। रॉब वाल्टर ने मैच के बाद कहा, भारत एक बेस्ट टीम है। उन्होंने हर मैच दमदार अंदाज में जीता है। आपको यह विश्वास करना होगा कि यदि आप अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं, तो आपको भी मौका मिलेगा। अब तक सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और भारत ने अपनी जगह पक्की की है। वाल्टर का मानना है कि अगर दक्षिण अफ्रीका फिर से नॉकआउट में भारत से भिड़ता है तो उसके पास पासा पलटने की क्षमता है।

अफ्रीकी कोच ने आगे कहा, हम पहले से ही जानते हैं कि मार्को जानसेन नई गेंद से क्या कर सकते हैं। भारत के खिलाफ उनका दिन अच्छा नहीं रहा। वह युवा खिलाड़ी है जो विश्व कप में अब तक शानदार रहा है। हमारी टीम ने टूर्नामेंट में शानदार परफॉर्म किया है। ये काफी फनी गेम है और आपको हर एक दिन कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है और हर एक दिन सरप्राइज भरा होता है। इसलिए मुझे हैरानी नहीं होगी, अगर अगले मैच में पासा पलट जाए। भारत की टीम काफी जबरदस्त है। उनकी टीम काफी बैलेंस्ड और स्किलफुल है। उन्होंने हर एक मैच जीता है और काफी अच्छी तरह से जीता है। बायें हाथ के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जानसन ने अपने स्पैल में 94 रन दिए, जो पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप इतिहास में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज के लिए सबसे महंगा भी है। लेकिन वाल्टर ने उन्हें वापसी करने और बाकी प्रतियोगिता में दक्षिण अफ्रीका के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन दिया। खिलाड़ियों के लिए यह एक उपहार है। इस तरह के मैच में दर्शकों की भीड़ रहती है और उनके सामने प्रदर्शन करना खास है। बड़े मैचों में खिलाड़ियों को सीखने के बहुत सारे अवसर मिलते हैं। यह वास्तव में एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का अवसर था। भारत के खिलाफ मिली हार पर कोच ने चेंजिंग रूम का जिक्र करते हुए कहा, अगर आप अभी चेंजिंग रूम में जाएंगे, तो आप पाएंगे कि लोगों का एक समूह बेहद निराश है कि हम उस अद्भुत अवसर को लाभ उठाने में सक्षम नहीं थे, जहां हमारे लिए अपना कौशल दिखाने का एक शानदार अवसर था।

# असलंका का शतक, श्रीलंका ने बांग्लादेश को 280 रन का लक्ष्य दिया

- हेल्मेट के चलते एंजेलो मैथ्यूज टाइम हुए
- दोनों ही टीमें पहले ही विश्वकप से हो चुकी हैं बाहर



**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने वर्ल्ड कप के 38वें मैच में बांग्लादेश को जीत के लिए 280 रन का लक्ष्य दिया है। श्रीलंका के लिए चरिथ असलंका (108 रन) ने शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं, बांग्लादेश के लिए तंजीम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। सोमवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे 2023 क्रिकेट विश्व कप के मैच में पहले ही बाहर हो चुके बांग्लादेश के खिलाफ चरिथ असलंका के शतक के दम पर श्रीलंका ने 49.3 ओवर में 279 रन बनाए।

शुरुआत में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अच्छी शुरुआत करने के इरादे से उतरी श्रीलंका को शुरुआती ओवर में ही ओपनर कुसल परेरा के रूप में झटका लगा। हालांकि, खराब शुरुआत के बाद ओपनर पथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा ने 41-41 रन बनाए। यहां से श्रीलंकाई पारी थोड़ी संभली। अंतिम ओवरों में धनंजय डी सिल्वा (34 रन) की बदौलत श्रीलंका ने 279 रन का बनाए। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और कप्तान शाकिब अल हसन को 2-2 विकेट लिए।

### एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बने

श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। एंजलो मैथ्यूज टाइम आउट हो गए हैं। वे क्रीज पर बॉल खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन पहनते समय उनके हेलमेट का स्ट्रेप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया और बॉल खेलने में देरी हो गई। इस बीच शाकिब ने टाइम-आउट की अपील की। मैथ्यूज और बांग्लादेश टीम के साथ बातचीत के बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने श्रीलंकाई बल्लेबाज को टाइम आउट घोषित कर दिया। एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेबाज को आखिरी विकेट गिरने के 3 मिनट के अंदर बॉल खेलने को तैयार होना पड़ता है। ऐसा नहीं होने पर फील्ड अंपायर अपील पर आउट दे सकता है।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 0 | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |

## सार संक्षेप

### श्रीलंका सरकार ने देश के क्रिकेट बोर्ड को किया बर्खास्त

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ विश्व कप 2023 के लीग मैच में 302 रनों से मिली करारी हार के बाद वहां के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया है। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने विश्वकप में भारत से 302 रनों से मिली हार के बाद बोर्ड के सभी सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है। खेलमंत्री कार्यालय ने यहां जारी एक बयान में कहा देश के 1996 विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खेल मंत्री रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट के लिए अंतरिम समिति का गठन किया है। नए सात सदस्यीय पैनल में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज और एक पूर्व बोर्ड अध्यक्ष भी शामिल हैं। सरकार ने यह कदम बोर्ड के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी मोहन डी सिल्वा के पद छोड़ने के एक दिन बाद आया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह मेजबान भारत के हाथों श्रीलंका की विश्व कप में 302 रन से हार के बाद रणसिंघे ने सार्वजनिक रूप से पूरे बोर्ड के इस्तीफे की मांग की थी।

### सिदरा अमीन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**ढाका।** पाकिस्तान की खिलाड़ी सिदरा अमीन पर बंगलादेश खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

शुक्रवार को पाकिस्तान महिला बनाम बंगलादेश महिला मुकाबले के दौरान यह घटना पाकिस्तान की पारी के छठे ओवर में घटी जब सिदरा ने लेग बिफोर विकेट दिए जाने पर असहमति जताई। वह मैच में सिर्फ सात रन ही बना सकीं। आईसीसी की जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कार्मिक के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

# अच्छे प्रदर्शन से टीम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में खिताब जीते : सविता

**नई दिल्ली।** गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई में भारत ने पिछले चैंपियन जापान को रविवार देर रात रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में 4-0 से हराकर खिताब जीत हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में मेजबान चीन से हार कर खिताब जीतने से चूकने की टीस बहुत हद तक मिटा दी। भारतीय महिला हॉकी टीम दूसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया है। भारतीय महिला हॉकी टीम का लक्ष्य अब 13 से 19 जनवरी, 2014 तक रांची में एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में महिला एशियन चैंपियन ट्रॉफी की खिताबी जीत के प्रदर्शन को दोहरा कर सीधे अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है।

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए जापान के खिलाफ महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में संगीता कुमारी, नेहा, ललरेमसियामी और वंदना कटारिया ने एक एक गोल किया। संगीता कुमारी ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छह गोल कर टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी का अवार्ड जीता जबकि झारखंड की ही सलीमा टेटे टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। भारतीय महिला हॉकी टीम की रविवार को महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जापान पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ खिताब जीतने पर कप्तान सविता ने बताया कि उनकी टीम के लिए यह बड़ी खिताब जीत क्यों अहम है। सविता ने कहा, %हम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में एक लक्ष्य के साथ आए थे। हमारी टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस



ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद हम रांची में सीधे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के मकसद से उतरी थी। हमारी टीम बेहद आक्रामक हॉकी खेली ।हमने पहल की क्योंकि हमारे पास इस इसके मुताबिक खेलनी वाली खिलाड़ी थी और हर किसी ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर यह सुनिश्चित किया कि हमारी टीम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीते। हमारा लक्ष्य हमेशा ही अभ्यास के बढ़िया प्रदर्शन को मैच में मैदान पर दिखाने का रहा है। अब हमारे पास एफआईएच महिला हॉकी क्वॉलिफायर्स की तैयारी के लिए वक्त है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम इसमें अपनी पूरी क्षमता के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने टूर्नामेंट में अपनी टीम के जेहनी तौर पर बढ़िया प्रदर्शन के लिए तारीफ की। शॉपमैन ने कहा, % हम बतौर टीम बहुत बढ़िया खेले और टीम की हर खिलाड़ी में बेहतर करने का जज्बा दिखा। मैं अपनी टीम के मैदान पर बढ़िया प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। हमारी खिलाड़ी पेनल्टी कॉर्नर पर स्थितियों के मुताबिक वेरिएशंस करनी दिखी। हमारी टीम में अब कई खिलाड़ी हैं जो गोल कर सकती है और साथ ही कुछ मजबूत डिफेंडर भी हैं। हमारा पूरे टूर्नामेंट में हमने पेनल्टी कॉर्नर मात्र दो गोल खाए और हमारे खिलाफ एक भी मैदानी गोल नहीं हुआ। हम जानती हैं कि हमारी टीम में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का दम है बस हमें यह साबित करना होगा कि हम एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर्स में भी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के चैंपियन चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया और थाईलैंड से अपने पांचों राउंड रॉबिन लीग मैच अंक तालिका में कुल सबसे 15 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पाया और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-0 से और फाइनल में जापान को 4-0 से शिकस्त दी।भारतीय महिला हॉकी टीम ने अजेय रहते हुए महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता अैर पर हॉकी इंडिया ने टीम की हर सदस्य को इनाम के रूप में तीन- तीन लाख रुपये और सपोर्ट स्टाप के हर सदस्य को बतौर इनाम डेढ़-डेढ़ लाख के इनाम की घोषणा की।

# विराट ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई : आकाश चोपड़ा

**कोलकाता।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने विश्व कप 2023 में दक्षिण अफ्रीका पर टीम की 243 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विराट कोहली की नाबाद 101 रन की प्रशंसा की। रविवार को ईडन गार्डन्स में कोहली ने अपने 35वें जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बर्थडे बॉय विराट कोहली के 49वें वनडे शतक और श्रेयस अय्यर के शानदार 77 रन के साथ, भारत ने पहले बल्लेबाजी करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सामने 326/5 का स्कोर बनाया। साथ ही अपनी शतकीय पारी के दौरान विराट कोहली ने वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। 327 रन का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने कोई मौका नहीं दिया। रवींद्र जडेजा ने मात्र 33 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हो गई।

आकाश चोपड़ा ने कहा, विराट कोहली बहुत संयमित तरीके से खेले क्योंकि एक समय ऐसा था जब भारतीय टीम थोड़ी परेशानी में दिख रही थी। गेंद उस तरह से नहीं आ रही थी, जिस तरह से वे चाहते थे और कोई भी आसानी से रन नहीं बना पा रहा था। तभी, श्रेयस अय्यर और कोहली साझेदारी करने में कामयाब रहे। विराट 40वें ओवर की समाप्ति पर 75 रन पर पहुंच गए थे और पारी के अंत तक मात्र 26 रन बनाने में सफल रहे। इसे लेकर कुछ चर्चा हुई कि क्या यह सही था या गलत, क्योंकि अंतिम ओवरों में भारतीय बल्लेबाज ज्यादा रन बनाने में सफल नहीं रहे थे। लेकिन, चोपड़ा ने कहा कि विराट को ड्रेसिंग रूम से संदेश यही मिला था कि वह अंत तक बल्लेबाजी करें। इसलिए, अगर उन्हें यही भूमिका सौंपी गई थी, तो उन्होंने इसे पूरी तरह से निभाया।

### सुडोकू 6369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

| SENSEX | BSE | 64958.00 ▲ 594.91 | 19411. 75 ▲ 181.15 | MCX | Gold 60901 ▼119 | silver 72260 ▲ 08 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया दो पैसे टूटकर 83.22 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर 83.22 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का लाभ जाता रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान ने रुपया को निचले स्तर पर समर्थन दिया और गिरावट को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.17 के भाव पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.24 के निचले स्तर तक गया और अंत में 83.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



## 110 डॉलर पहुंचा कच्चा तेल, तो आरबीआई को बढ़ानी पड़ सकती हैं ब्याज दरें: मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली।** अगर लंबे समय तक तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहती हैं, तो मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि इससे भारत की आर्थिक स्थिरता को खतरा हो सकता है, जिससे संभावित रूप से केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में वृद्धि फिर से करनी पड़ सकती है। दुनिया में तेल के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, भारत कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर एशिया में सबसे ज्यादा प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति 50 बेसिस पॉइंट तक बढ़ जाती है और करंट अकाउंट बैलेंस में 30 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी होती है।

**कच्चे तेल की कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था को कर सकती है अस्थिर-** मॉर्गन स्टेनली ने चेतावनी दी है कि अगर तेल 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया तो यह भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है। इससे घरेलू ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं और मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, करंट अकाउंट डेफिसिट के जीडीपी की 2.5 प्रतिशत सीमा से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है।

# धान की पैदावार ने बढ़ाई चिंता, धीमी हुई रबी की बुआई

### अल नीनो का प्रभाव जून 2024 तक



*__नई दिल्ली।__ भारत में रबी फसल का रकबा आम तौर पर बढ़ा है, जो उत्साहजनक है। देश में तिलहन और अन्य फसलों, विशेष रूप से चना, मसूर और मटर में भी वृद्धि देखी गई है, लेकिन गेहूं की धीमी बुआई ने चिंता पैदा कर दी है।*

ऐसा इसलिए कि बारिश अपेक्षाकृत कम हुई है। इसके अलावा अल नीनो का प्रभाव जून 2024 तक देखा जाएगा, जिसका भारत की खेती-किसानी पर भी पड़ेगा। रबी की बुआई बढ़ने के साथ-साथ फसलों के रकबा में सामान्य वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी का कुल रकबा 120.50 लाख हेक्टेयर है, जो एक साल पहले 115.83 लाख हेक्टेयर था। दूसरी ओर इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई और अक्टूबर में कम बारिश से फसलों का कवरेज पिछले वर्ष के बराबर नहीं है। इसे बुआई धीमी हो गई है। 1901 की तुलना में अक्टूबर में भारत में छठी सबसे कम वर्षा देखी गई।

अनुमान है कि उत्तर-पूर्वी मानसून, जो अक्टूबर के अंत में शुरू हुआ, आने वाले सप्ताह में अधिक बारिश कर सकता है। धान के रकबे में गिरावट : पिछले वर्ष के 6.11 लाख हेक्टेयर की तुलना में, अब 5.56 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है। यह परेशान करने वाली बात है क्योंकि, अनुमान के मुताबिक खरीफ के चावल का उत्पादन कम हो गया है।

### ज्वार और मक्का का रकबा बढ़ा

ज्वार और मक्का का रकबा बढ़कर क्रमशः 1.80 लाख हेक्टेयर और 8.93 लाख हेक्टेयर हो गया है। बाजरे का क्षेत्रफल अभी भी 2,000 हेक्टेयर है। आंकड़ों के मुताबिक मोटे अनाज का कवरेज पिछले वर्ष के 7.78 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 11.21 लाख हेक्टेयर हो गया है। अभी बुआई में महाराष्ट्र सबसे आगे है। इस साल तिलहन की बुआई का कुल रकबा 47.53 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले साल के 43.64 लाख हेक्टेयर से अधिक है। **अल नीनो प्रभाव**- अल नीनो, जो प्रशांत महासागर में गर्मी बढ़ने के कारण आता है, भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भविष्यवाणी की गई है कि यह भारत को कम से कम जून 2024 तक प्रभावित करेगा।

# गेहूं की औसत कीमत से भी सस्ता मिलेगा सरकारी आटा

*__नई दिल्ली।__ दीवाली से पहले आटे की महंगाई से परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है कि अब उन्हें यह सस्ता मिल सकेगा। केंद्र सरकार ने रियायती दर पर आज आटा बेचने की शुरुआत की है। यह आटा देश भर में गेहूं की औसत खुदरा कीमत से भी कम दाम पर मिलेगा। साथ ही यह आटे की औसत खुदरा मूल्य से भी काफी कम है।*




**सरकार 27.50 रुपये किलो की रियायती दर पर बेचेगी आटा-** केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए आज से रियायती दर पर आटा बेचने की शुरुआत की है। सरकार 27.50 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर आटा बेचने जा रही है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने आज इस सस्ते आटे को बेचने की शुरुआत की। यह आटा भारत आटा नाम से बेचा जाएगा। इस आटे की बिक्री भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन, मदर डेयरी के सफल आउटलेट, केंद्रीय भंडार व अन्य सहकारी एजेंसियों के माध्यम से ही की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा बेचे जा रहे इस रियायती आटे की कीमत गेहूं की औसत खुदरा कीमत से भी कम होगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार देश भर में गेहूं की औसत खुदरा कीमत 30.62 रुपये किलो है, जबकि रियायती आटा 27.50 रुपये किलो मिलेगा। इस तरह यह आटा गेहूं के औसत खुदरा मूल्य से 3 रुपये किलो सस्ता होगा।

आटे के औसत मूल्य से रियायती आटे की कीमत करीब 9 रुपये किलो कम होगी। विभाग के अनुसार देश भर में आटे की औसत खुदरा कीमत 35.93 रुपये किलो हैं, जबकि रियायती आटा 27.50 रुपये किलो मिलेगा। विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश के विभिन्न खुदरा बाजारों में आटा 27 से 70 रुपये किलो बिक रहा है

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा



*__मुंबई।__ स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 595 अंक का उछाल आया। निफ्टी भी 19,400 अंक के ऊपर पहुंच गया।*

वैश्विक बाजारों में अनुकूल रुख के बीच आईटी, निजी बैंक और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तेजी के साथ बाजार मजबूत हुआ।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 594.91 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 64,958.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 181.15 अंक की तेजी के साथ 19,411.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व सर्वाधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और टाइटन में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में नौकरियों में कम वृद्धि तथा फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) की मौद्रिक नीति के आक्रामक रुख में नरमी आने की संभावना से बाजार में उम्मीदें बनी हुई हैं। चूंकि ज्यादातर चुनौतियां वैश्विक हैं, ऐसे में निवेशकों की धारणा अब घरेलू कंपनियों की ओर है। घरेलू बाजार में त्योहारों को लेकर मांग अच्छी है।

### 3 लाख करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में जोरदार उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाईजेशन 318.17 लाख करड़ों रुपये पर जाकर क्लोज हुआ है जो इससे पहले सेशन में 315.17 लाख करोड़ रुपये रहा था. आज के ट्रेड में मार्केट कैपिटलाईजेशन में 3 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

# फिच ने भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.2 फीसदी किया

*__नई दिल्ली।__ देश की अर्थव्यवस्था के लिए दिवाली से पहले अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.2 फ़ीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने अपने अनुमान में 0.70 फ़ीसदी का इजाफा किया है। इससे पहले फिच रेटिंग्स ने भारत के विकास दर का अनुमान 5.5 फ़ीसदी रखा था।*



रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि हमने भारत और मेक्सिको में बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया है। एजेंसी के मुताबिक भारत की विकास दर का अनुमान 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.2 फीसदी और मेक्सिको का ग्रोथ अनुमान 1.4 फीसदी से बढ़ाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। फिच ने कहा कि भारत में 2020 में तेज गिरावट के बाद श्रम बल भागीदारी दर में तेजी से सुधार होने के कारण विकास दर का अनुमान बढ़ाया गया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 फ़ीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, फिच ने चीन के लिए विकास दर का अनुमान 5.3 फीसदी से कम करके 4.6 फीसदी, रूस के लिए 1.6 फीसदी से कम करके 0.8 फीसदी, कोरिया के लिए 2.3 फीसदी से घटाकर 2.1 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका के लिए ग्रोथ का अनुमान 1.2 फीसदी से 1.0 फीसदी कर दिया है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62250 चांदी रिफाइन - 74400

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62250 चांदी रिफाइन - 74400


# दीपावली 2023 पर एसबीआई, पीएनबी समेत कई बैंक दे रहे ग्राहकों को होम लोन के ऑफर

*__नई दिल्ली।__ भारत में इस वक्त फेस्टिवल सीजन चल रहा है। आने वाले दिनों में धनतेरस, दिवाली, भाई दूज और छठ जैसे कई त्योहार मनाए जाएंगे. इस दौरान लोग बड़े पैमाने पर घर और कारें खरीदते हैं।*

ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई बड़े बैंक अपने ग्राहकों को दमदार होम लोन ऑफर देते हैं। आज हम ऐसे ही कुछ बैंकों के बारे में बात कर रहे हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बैंक के नाम शामिल हैं। इन सभी बैंकों ने दिवाली 2023 पर फेस्टिव होम लोन ऑफर शुरू किए हैं।

**दिवाली पर एसबीआई होम लोन ऑफर करता है-** धनतेरस और दिवाली के मौके पर भारतीय स्टेट बैंक एक खास ऑफर लेकर आया है। यह विशेष ऑफर 1 सितंबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 के बीच वैध है। एसबीआई इस विशेष अभियान (एसबीआई फेस्टिव होम लोन ऑफर) के माध्यम से ग्राहकों को ब्याज दर में भारी छूट दे रहा है। ग्राहकों को अधिकतम 0.65 प्रतिशत यानी क्रेडिट स्कोर के हिसाब से 65 बेसिस प्वाइंट तक की छूट का फायदा मिल रहा है।

**पंजाब नेशनल बैंक दिवाली के लिए होम लोन ऑफर करता है-** पंजाब नेशनल बैंक भी अपने ग्राहकों को दमदार होम लोन ऑफर दे रहा है. अगर आप इस धनतेरस और दिवाली पर बैंक से होम लोन लेते हैं, तो बैंक 8.40 प्रतिशत की शुरुआती दर पर होम लोन देगा।

इसके अलावा, बैंक प्रोसेसिंग और डॉक्यूमेंटेशन फीस पर भी किसी प्रकार का चार्ज नहीं लेता है। होम लोन लेने के लिए आप पीएनबी की वेबसाइट पर जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आप टोल-फ्री नंबर 1800 1800/1800 2021 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**दिवाली के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा से होम लोन की पेशकश-** बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवाली के मौके पर फीलिंग ऑफ फेस्टिवल विद बीओबी नाम से एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह कैंपेन 31 दिसंबर 2023 तक वैध है।

इस फेस्टिवल ऑफर के जरिए ग्राहकों को 8.40 फीसदी की शुरुआती दर पर होम लोन ऑफर किया जा रहा है। इसके साथ ही बैंक ग्राहकों से कोई प्रोसेसिंग फीस भी नहीं लेता है.




### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.21 |
| एक यूरो | 89. 39 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103 . 10 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 11 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 78 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# क्रोमा के फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स में दिवाली के लिए टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप और स्मार्टफोन पर शानदार डील्स की आतिशबाज़ी

**मुंबई।** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आपके सपनों को साकार करने के लिए आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है। सभी ऑफ़र पर नियम और शर्तें लागू होती हैं। यदि आप घर पर शानदार मनोरंजन अनुभव का आनंद लेना चाहते हैं, तो क्रोमा से 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच 4के एलईडी टीवी खरीदें, केवल 2990 रुपये प्रति माह की आसान ईएमआई सुविधा के साथ। यदि आप सैमसंग टीवी के प्रशंसक हैं, तो आपके लिए प्रस्तुत है एक विशेष ऑफर सैमसंग लाइफस्टाइल फ्रेम टीवी हर महीने इतनी ही कीमत पर खरीदा जा सकता है और इसके साथ मिलता है 8990 रुपयों का बेज़ल मुफ्त। एमएस ऑफिस के साथ इंटेल कोर आई3 लैपटॉप की कीमतें 30,900 रुपये से शुरू होती हैं। इतना ही नहीं, टेक गेम का और भी ज़्यादा मज़ा पाने के लिए क्रोमा आकर्षक ईएमआई डील्स की पेशकश कर रहा है। जब आप लैपटॉप खरीदते हैं, तो आपको 24 महीने तक के ईएमआई की सुविधा मिलती है, इसलिए अब कनेक्टेड रहना और प्रौद्योगिकी की दुनिया में सबसे आगे रहना बहुत आसान हो गया है।

# खुदरा वाहन बिक्री में अक्टूबर में 7.83 प्रतिशत गिरावट -फाडा


*__नयी दिल्ली।__ घरेलू बाजार में खुदरा वाहन बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 7.73 प्रतिशत गिरकर 21,17,596 इकाई रह गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुख्य रूप से श्राद्ध की अवधि में दोपहिया वाहनों की खरीद गिरने के कारण नई खरीदारी प्रभावित हुई है।*

फाडा ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर, 2022 में घरेलू बाजार में खुदरा वाहन बिक्री 22,95,099 इकाई रही थी। फाडा द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 12.60 प्रतिशत घटकर 15,07,756 इकाई रही, जो पिछले साल अक्टूबर में 17,25,043 इकाई थी। इसी तरह, यात्री वाहन खंड में भी अक्टूबर में खुदरा बिक्री 1.35 प्रतिशत गिरकर 3,53,990 इकाई रही, जो अक्टूबर, 2022 में 3,58,884 इकाई रही थी। दूसरी ओर, तिपहिया वाहनों की बिक्री अक्टूबर में 45.63 प्रतिशत बढ़कर 1,04,711 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 71,903 इकाई थी। ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री भी अक्टूबर में 6.15 प्रतिशत बढ़कर 62,440 इकाई हो गई, जो अक्टूबर, 2022 में 58,823 इकाई थी। इस साल अक्टूबर में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 10.26 प्रतिशत बढ़कर 88,699 इकाई हो गई, जबकि एक



साल पहले इसी महीने में यह 80,446 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा,इस महीने में अशुभ माना जाने वाला श्राद्ध काल 14 अक्टूबर तक रहा। नतीजतन, यह आंकड़े भारतीय वाहन खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के वास्तविक प्रक्षेपवक्र को सटीक रूप से नहीं दिखाते हैं। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर के पहले 15 दिन में (श्राद्ध का समय) सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन पूरे महीने की तुलना करने पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दिखती है, जो अच्छी बाजार मांग का संकेत है।


## ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

### टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन

### डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# कांग्रेस पूर्ण बहुमत से अधिक सीटें जीतेगी और पूरे 5 साल सरकार चलायेगी: जयराम रमेश

## कांग्रेस महासचिव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान किया दावा



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं मीडिया सेल के अध्यक्ष जयराम रमेश ने कहा है कि इस बार पार्टी को पूरा भरोसा है कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत से ज्यादा विधायक हमारे जीतेंगे इससे बीच में सरकार को अस्थिर करने वाला घटनाक्रम पूर्व की तरह नहीं घटेगा। प्रदेश के मतदाता इसी बात को ध्यान में रखते हुये 17 नवंबर को अपना आशीर्वाद वोट के रूप में देंगे। वे सोमवार को नगर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2018 में बनी कांग्रेस की सरकार गिराकर प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनने पर कहा जिन्होंने हमें धोखा दिया था। वे सभी सांप-कौवा बाहर निकल गये हैं। 2023 में जो हमारी सरकार बनेगी वह पूरे 5 साल तक चलेगी। भाजपा की घबराहट का अंदाजा तो सिर्फ इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वे केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़वा रही है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने बताया अभी राहुल गांधी की मिनी भारत जोड़ो यात्रा चल रही है, पार्ट टू भारत यात्रा का कार्यक्रम जल्द बनाया जायेगा। उन्होने पीएम नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि वे दो घोड़ों पर सवार है, एक घोड़ा ईडी है दूसरा सीबीआई। पीएम मोदी को अब ईडी और सीबीआई से केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे के खिलाफ भी जांच कराना चाहिए। जिसका वीडियो सामने आया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि कई करोड़ रुपए का व्यापार हो रहा है। बिना कारण हमारे मुख्यमंत्री ईडी-सीबीआई के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर अगर कार्रवाई होती है तो वह सही है।

जब भाजपा नेताओं के वीडियो सामने आते हैं तो कहा जाता साजिश है। भाजपा सरकारी एजेंसियों का जिस तरह से दुरुपयोग कर रही है वो लोकतंत्र के लिए बहुत ही खतरा जनक है। हमारे प्रधानमंत्री प्रतिशोध की राजनीति कर रहे है, लेकिन जब 3 दिसम्बर को मध्यप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान की जनता भारतीय जनता पार्टी को जबाव देगी। उन्होंने पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा कांग्रेस के विरोध में दिए गए बयान पर कहा कि हमारा जो गठबंधन बना है वह लोकसभा चुनाव के लिए है न कि विधानसभा के लिए। चुनाव खत्म होने के बाद एक फिर महागठबंधन के सभी वरिष्ठ नेता बैठक करके भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने की रणनीति बनाएगें।

### 9 नवंबर को राहुल गांधी आयेंगे

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी जबलपुर के चुनावी समर में 9 नवंबर को शामिल होंगे। पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी जबलपुर के पश्चिम विधान सभा और पूर्व विधानसभा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने प्रवास के शुरूआत में त्रिपुर चौक से अपनी पैदल पद यात्रा शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही संभावना जताई जा रही है कि श्री गांधी नर्मदा की पूजा करेंगे। इसे लेकर पार्टी स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। वहीं पूर्व क्षेत्र सुब्बाशाह मैदान में राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके इस दौरे से जबलपुर की आठ सीटों के अलावा आसपास की सीटों पर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में मदद मिलेगी साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।



# अब जबलपुर में एनसीसीएफ बेचेगी 25 रुपए किलो प्याज

## इंदौर, भोपाल, उज्जैन में चल रही है बिक्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र में प्याज की बढ़ी कीमतों से आमजन को राहत दिलाने के लिए नेशनल को-आपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) अब जबलपुर मंगलवार से प्याज बेचेगा। इंदौर, भोपाल, उज्जैन संभाग में 30 अक्टूबर से ही प्याज की बिक्री की जा रही है। सिर्फ भोपाल व इंदौर में 7 दिन में 72 टन प्याज बेची जा चुकी है। बताया गया है कि करीब एक माह के अंतराल में प्याज के दाम आमजन की आंखो से आंसू निकाल रहे है, फुटकर में ही प्याज 60 से 80 रुपए किलो बिक रही है। प्याज के बढ़ते दामों को देखते हुए एनसीसीएफ ने 30 अक्टूबर से सस्ते दाम पर प्याज बेचना शुरू की। बिक्री के चलते बाजार में प्याज के दामों में गिरावट शुरु हो गई और प्याज के दाम 30 से 50 रुपए तक आ गए। एनसीसीएफ के अधिकारियों की माने तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, देवास व सीहोर में सस्ते दामों पर प्याज की बिक्री की जा रही है. अब मंगलवार से जबलपुर में भी 25 रुपए किलो के हिसाब से प्याज बेची जाएगी, जिससे आमजन को राहत मिल सके। जबलपुर में में प्याज के दाम अभी भी आसमान छू रहे है, यहां पर प्याज 60 से 80 रुपए किलो बिक रही है।

उल्लेखनीय है कि अभी भोपाल के करोंद, महात्मा गांधी चौराहा बरखेड़ा, अयोध्या बायपास, बोर्ड ऑफिस चौराहा, भीमनगर, कोलार, एमपी नगर जोन-2, अरेरा हिल्स, ऋषिपुरम, बरखेड़ा पठानी, अन्नानगर, कस्तूरबा नगर, चूना भटटी, बिटटल मार्केट, अशोका गार्डन व अशोका बिहार में कम रेट पर प्याज बेची जा रही है। यहां लोडिंग गाडि़यों में प्याज भरकर ले जा रहे हैं। एमपी नगर जोन-2 में ऑफिस के बाहर रीटेल काउंटर लगाया गया है। सात दिन में 36 टन प्याज बेच चुके हैं। आने वाले दिनों में गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। प्रबंधक सिंह ने बताया कि मार्केट में प्याज के रेट जब तक कम नहीं हो जाते तब तक रियायती दर पर बाजार में बेची जाएगी।

# स्मैट इंटरप्राइजेज में गोदरेज फर्नीचरों पर दिवाली ऑफर

## त्यौहारी सीजन में फर्नीचरों की आकर्षक रेंज

**जबलपुर, देशबन्धु।** एकता नगर, बस स्टॉप के समीप व शंभू अपार्टमेंट के पास स्थित गोदरेज इंटीरियो के अधिकृत विक्रेता स्मैट इंटरप्राइजेज ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए गोदरेज फर्नीचरों की आकर्षक रेंज ग्राहकों के लिए पेश की है।

दिवाली पर्व के शुभ मौके पर ग्राहकों को स्पेशल यानि विशेष छूट के ऑफर दिए जा रहे है। स्मैट इंटरप्राइजेज शोरूम के संचालक शरद माथुर ने बताया कि दिवाली पर्व के शुभ मौके पर ग्राहकों को फर्नीचर व तिजोरी पर आकर्षक छूट के ऑफर दिए जा रहे है। इस ऑफर के तहत अलग-अलग 15 से 20 प्रतिशत तक स्पेशल डिस्काउंट दिया जा रहा है। श्री माथुर ने बताया सोफा व अलमारी में कस्टूमाइज्ड साल्यूशन की सुविधा भी ग्राहकों के लिए पेश की गई है। स्मैट इंटरप्राइजेज शोरूम में ग्राहकों के लिए पंलग, डायनिंग टेबिल, अलमारी, सोफा सहित फर्नीचरों की संपूर्ण आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा दिवाली ऑफर के तहत गोदरेज सिक्योरिटी ने भी विशेष डिस्टकाउंट के ऑफर ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराए हैं।



श्री माथुर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि स्मैट इंटरप्राइजेज विगत 20 वर्षो से नामीगिरामी कंपनी गोदरेज के डीलर के रूप में संचालित हो रहा है। हमारा प्रमुख ध्येय सदैव यही रहा है कि ग्राहकों उचित दामों पर उच्च गुणवत्ता के उत्पाद पूर्ण संतुष्टि के साथ उपलब्ध कराये जाएं। यही वजह है कि स्मैट इंटरप्राइजेज की संस्कारधानी में अपनी एक अलग पहचान है।



# बाघों की लड़ाई में शावक घायल

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले में जंगली जानवरों का आना-जाना आम हो गया है। जिले की सीमा बांधवगढ़ नेशनल पार्क एवं संजय गांधी टाइगर रिजर्व से लगी हुई है, जिसकी वजह से आए दिन जंगली जानवर यहां आ जाते हैं। वन विभाग ने एक बाघ शावक को घायल अवस्था में पड़ा देखा। जो आपसी लड़ाई में घायल हुआ है।

डीएफओ गौरव चौधरी ने बताया कि लखनपुरा बीट से लगे बरना गांव के पास शनिवार की रात बाघों के दहाड़ने की आवाज आई थी। सूचना पर सर्चिंग कराई गई, जिसमें दो वर्ष का बाघ शावक घायल अवस्था में मिला। शावक पर यह हमला बाघों की आपसी लड़ाई का नतीजा था। सोमवार सुबह बांधवगढ़ से टीम बुलाई गई। जिसने घायल बाघ को सुरक्षित करने ट्रंकुलाइज कर उसका उपचार किया गया। रेस्क्यू का कार्य सुबह 10 बजे से शाम करीब 5.30 बजे तक चला। उन्होंने बताया कि घायल शावक को बांधवगढ़ ले जाया गया है, जहां से मुकुंदपुर में शिफ्ट किया जाएगा। बाघों के मूवमेंट के कारण वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। ग्रामीणों को भी सतर्क किया गया है रि जंगल में ना जाएं और अंधेरे में घरों से बाहर ना निकलें। ग्रामीण काफी दहशत में वहां रात गुजार रहे हैं।

# सेंट्रल जीएसटी ने कसा शिकंजा, बरेला पहुंची टीम

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। राज्य गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) के बाद सेंट्रल जीएसटी की फ्लाइंग स्क्वॉड भी एक्शन में आ गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। (जीएसटी) के बाद सेंट्रल जीएसटी की फ्लाइंग स्क्वॉड भी एक्शन में आ गई है। रविवार की सुबह 6 बजे से सेंट्रल जीएसटी की फ्लाइंग स्क्वॉड ने बरेला टोल नाके के पास डेरा जमा लिया। टीम के मेंबर छत्तीसगढ़ से आने वाले माल वाहकों की पड़ताल की। हर वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई।

टीम को कुछ इनपुट मिले थे कि छत्तीसगढ़ से चोरी- छिपे लोहे के सरिए बिना जीएसटी जमा किए जबलपुर व अन्य शहरों में भेजे जा रहे हैं। सूचनाओं को संज्ञान में लेते हुए सेंट्रल जीएसटी की टीम ने सुबह-सुबह ही बरेला- रायपुर हाइवे पर जा पहुंची।


FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS)
12Th Fail 11:30 AM 01:45 PM 05:30 PM 10:00 PM
Garudan IN MALYALAM 07:30 PM
Lakeerein 03:00 PM
Aankh Micholi 11:30 AM 02:15 PM 08:15 PM 10:15 PM
Maa Oori Polimera 2 IN TELEGU 05:00 PM
Leo IN HINDI 11:15 AM 04:30 PM 10:00 PM
Tejas 03:30 PM
Ut 69 06:00 PM 10:45 PM
The Ladykiller 07:30 PM

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 74
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
J.B.F.A.
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 78
मुर्गा जम्बो - रु. 70
मो.-9039925000, 9425800409

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com




महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु ५५ जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल
सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
● कमर एवं पेट दर्द
● मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
● योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
● शारीरिक एवं मानसिक थकावट
● भूख न लगना ● चक्कर आना
● खून की कमी ● नींद न आना
● बेचैनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारंभ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध




कंटगी नगर परिषद
अध्यक्ष योगेन्द्र ( बड्डू ) ठाकुर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
योगेन्द्र ठाकुर
राजेश कड़वे | दीपक गुप्ता | विनय डोगरे | सेवेद्र देशमुख | हितेश पटले
विनीत-
राजेश कड़वे, दीपक गुप्ता, विनय डोगरे, सेवेद्र देशमुख, हितेश पटले एवं समस्त मित्रगण कटंगी बालाघाट

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496